संसेक्स 73,088.33 ▲ +599.34
डॉलर 83.432 ▼ -0.127

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 39.0 | 24.0 | 36.0 |
| धनबाद | 41.0 | 26.0 | 36.0 |
| जमशेदपुर | 44.0 | 26.0 | 38.0 |
| पलामू | 42.0 | 26.0 | 38.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





डालटनगंज (मेदिनीनगर), चैत्र शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2081 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 20 अप्रैल 2024, वर्ष-30, अंक- 182, पृष्ठ-12, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय क्या कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिलें ... 8


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


भाजपा सरकार न झुकती है, न किसी से ...10 देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 72,530
चांदी (1 किलो) 83,300

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 82923 73444 संपर्क करें।


# बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पहली बार उत्साह व निर्भीक होकर मतदान करेंगे मतदाता : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के अति दुर्गम क्षेत्र अवस्थित बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के मतदाता लोकसभा चुनाव 2024 में पूरे उत्साह के माहौल में मतदान करेंगे। इसके लिए इस क्षेत्र में भयमुक्त वातावरण बना है। क्षेत्र सुरक्षित हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार में कही। वे आज बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातु स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी करीब 3:30 किलोमीटर मोटरसाइकिल से सफर कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने



मतदान केंद्र पर तैनात बीएलओ/पर्यवेक्षक एवं स्थानीय मतदाताओं से बातचीत की। उनकी समस्याओं को सुना। मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय एवं अन्य न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दिन भयमुक्त होकर मत देने का अपील किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हालात अब बदले हैं। सुरक्षा बलों एवं जवानों की मेहनत से यह क्षेत्र भयमुक्त हुआ है और शांति व्यवस्था कायम हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि इन क्षेत्रों में पहले शेष पृष्ठ 11 पर



पलामू लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को आज सिंबल मिल गया। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वीडी राम को सिंबल सौंपा। इस मौके पर वीडी राम के साथ प्रफूल्ल कुमार सिंह समेत कई नेता मौजूद थे। सिंबल मिलने के बाद भाजपा प्रत्याशी श्री राम काफी प्रसन्नचित दिखे।

## एक नजर

### झारखंड के चतरा में एनटीपीसी प्लांट में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**चतरा।** राज्य के चतरा जिले के टंडवा में संचालित एनटीपीसी प्लांट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। घटना की वजह से प्लांट में चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए एनटीपीसी के जीएम ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया है। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग लगने और कोयले की लपटों से पूरा इलाका धुएं से भर गया है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को धुएं से सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा कि घटना के लगभग 45 मिनट बीत जाने पर भी आग बुझाया नहीं जा सका है।

# जैक 10वीं के रिजल्ट में लड़कियों का परचम, ज्योत्सना ज्योति टॉपर

- टॉपर इंदिरा गांधी विद्यालय हजारीबाग की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले
- सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले
- मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की, फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड टॉपर रहीं लड़कियां

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। रिजल्ट में छात्राओं ने काफी बेहतर प्रदर्शन करते हुए प्रथम तीन स्थानों पर कब्जा जमाया। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मैट्रिक परीक्षा में 4,21,678 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 3,38,398 (90.39 फीसदी) पास हुए हैं। परीक्षा में 2,05,110 परीक्षार्थी (54.20 फीसदी) फर्स्ट डिवीजन जबकि 1,53,733 (40.65 फीसदी) सेकेंड डिवीजन और 19,555 (5.17 फीसदी) थर्ड डिवीजन से पास हुए हैं। परीक्षा में 91 प्रतिशत लड़कियां और 89.7 प्रतिशत लड़के सफल हुए हैं। जमशेदपुर का रिजल्ट सबसे अच्छा 94 प्रतिशत रहा जबकि 84.5 फीसदी के साथ देवघर का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। पिछले साल (2023) मैट्रिक की परीक्षा में 95.38 फीसदी रिजल्ट रहा था। झारखंड शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह, माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता, झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार महतो शेष पृष्ठ 11 पर





### मुख्यमंत्री ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को बधाई दी



**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। मैट्रिक परीक्षा में 90.39 फीसदी बच्चों ने सफलता हासिल की है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने मैट्रिक की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। शेष पृष्ठ 11 पर

### गिद्धौर की ज्योत्सना राज्य में रही प्रथम



**चतरा।** जिले के गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत पांडेयबागी निवासी सह शिक्षक राजेंद्र दास की पुत्री ज्योत्सना ज्योति ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची की 10 बोर्ड परीक्षा 2024 में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया है। मैट्रिक परीक्षा परिणाम शुक्रवार को जारी किया गया। जिसमें राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त की है ज्योत्सना ने। इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से ज्योत्सना ने मैट्रिक की परीक्षा लिखी थी। सफलता पाए जाने पर ज्योत्सना ज्योति ने इसका श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। जबकि माता किरण देवी व पिता शिक्षक राजेंद्र दास ने बताया की ज्योत्सना शुरू से ही मेघावी है। इसकी सफलता से गांव, प्रखंड व जिला में हर्ष का माहौल है। लोग घर पहुंचकर उसे बधाई दे रहे हैं।

# धोनी से धोखाधड़ी के मामले में आरोपियों को समन

### कोर्ट ने धोनी को भी दस्तावेज पेश करने को कहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ दर्ज कराए गए 15 करोड़ की धोखाधड़ी के मुकदमे में रांची की सिविल कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ समन जारी करते हुए 4 मई को अदालत में पक्ष रखने का निर्देश दिया है। इसके अलावा महेंद्र सिंह धोनी के प्रतिनिधि को इस मामले से संबंधित दस्तावेज अगली सुनवाई में पेश करने को कहा गया है। धोनी की तरफ से उनके प्रतिनिधि सीमांत लोहानी उर्फ चित्तू की ओर से 5 जनवरी को दर्ज कराए गए शिकायतवाद के अनुसार, अरका स्पोर्ट्स मैनेजमेंट कंपनी के साथ महेंद्र सिंह धोनी ने ग्लोबल लेवल पर क्रिकेट एकेडमी की स्थापना को लेकर 2017 में करार किया था। दोनों पक्षों के बीच जो एग्रीमेंट हुआ, उसके मुताबिक अरका स्पोर्ट्स की ओर से धोनी को फ्रेंचाइजी शुल्क मिलना था और इसके अलावा प्रॉफिट का हिस्सा भी शेयर किया जाना था। लेकिन, करार की शर्तों का पालन नहीं करने पर उन्होंने कंपनी को कई नोटिस दिए थे। जवाब नहीं मिलने पर धोनी ने अरका स्पोर्ट्स को 15 अगस्त 2021 को भेजे गए नोटिस के साथ ही उसे दिया गया अधिकार रद्द कर दिया गया था। इस शिकायत के आधार पर कंपनी के दो प्रमुख निदेशकों मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ था। धोनी की ओर से कहा गया है कि करार का पालन नहीं किए जाने से उन्हें करोड़ों का नुकसान हुआ है।

## आज के मैच




समय : 19 अप्रैल, 7:30 बजे से
स्थान : लखनऊ

## आजकल




# 30 को नौसेना प्रमुख का पदभार संभालेंगे वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का अगला अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। वह वर्तमान में नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। मौजूदा नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल की दोपहर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए वाइस एडमिरल त्रिपाठी उसी दिन नए नेवी चीफ के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। नौसेना में अब तक उनकी लगभग 39 वर्षों की विशिष्ट सेवा रही है। उन्हें संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञता हासिल है। नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल और नौसेना मेडल से नवाजा जा चुका है। वाइस एडमिरल डीके त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिनमें पश्चिमी बेड़े के संचालन अधिकारी, नौसेना शेष पृष्ठ 11 पर

### 22अप्रैल से शुरू होंगे भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन

**रांची।** लोकसभा चुनाव केलिए चौथे चरण के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। झारखंड में चौथे से सातवें तक 14लोकसभा सीट पर चुनाव संपन्न होंगे। भाजपा के चौथे चरण में शामिल क्षेत्र सिंहभूम ,खूंटी,लोहरदगा और पलामू के उम्मीदवारों की नामांकन प्रक्रिया 22 अप्रैल से शुरू होगी। 22 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा, 23अप्रैल को खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा एवम 24अप्रैल को लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव और पलामू लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बीडी राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे।

# पहले चरण में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में शुक्रवार को 21 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर लगभग शांतिपूर्ण रहा। मतदान का आंकड़ा 60 प्रतिशत से अधिक रहा। आंकड़ों का मिलान किया जा रहा है और यह आंकड़ा आधा-एक प्रतिशत तक बढ़ सकता है। त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और असम में 70 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। इसके साथ ही सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की राज्य विधानसभाओं और 18वीं लोकसभा के लिए 10 राज्यों



व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान प्रक्रिया पूरी हो गई।

चुनाव आयोग के अनुसार पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश की सभी दो सीटों पर 66.21, असम की 14 सीटों पर 71.56, बिहार की चार सीटों पर 47.74, छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर 63.41, मध्य प्रदेश की छह सीटों पर 63.50, महाराष्ट्र की पांच सीटों पर 55.35, मणिपुर की दो सीटों पर 68.81, मेघालय की सभी दो सीट पर 73.89, मिजोरम की एक सीट पर 54.23, नगालैंड की एक सीट शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# क्या चुनाव को प्रभावित कर पाएगा डीपफेक ?



सुनील बादल

**चुनाव** में हारने वाले दल या उम्मीदवार अक्सर इवीएम पर सवाल उठाते हैं और चुनाव आयोग को उन्हें बार-बार समझाना पड़ता है कि इवीएम को किसी भी प्रकार से हैक या उसके साथ किसी भी तरह से हेराफेरी नहीं की जा सकती पर अब एक नई समस्या चुनाव आयोग के सामने चुनौती बनकर आने वाली है वह है कृत्रिम मेधा यानी एआई के इस्तेमाल से झूठे ऑडियो या वीडियो(डीपफेक) से चुनाव को प्रभावित करने से रोकने की । आज कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने चुनाव आयोग से इसपर लगाने की मांग भी की है । भारत में सुंदर महिलाओं के नकली फोटो लगे फेसबुक एकाउंट के साथ पूर्व के मित्रों के नाम पर बने फर्जी एकाउंट से थोक भाव में फ्रेंड रिक्वेस्ट जिस तरह से आ रही है ये उसी खतरे का संकेत है । जिस तरह के मामले भारत के अलावा विश्व में देखने को आ रहे हैं उससे इस बात का डर हो उत्पन्न हो गया डीपफेक चुनावी वर्ष 2024 में बड़ी समस्या बनने वाला है। डीपफेक तैयार करने के लिए जिस तकनीक की जरूरत पड़ती है, वह आज न सिर्फ पहले की तुलना में आसानी से उपलब्ध है, बल्कि कम लागत या कीमत में भी उपलब्ध है। इसके लिए जेनरेटिव एआई या कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल किया जाता है। जेनरेटिव एआई की सहायता से किसी भी शैली और किसी भी भाषा में ई-मेल लिखे जा सकते हैं। ऐसे में, इसकी कोई गारंटी नहीं कि सीएफओ की तरफ से आए ई-मेल वाकई उन्होंने ही लिखे हैं। ऐसे में, आश्चर्य नहीं कि सिलिकॉन वैली के अनेक लोग बगैर विराम चिह्नों के पोस्ट लिख रहे हैं- अभी तक यही एक तरीका दिख रहा है, जिससे पता चल सकता है कि इसमें एआई की मदद नहीं ली गई है।



लिखित सामग्री को जांचने का खतरा तो है ही, लेकिन 2024 में असली खतरा आवाज और वीडियो से होगा। इलेवनलैब्स जैसी वॉयस क्लोनिंग सर्विसेज इतनी पेशेवर हैं कि वे हू-ब-हू आवाजों की क्लोनिंग कर लेती हैं। आवाज को जांचने की तकनीक जल्दी ही बेकाम की हो जाएगी। वॉयस मेल विश्वसनीय नहीं है। अगर किसी आवाज की क्लोनिंग करा ली गई है, तो जो भी पाठ मैं चुना जाएगा, वह उसी ही आवाज में बोलेगा। इसका एक बड़ा खतरा है-गलत हाथों में चले जाने पर वह आवाज किसी बड़े नेता के स्वर में न जाने क्या-क्या बोल डाले।इस लिहाज से ऑडियो पर तो ध्यान रखना ही होगा, लेकिन डीपफेक वीडियो ज्यादा महत्वपूर्ण साबित होने जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उसकी ही आवाज में सुने जाने पर भ्रम पैदा होगा। जो उसने नहीं कहा, वीडियो में उसे भी कहते देखा जाएगा। जो उसने नहीं किया, वीडियो में वह करते भी उसे देखा जाएगा। ऐसे में, जाहिर है, गलतफहमी, असमंजस और भ्रम की स्थिति से नफरत पैदा होगी।भावनाओं पर आधारित भारतीय राजनीति के दांव पेंच में इसका बहुत ही बड़ा जोखिम है। इससे कॉरपोरेट जासूसी और भयादोहन को बल मिलेगा। वर्ष 2024 में दुनिया की आधी से अधिक आबादी चुनावों में हिस्सा लेगी। अमेरिका के अलावा भारत, इंडोनेशिया, मेक्सिको, रूस और ब्रिटेन सहित कई देशों में चुनाव होने वाले हैं। हर चुनाव में डीपफेक वीडियो बड़ी भूमिका निभाएंगे। मतदाताओं में व्याप्त भ्रम का असर चुनावी नतीजों पर भी पड़ सकता है। यूक्रेन और गाजा के मोर्चों पर डीपफेक वीडियो पहले ही पहुंच चुके हैं, जिससे फैसले उन घटनाओं के आधार पर लिए जा रहे हैं, जो कभी घटी ही नहीं। चुनावी धोखाधड़ी, कॉरपोरेट ब्लैकमेलिंग, बाजारों को अपने हितों के अनुरूप चालित करने और डीपफेक के कारण साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरे के मामले वर्ष 2024 में बढ़ेंगे। ऐसे में, यह चर्चा, चिंता और लड़ाई सतत बनी रहेगी कि कोई लिखित सामग्री, कोई तस्वीर, कोई ऑडियो क्लिप या कोई वीडियो असली है या फर्जी। इससे एक बड़ा खतरा यह भी है सच को भी लोग कहीं झूठ न मान लें। भारत जैसे भावुक और जाति-धर्म के नाम पर संवेदनशील देश में इससे आग लगाकर चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश पर निष्पक्षता के लिए चुनाव आयोग कैसे रोक लगा पाएगा यह किसी चुनौती से कम नहीं और भारत के साइबर विशेषज्ञ इसे रोक पाएंगे इस पर भी लोगों को पूरा विश्वास है ।

# चुनाव में कहीं से हिंसा की खबर नहीं युवा हमारे ब्रांड एंबेसडर : चुनाव आयोग



**नई दिल्ली।** लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व 'लोकसभा चुनाव' शुक्रवार को प्रारंभ हो गया। चुनाव आयोग का कहना है कि 102 सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से हुआ। शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हमने बहुत मेहनत की है। सुरक्षा को लेकर बहुत तैयारी की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त का कहना है कि अधिकांश राज्यों में हिंसा की कोई खर नहीं मिली है पश्चिम बंगाल और मणिपुर में हिंसा की छिटपुछ घटनाओं की सूचना मिली है। सीईसी ने ये भी बताया कि इस बार ये देखकर काफी खुशी हुई कि युवा बढ़ चढ़ कर इस चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। युवा हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं और वह जब बूथ पर आते हैं तो अकेले नहीं होते। वह खुद भी जागरूक हो रहे हैं और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए लगातार स्कूल, कॉलेज और अन्य जगहों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए हैं। गौरतलब है कि इस बार लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने वाले युवा मतदाता की संख्या 1.8 करोड़ है। भारतीय चुनाव आयोग के मुताबिक, ये संख्या और भी बढ़ सकती है। इस बार चुनाव आयोग को 13 लाख 40 हजार उन युवाओं के फॉर्म मिले हैं, जिनकी उम्र अभी 18 साल नहीं हुई शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### बसपा ने की छेड़छाड़ के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**छतरपुर।** पलामू जिला बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने छतरपुर के चहलथान में दलित महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व मारपीट की घटना को कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार से मिलने के दौरान जो बात सामने आयी है। वह बहुत ही निंदनीय है। पूर्व में इसी यादव परिवार के लोगों के द्वारा गोपाल राम के पिता मराछु राम को ढोल नहीं बजाने की पर 2011 में सामाजिक बहिष्कार तथा मारपीट की गई थी और 5000 के आर्थिक दण्ड लगाया गया था। हद तो तब हो गई की चीरू पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव के द्वारा पीड़ित दलित परिवार का किसी तरह के इस घटना में सहयोग नहीं किया गया। मुखिया पति के द्वारा समझौता करने के लिए पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी ने थाना प्रभारी, डीएसपी व पलामू से मांग करती है। सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करें। अन्यथा बाध्य हो कर पार्टी छतरपुर थाना घेराव करेगी। शिष्ट मंडल में सुदर्शन राम, सुहैल हक, अजय कुमार, अमृत कुमार, गणेश राम, वासुदेव कुमार रवि इत्यादि शामिल थे।

### खलिहान में लगी आग 250 बोझा जलकर खाक

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के विशुनपुर गांव में शुक्रवार के दोपहर किसान अरविंद सिंह के खलिहान में अचानक आग लग गयी। इससे खलिहान में रखे 150 बोझा गेहूं तथा 100 बोझा अरहर जलकर खाक हो गया। अगलगी की इस घटना से किसान को लगभग 70 हजार रूपए का नुकसान बताया जाता है। हालांकि अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पीड़ित किसान ने अंचल प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### औरंगाबाद में लोस चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

# बॉर्डर इलाकों में की जा रही सघन छापेमारी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिला में शुक्रवार को लोकसभा चुनाव को लेकर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में बिहार सीमा से सटे हुए सभी चेकपोस्ट बनाकर सीमा को सील कर दिया गया है। एसडीएम पीयूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बिहार में शराब बंदी होने के कारण हुसैनाबाद के रास्ते बिहार में शराब कारोबारियों पर पैनी नजर रखते हुए चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि बिहार में शराब की खेप नहीं पहुंच सकें। हुसैनाबाद थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि अंतरराज्यीय चेकपोस्ट बिहार सीमा से सटे जपला नवीनगर रोड एवं जपला दंगवार स्थान पर बॉर्डर को सील किया गया है। दंगवार ओपी प्रभारी संजय यादव ने बताया कि चुनाव को लेकर दंगवार ओपी से सटे बिहार बॉर्डर को सील किया गया है। ताकि किसी भी तरह का अवैध सामान बिहार नहीं ले जाया जा सकें।

**रफ्तार का कहर**

# कंडा घाटी में वाहन के धक्के से युवक की मौत

### शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर जा रहा था





**हरिहरगंज/नावाबाजार।** हरिहरगंज निवासी राजेश विश्वकर्मा का 30 वर्षीय पुत्र शेखर कुमार की मौत कंडा घाटी में एनएच 98 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से शुक्रवार को हो गई। मृतक का चाचा उमेश विश्वकर्मा ने बताया कि शेखर लातेहार जिला के चंदवा में एयरटेल कंपनी में सीआई के पद पर कार्यरत था। वह अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक जेएच 03 एजे 2054 से घर लौट रहा था। इस दौरान कंडा घाटी में एनएच 98 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। उधर पोस्टमार्टम के बाद शव पहुंचते ही घर में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। शव का अंतिम संस्कार बटाने नदी तट पर किया गया। युवक के असामयिक निधन पर पूर्व विधायक आजसू नेता कुशवाहा शिवपूजन मेहता, अजित कुमार सिंह, भाजपा नेता बल्लू बलराम, मुन्ना विश्वकर्मा, राजीव रंजन, चंदन जायसवाल, अजय कुमार अरविंद, बसपा के राजकुमार गौतम, प्रमोद कुमार रवि, अखिलेश विश्वकर्मा, कामदेव शर्मा, अजय शर्मा, विकास यादव, नरेंद्र विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने मृतक शोक संवेदना प्रकट किया।

### यातायात नियमों का हो रहा उल्लंघन

गाड़ियों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। लेकिन उस अनुपात में चालकों की संख्या नहीं बढ़ रही है। कल तक खेत में ट्रैक्टर चलाने वाले ड्राइवर आज पावर स्टेयरिंग व पावर ब्रेक वाली आधुनिक गाड़ियों के चालक बन बैठे। यातायात के नियमों की उन्हें न तो पूरी जानकारी ही है और न ही वे इन नियमों का अनुपालन ही कर पाते हैं। सड़कों पर गति सीमा का बोर्ड लगा दिखता है। किन्तु निर्देश के बावजूद गाड़ियों की रफ्तार बेलगाम होती है।

# 10वीं बोर्ड का परिणाम घोषित, हुसैनाबाद में शिवम, छतरपुर में कोमलऔर विश्रामपुर में सुजीत बना टॉपर



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के महुअरी पंचायत के दुल्हर गांव निवासी धीरज मेहता व शिवम कुमार पाल ने झारखंड बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में 476 अंक लाकर अनुमंडल क्षेत्र में प्रथम व जिले के टॉप टेन में स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दुल्हर गांव निवासी किसान कुलदीप मेहता व झुबली देवी के छोटे पुत्र धीरज मेहता ने स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से मैट्रिक की परीक्षा दी थी। बोर्ड द्वारा जारी परिणाम में 95.02 अंक अर्जित किया है। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देते हुए धीरज ने बताया कि ईमानदारी पूर्वक मेहनत करने पर निश्चित तौर पर बेहतर सफलता मिलती है। आगे वह इंजीनियरिंग की क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहता है। धीरज की सफलता पर उसके पिता कुलदीप मेहता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि वह शुरू से ही अपने कार्यो के प्रति सजग रहा है। मुझे उम्मीद थी कि अच्छा अंक प्राप्त करेगा। वही बैराव के अखिलेश पाल व चंदमुनि देवी के पुत्र शिवम कुमार पाल ने भी 476 अंक लाकर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस सफलता पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी, समाजसेवी बिमलेश पासवान,नीरज मेहता, सरस्वती बिद्या मंदिर के प्रधानाचार्य कुश पांडेय,सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ. शिव प्रसाद मेहता,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा,शिक्षक राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, हर्षदा चौबे,छाया कुमारी, सुनील कुमार समेत विद्यालय के सभी शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### 10वीं की परीक्षा में प्रखंड टॉप रही कोमल




**छतरपुर।** प्रखंड के सुनार मुहल्ला निवासी किशोर कुमार उर्फ डब्लू की पुत्री कव्वल बास बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा कोमल कुमारी ने 10वीं की परीक्षा में 94.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय के साथ -साथ छतरपुर में टॉप किया है। कोमल छतरपुर में 10वीं की परीक्षा में टॉप कर अव्वल रही। वहीं कोमल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षक को दिया है। वहीं कोमल ने रिजल्ट देखते ही अपनी माता-पिता का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। लोगों ने उसे मिठाई खिलाकर उसे उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हरिहरगंज की दो छात्राएं जिला टॉप टेन में शामिल



**हरिहरगंज।** पलामू जिले में मैट्रिक की परीक्षा में हरिहरगंज बालिका उच्च विद्यालय के दो छात्राएं जिला टॉप टेन में स्थान प्राप्त किया है. इनमें न्यू बस स्टैंड निवासी सुनील कुमार के पुत्री तृषा कुमारी 94.4 प्रतिशत 472 अंक प्राप्त कर सातवां तथा सियरभूका मोहल्ला निवासी मनोज मेहता के पुत्री सुहानी कुमारी 94.2 प्रतिशत 471 आंक लाकर आठवां स्थान प्राप्त किया है। तृषा कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता तथा विद्यालय के शिक्षकों को दिया है। तृषा कुमारी एनडीए की तैयारी कर रक्षा सेवा में जाना चाहती है। वहीं, सुहानी कुमारी नीट परीक्षा में सफलता पाने का लक्ष्य रखा है। उसने इस परीक्षा की सफलता का श्रेय माता-पिता सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों तथा इन्नोवेटिव और स्मार्ट क्लासेस के शिक्षकों को दी है। दोनों छात्रों की सफलता पर बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह हर्ष व्यक्त करते हुए इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत, सुजीत बना टॉपर



**विश्रामपुर।** रेहला ज्ञान दीप कॉन्वेंट स्कूल का मैट्रिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल के संस्थापक अवध बिहारी पांडेय ने बताया कि इस बार स्कूल से कुल 62 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था। जिसमे से 56 अ+ के साथ उत्तीर्ण हुए। वहीं छः छात्र अ श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सुजीत कुमार 91.4 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर बना। वहीं खुशी कुमारी 91.2 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और फरहान 90.6 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। श्री पांडेय ने कहा कि सभी टॉपरों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

# रामनवमी के शोभा यात्रा में चैंपियन फ्रेंड्स क्लब की झांकी को मिला पहला पुरस्कार



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** रामनवमी के अवसर पर गुरुवार की रात को हुसैनाबाद रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में जपला छठ पोखरा के समीप आयोजित रामनवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री रामनवमी के मौके पर हुसैनाबाद के विभिन्न अखाड़ा कमेटियों द्वारा निकाली गई झांकियां इस वर्ष आकर्षण की मुख्य केंद्र रही। महासमिति हुसैनाबाद के द्वारा वर्षों से अखाड़ा समितियों का स्वागत अभिनंदन एवं शौर्य प्रदर्शन समारोह का आयोजन किया जाता रहा है। रामनवमी के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों के द्वारा भव्य जुलूस तथा सुंदर झांकियां निकाली गई। उद्घाटन समारोह में बतौर उद्घाटनकर्ता ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कश्यप ने और संचालन सचिन आनंद ने किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की रामनवमी खास है, क्योंकि विगत 550 वर्षो बाद भगवान श्रीराम को अयोध्या में विराजमान हुए है। इस मौके पर झांकी व शौर्य प्रदर्शन के लिए सभी को सम्मानित किया गया। झांकी प्रदर्शन में प्रथम स्थान मधुशाला रोड चैंपियन फ्रेंड क्लब और हनुमान जी की भूमिका निभाने वाले को द्वितीय पुरस्कार मिला। साथ ही विभिन्न प्रतिभागियों को शील्ड एवं मेडल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता विनोद सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण कुमार, रामनवमी पूजा महासमिति के संयोजक लोकनाथ केशरी, सचिव संतोष कश्यप, जिला संघचालक दिनेश कश्यप, अजय गुप्ता, उपेंद्र ,अरुण विश्वकर्मा, लव सिंह, रंजीत कुमार गुप्ता, रवि रंजन कुमार, महेंद्र साव, शिवपूजन चौधरी, सतेंद्र यादव, कामता प्रसाद, बशिष्ट सिंह, राजेंद्र पाल, उदय सोनी , संतोष मेहता, चैंपियन फ्रेंड्स क्लब मधुशाला रोड जपला भूमिका में विकास कुमार, पंकज कुमार, श्रीराम के रूप में सुरेंद्र कुमार, माता सीता के रूप में नीलू कुमारी, बजरंगी के रूप में दिलीप कुमार, संजय कुमार, रमेश, घनश्याम, पीयूष कुमार सोनू कुमार, प्रदीप कुमार, प्रतीक कुमार के अलावा विभिन्न अखाड़ों के सदस्य मौजूद थे।

# भाजपा नेताओं ने नप के कई गांवों का किया भ्रमण, नामांकन में चलने का दिया आमंत्रण



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को विश्रामपुर नगर परिषद के कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने ग्रामीणों को निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में चलने का आमंत्रण दिया। यहां बताते चलें कि आगामी 24 अप्रैल को भाजपा प्रत्यासी विष्णु दयाल राम अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने बताया कि नप के सभी वार्डों और प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान चल रहा है। अभियान के दौरान भाजपा नेता कार्यकर्ता आम लोगों से नामांकन कार्यक्रम में चलने का अपील कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन के बाद मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में जनसभा भी होगा। जिसमे भाजपा के कई प्रादेशिक और केंद्रीय नेता शामिल होंगे। श्री पांडेय ने दावा किया कि जनसभा में काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, रामसारिख पांडेय, नरसिंह चौबे, विकाश चौबे उर्फ मिंटू चौबे, कयास चौधरी, उपेन्द्र तिवारी, राधा कृष्ण साव सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# एकादशी पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड सह बाजार मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक रुप में चैत्र मास शुक्ल पक्ष की एकादशी शुक्रवार को दूसरे पहर लहराते भगवा ध्वज के बीच जयश्री राम, लाल लंगोटी लाल निशान, जय बजरंगी जय हनुमान, रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी ....., आदि उदघोष व भज कीर्तन के साथ राम मंदिर से रामनवमी की शोभायात्रा सह विसर्जन जुलूस निकाली गई। जिसमें शामिल रामभक्तों ने नाना प्रकार की झांकियों का पूरे उल्लास के साथ प्रदर्शन किया। इससे पूर्व भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह, रामनवमी समिति संरक्षक संतोष कुमार सिंह, अभिराज गुप्ता अध्यक्ष, राहुल सिंह उपाध्यक्ष के अलावे कार्यकारणी के डॉ. अजय जयसवाल, उपमुखिया पवन कुमार, नंदलाल प्रसाद, राकेश कुमार, मुकेश कुमार मेहता, रत्नेश कुमार, आलोक कुमार, मनीराज, आशीष व रंजन मोदनवाल, मंटू मेहता, अर्जुन प्रजापति, सोनल सिंह, सोनू सिंह, सुनील सिंह, सोनू गुप्ता, विजय प्रसाद, ओमप्रकाश बाला जी, रामप्रवेश मेहता, संतन चौधरी, दीपक कुमार, अरुण कुमार, आशीष कुमार सहित सैकड़ों युवा रामभक्तों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महावीरी ध्वज का पूजन, हवन संबधित अखाड़ा में कराया। वाहनों की लगी कतारें के बीच खेल तमाशे में लीन सैकड़ों स्थानीय कलाकारों ने नाना प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन किया। इस जुलूस व शोभायात्रा में शहर के अलावे समीपवर्ती बुद्धबिगहा, बगीचा, ब्रह्मस्थान, करीमनडीह, कोईरियाडीह, शिवस्थान आदि जगहों के अखाड़ा समिति सदस्यों ने सिर में केसरिया पट्टी बांधें महावीरी झंडें के साथ शामिल होकर भक्तिमय व राममय का वातावरण किया। ढ़ोल, तासे, सिंघा, नगाड़ा, डमरु, झंझरी, बैंजू की धुन पर कई भक्ति गीतों से नगर गूंजता रहा। जुलूस चौक बाजार राममंदिर से प्रारंभ होकर बैंक रोड, जवाहर पथ, बस स्टैंड से वापस मेन रोड होते दक्षिण सदाबह नदी स्थित बड़ा शिवालय पहुंचने के बाद देर शाम विसर्जित किया जायेगा। वहीं सुरक्षा व शांति व्यवस्था में एसडीओ पियूष सिन्हा, एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो, बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, थाना प्रभारी अफजल अंसारी दलबल के साथ जुलूस मार्ग में व्यस्त व सक्रिय रहे।

# चेन्नई कमाने गए मजदूर का शव पहुंचा गांव, मातम



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित मीर मुहल्ला निवासी मुमताज खान का शव गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार के बीच कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार एक माह पूर्व मुमताज खान चेन्नई मजदूरी करने गया था। जहां तीन दिन पूर्व उसे दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। इधर मौत की सूचना परिजनों को दी गई। स्थानीय लोगों सहित नावा बाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के प्रयास व सहयोग से शव एंबुलेंस से शव शुक्रवार को गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिवार के बीच कोहराम मच गया। शव को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मौके पर नावाबाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, कांग्रेस युवा जिला सचिव मीर आरिज आलम आदि पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। विदित हो कि क्षेत्र में रोजी रोजगार की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग पलायन को विवश हैं। पलायन क्षेत्र की बड़ी समस्या बनकर रह गई है। स्थानीय युवाओं के टोली रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं।

**विवाद**

## आपसी झड़प के बाद दोनों पक्ष के दस गिरफ्तार

# कजरु कला में धारा 144 लागू

### एडीपीओ राकेश सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य है

नवीन मेल संवाददाता

**पांडू।** कजरु कला में दो गुट में उत्पन्न विवाद मामले में पुलिस ने दोनों गुटों के पांच-पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की रात विवाद में 9 बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इस संबंध में एडीपीओ आईपीएस अधिकारी राकेश सिंह ने बताया कि स्थिति सामान्य है। वहीं थाना प्रभारी सौरव सिन्हा ने बताया कि दो गुटों के आपसी विवाद का मामला है दोनों गुटों में मारपीट हुआ था, जिसे सुलझा लिया गया है। पुलिस शांति व्यवस्था बनाने के लिए तत्पर है। इधर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कजरु कला के घटना स्थल क्षेत्र में गुरुवार की रात से ही धारा 144 लगा दिया गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है। जेल भेजे गए आरोपी लोगो में ललन चौधरी, विकाश चौधरी, सोनू कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, विकाश कुमार चौधरी सभी रतनाग गांव का वहीं दूसरे पक्ष के तौफीक आलम, असगर अली, नसीम अंसारी, तौफीक अंसारी एवं अमजद अली सभी ग्राम कजरु कला के नाम शामिल है। वहीं इस घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रबंशी पांडू थाना पहुचकर स्थिति से अवगत हुए।

### पुलिस लगातार स्थिति पर रख रही पैनी नजर



कजरू कला में गश्त करती पुलिस



दो गुटों की झड़प में क्षतिग्रस्त बाइक

**पांडू ।** थाना क्षेत्र के ग्राम कजरू कला में बीते गुरुवार की शाम दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प मामले में शुक्रवार को स्थिति सामान्य रही। इधर, पांडू पुलिस लगातार बस्ती में कैंप कर निगरानी कर रही है। हिंसक वारदात में शामिल दोनों पक्षों से पांच- पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं, अन्य 30 से 40 अज्ञात लोगों की पड़ताल जारी है। बता दें कि गुरुवार की शाम ग्राम रतनाग, रबरा ग्राम के लगभग 10 मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने भगवा झंडा लगाए कजरुकला के एक धार्मिक स्थल की ओर से गुजर रहे थे। इसी बीच कुछ युवकों ने उन पर हमला करते हुए मोटरसाइकिल को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था एवं मोटरसाइकिल सवार लोगों के साथ मार पीट की गई थी। घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पांडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।

# छात्राओं को अल्बेंडाजोल खिलाकर शुरू हुआ राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ, कार्यक्रम का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार, बीपीओ मणि कुमार पाण्डेय, बिपयम पंकज पाण्डेय, बिनोद तिवारी व मिथलेश दुबे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह ने छात्राओं को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए पोषण बहुत जरूरी है। इसलिए एल्बेंडाजोल की दवा खाकर कुपोषण की कमी को दूर कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि पेट में कीड़ा होने से पोषण तत्व मर जाते हैं। जिससे बच्चों के विकास की गति रुक जाती है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत कई सैकड़ों टीम गठित कर लक्ष्य के अनुरूप कृमि का दवा खिलाकर अभियान को सफल बनाया जा रहा है। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

मतदान से ही लोकतंत्र मजबूत हो सकता है। अगर हम वोट का सही उपयोग करेंगे तो सही नेता चुन सकते हैं।

**डॉ. रोहित पांडे, मेदिनीनगर पलामू।**

## शुभम कुमार ने 473 अंक प्राप्त कर पूरे जिले में छठवां स्थान प्राप्त किया



**मेदिनीनगर।** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया है। वहीं अखिलेश शर्मा के पुत्र आदर्श शिशु विद्या निकेतन,मेदिनीनगर के छात्र शुभम कुमार ने 473 अंक प्राप्त कर पूरे जिले में छठवां स्थान प्राप्त किया है। उसकी इस सफलता पर उसके परिजनों और शिक्षकों ने उसे बधाई और शुभकामना दी है।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, स्थिति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांडू थाना क्षेत्र के निवासी कृष्णा राम का पुत्र सूर्यमणि कुमार उम्र 25 वर्ष सड़क दुर्घटना में गुरुवार की रात गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल के पिता कृष्णा राम ने बताया कि गुरुवार की शाम सूर्यमणि कुमार अपने घर से बाइक पर सवार होकर रेहला अपने रिश्तेदार के घर तिलक समारोह में जा रहे थे, तभी रास्ते में विश्रामपुर बी मोड़ के पास पीछे से एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उसे धक्का मार दिया। धक्के के कारण सूर्यमणि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मेदनीनगर सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देख देख में घायल का इलाज करवा रहे हैं।

## पलामू की चालीस मुख्य नदियां जल विहीन

**सोमू गुप्ता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले से जलसंकट की ऐसी तस्वीर सामने आ रही हैं, जिसे देख कर लोग एक बार सोचने को विवश हो जायेंगे। संकट ऐसा है कि जीवित इंसान तो पानी के लिए तरस ही रहे है। मरने के बाद भी अस्थि विसर्जन के लिए मृतक के परिजन नदियों में पानी आने की राह देख रहे है। वहीं, कई लोग थक हार कर बालू में ही अपने परिजनों की अस्थियों को दफन कर दे रहे। हिंदू मान्यता के अनुसार दाह संस्कार के पश्चात अस्थियां पानी में विसर्जित किया जाना अनिवार्य है। सूत्रों की माने तो पलामू की जीवन रेखा नदी कोयल के सूख जाने की वजह से वहां करीब चालीस लोगों का दाह संस्कार के बाद अस्थियां बालू में ही दबा दी गई। जलसंकट को लेकर सांसद प्रतिनिधि भोला पांडे ने कहा पलामू का एकमात्र नदी कोयल नदी में पानी नहीं रहने की वजह हमारे क्षेत्र के जनता को इस जल संकट से बहुत परेशानियां हो रही है, जो परिजन अस्थियां गंगा में विसर्जन करने के लिए समर्थ नहीं होते वो क्या करेंगे। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि इस समस्या से हम भली भांति अवगत हैं और इस समस्या को हम पलामू सांसद बीडी राम के समक्ष रखेंगे और पलामूवासियों को इस समस्या से जल्द ही निजात दिलवाने का कोशिश करेंगे।

अस्थि विसर्जन के लिए परिजन कर रहे बरसात का इंतजार



## छत से गिरकर बालक घायल

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम रहया गांव निवासी दिलावर अंसारी का पांच वर्षीय पुत्र दानिश छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बारे में घायल के पिता दिलावर अंसारी ने बताया कि गुरुवार की शाम शाम दानिश कुछ बच्चों के साथ अपने छत पर खेल रहा था। इसी बीच खेलते-खेलते छत से अचानक नीचे गिर गया। साथ खेल रहे है बच्चों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि बच्चा छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल है। इसके बाद बच्चे को परिजनों द्वारा इलाज के लिए मनातू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## एक नजर

### राजद से इस्तीफा देना अप्रत्याशित नहीं : चंदन प्रकाश

**छतरपुर।** पलामू पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर को राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यता से इस्तीफा देना कोई अप्रत्याशित बात नहीं, बल्कि स्वाभाविक है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। श्री सिन्हा ने कहा कि पलामू लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से विष्णु दयाल राम को उम्मीदवार बनाया गया है,जो राधा कृष्ण किशोर के रिश्तेदार हैं। ऐसी परिस्थिति में दूसरे दल में बने रहना राधा कृष्ण किशोर के लिए असंभव था और हटने का बहाना चाहिए था,जो मिल गया। यदि इन्हें पार्टी के किसी नेता से कोई दिक्कत थी तो उचित मंच पर रखनी चाहिए थी। राष्ट्रीय जनता दल के नेता गौतम सागर राणा के द्वारा दिया गया बयान किसी जाति के खिलाफ नहीं था, बल्कि विचारधारा से था।

### भाकपा प्रत्याशी ने नामांकन पत्र खरीदा



**मेदिनीनगर।** भाकपा प्रत्याशी अभय कुमार भुइयां ने शुक्रवार को नामांकन पत्र खरीदा। इस मौके पर उनके साथ रूचिर तिवारी सहित कई लोग थे।

# माध्यमिक परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित पलामू के 91.90 फीसदी परीक्षार्थी सफल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जैक की मैट्रिक परीक्षा में पलामू में 91.90 फीसदी परीक्षार्थी सफल हुए हैं। इस बार 91 प्रतिशत लड़कियां पास हुई है, जबकि 88.70 फीसदी लड़के सफल हुए हैं। राज्य में पलामू का छठा स्थान है। जबकि पिछले वर्ष राज्य में पलामू का सातवां स्थान था। इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा के लिए 33,153 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा फार्म भरा था, जिसमें परीक्षा में 32, 864 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मलित हुए थे। इस वर्ष जिले में 19,629 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 9602 परीक्षार्थी द्वितीय श्रेणी और 974 परीक्षार्थी तृतीय श्रेणी से पास हुए हैं। जबकि 2647 परीक्षार्थी मार्जिनल घोषित किये हैं। 2024 की मैट्रिक परीक्षा 16,313 छात्र और 16551 छात्राएं सफल हुए हैं। इसमें 10092 छात्र और 9539 छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास किये हैं। पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने कहा कि पिछले साल ओवर ऑल राज्य का 98 प्रतिशत रिजल्ट हुआ था,उसमें पलामू के 96.75 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए थे। इस वर्ष राज्य का ओवर ऑल रिजल्ट देखेंगे तो 94 फीसदी है,इसमें पलामू का 91.90 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल के रिजल्ट के हिसाब से इस वर्ष पांच फीसदी कम रिजल्ट हुआ है।






लातेहार से 93.23 प्रतिशत छात्र सफल हुए। वहीं गुमला से 91.866 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। गढ़वा से 91.139 प्रतिशत परीक्षार्थीी सफल हुए।

मजदूर का बेटा शुभम कुमार 80. 20% लाकर अपने परिवार का नाम रोशन किया। पिता सुधीर राम माता कालपी देवी गिरवर हाई स्कूल के पढ़ने वाला स्टूडेंट है। सुमन कुमारी एक सामान्य परिवार से आती है इसने 81.80 प्रतिशत लाकर अपने माता-पिता का नाम रोशन किया । इनका कहना है कि अगर माता-पिता और शिक्षा का सपोर्ट हमे ना करते तो आज हम 81.80 परसेंट अंक प्राप्त नहीं करते। रघुवंश कुमार 83.80 प्रतिशत, आशुतोष कुमार मिश्रा 84.60 प्रतिशत और तनवीर आलम 82.40 अंक लाकर बहुत खुश है।

## पलामू लोकसभा सीट के लिए दूसरे दिन भी नामांकन नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को दूसरे दिन भी किसी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन नहीं किया गया। गुरुवार को भी किसी प्रत्याशी ने नामजदगी के पर्चे दाखिल नहीं किये थे। हालांकि गुरुवार को चार पर्चे जरुर खरीदे गये थे। पलामू लोकसभा सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया 25 अप्रैल तक चलेगी। 26 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 29 अप्रैल तक नाम वापस लिया जा सकता है। नामांकन को लेकर समाहरणालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। इस बीच पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में सभी दोनों ही दिन मतदान जरूर करें।



## एमके डीएवी में मनाई गई महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी के संस्थापक महात्मा हंसराज की 161वीं जयंती **एमके डीएवी स्कूल में** मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में महात्मा हंसराज के चित्र के समक्ष मंत्रोचार के बीच दीप जलाकर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि महात्मा हंसराज ने आजीवन एक त्यागी का जीवन बिताया। आज वे हमारे बीच नहीं है, किंतु 750 से अधिक डीएवी संस्थान उनके जीवित स्मारक के रूप में हमारे बीच हैं। इस संस्थान ने महात्मा जी के याद में कई वर्षों तक अपनी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा हंसराज आर्य क्षेत्रीय टूनार्मेंट के नाम से किया, जो अब डी.ए.वी नेशनल स्पोर्ट्स के नाम से जानी जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, सी.एस. पांडे, ए.के. पांडे, नीरज कुमार श्रीवास्तव, चंदन कुमार, श्रीमती सुदेशना राय उपस्थित थी।

**प्राचार्य ने कहा कि महात्मा हंसराज ने आजीवन एक त्यागी का जीवन बिताया**

## प्रताड़ना से मजदूर की हुई मौत मामले में फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के संगलदीपा गांव निवासी इस्लाम अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र जावेद अंसारी को पांकी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार जावेद अंसारी पांकी थाना में कांड संख्या 26 /2024 का प्राथमिक अभियुक्त था जो प्राथमिकी की दर्ज होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। उक्त जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी ने बताया कि जावेद अंसारी के खिलाफ धारा 370, 374 ,302 एवं 34 भादवि के तहत दर्ज कांड का प्राथमिकी अभियुक्त था, गिरफ्तार जावेद अंसारी पर आरोप है कि वह क्षेत्र के गरीब मजदूरों को प्रलोभन देकर काम करवाने के लिए देश के अन्य राज्यों में भेजता था जहां मजदूरों को कई तरह से प्रताड़ित भी किया जाता था । इसी क्रम में पांकी थाना क्षेत्र के सोंस गांव निवासी हलधर भुइयां की मौत जम्मू कश्मीर में कुछ दिन पूर्व हो गई थी, जिसे जावेद अंसारी ही कार्य दिलाने का प्रलोभन देकर ले गया था। मौत के बाद जावेद अंसारी ने हलधर भुइयां के शव को परिवार वालों को बिना सूचना दिएऔर बिना पोस्टमार्टम कराए ही घर पहुंचा दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद से जावेद अंसारी फरार था। वहीं हलधरर भुइयां के परिजन के द्वारा जावेद अंसारी के विरुद्ध पांकी थाने में बीते 19 मार्च को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ,जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।



## इंडिया महागठबंधन को जीत दिलाने का लिया गया संकल्प

**मेदिनीनगर।** दलित प्रकोष्ठ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक पासवान के द्वारा बैठक की गई । इस बैठक में इंडिया महागठबंधन को जीत दर्ज करने के लिए लोगों ने संकल्प लिया गया। अशोक पासवान ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बहुत ही बेहतर सरकार है। वह आम लोग गरीब लोगों को दुख दर्द को समझती है, लेकिन अभी वर्तमान की सरकार जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

## अगलगी की घटनाओं को रोकने के लिए उपायुक्त ने की विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गर्मी के दिनों में अगलगी की घटनाओं पर रोक लगाने को लेकर डीसी ने जिलेवासियों से विभिन्न उपायों को अपनाने की अपील की है। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि पलामू में गर्मी के मौसम की शुरूआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है।ऐसी स्थिति में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर,खेत खलिहान एवं जान-माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है।उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी बरतने से अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि अग्निकाण्ड से बचाव हेतु निम्न कार्य किया जा सकता है। रसोई घर यदि फूस का हो,तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें। दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें । साथ ही भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें । इसके अलावे आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर-भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें। रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके । पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें। साथ ही फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं । दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो ।शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें ।गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें। घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें। ड्ड जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पी कर इधर-उधर न फेकें।माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें। जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो,वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय । भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय । सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें । साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ,चना,मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें। आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें। चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके। किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562-231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।




## नाबालिग को दुल्हन बनने से बचाया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अग्रगति संस्था ने गुरुवार को एक नाबालिग को दुल्हन बनने से बचा लिया ।संस्था के जिला कॉर्डिनेटर निक्कू पाठक को सूचना मिली थी कि पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के कुरका गांव में एक नाबालिग की शादी स्थानीय मंदिर में 18 अप्रैल को की जा रही है। संस्था ने इसकी जानकारी सीडब्ल्यूसी, डीसीपीओ एवं चैनपुर थाना पुलिस को दी। संयुक्त रूप से टीम का गठन कर रेस्क्यू किया गया एवं बाल विवाह होने से बचाया गया। रेस्क्यू के पश्चात नाबालिग बच्ची को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया। बताया गया कि बाल विवाह पर रोकथाम के लिए पूरे जिले में अग्रगति संस्था द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कहा गया कि अक्षय तृतीया पर सबसे ज्यादा बाल विवाह होता है। इसके लिए मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे आदि धार्मिक स्थानों में विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सके।

## 9790 मतदानकर्मियों को द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशिरंजन के आदेशानुसार एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान के द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार, आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार,अजय सिंह, सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा,मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13.05.2024 एवं चतरा लोकसभा की तिथि 20.05.2024 के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू श्री शशिरंजन ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

## मैट्रिक की परीक्षा में अदिति ने किया बेहतर प्रदर्शन, प्रखंड का मान बढ़ाया

**91.60 प्रतिशत अंक लाकर गांव की छात्रा ने पूरे प्रखंड का बढ़ाया मान**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र खाप सरौना निवासी डॉ रंजीत कुमार शर्मा की पुत्री अदिति कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव समेत पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया है, छात्रा अदिति कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 91.60 प्रतिशत यानी 458 अंक प्राप्त कर प्रखंड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। छात्रा अदिति कुमारी के द्वारा बेहतर प्रदर्शन करने के बाद विद्यालय परिवार, समेत उनके माता-पिता व ग्राम वासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि छात्रा अदिति कुमारी की शिक्षा प्रारंभ से ही एसेंट पब्लिक स्कूल पांकी से हुई है। वह बचपन से ही मेधावी रही है। अदिति के पिता डॉ रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि अपने बच्चों को बेहतर करने हेतु सदैव प्रेरित करते रहते हैं ,जिसका उदाहरण है कि आज उनकी बच्ची मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की है। इससे पूर्व भी उनकी एक और बच्ची ने भी मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया था। छात्र आदिती कुमारी ने बताया कि वह आगे की पढ़ाई कर चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है।



**अदिति के पिता डॉ रंजीत कुमार शर्मा ने बताया कि अपने बच्चों को बेहतर करने हेतु सदैव प्रेरित करते रहते हैं ,जिसका उदाहरण है कि आज उनकी बच्ची मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की है। इससे पूर्व भी उनकी एक और बच्ची ने भी मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर पूरे प्रखंड का मान बढ़ाया था।**

## समस्या

## स्कूल में ‘कृमि दिवस’ पर बच्चों को दी गयी जानकारी

# बच्चों को एल्बोंडाजोल की दवा खिलाई गयी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को हुसैनाबाद मिडिल स्कूल परिसर में ‘कृमि नियंत्रण दिवस‘ के अवसर पर प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने बच्चों को उक्त दिवस की महत्ता के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि कृमि का अर्थ कीड़ा है, जो गलत दिनचर्या व अव्यवहारिक जीवन शैली से यह उत्पन्न होता है। खासकर आसपास साफ-सफाई नहीं रहने ,दूषित भोजन/पेयजल सेवन करने , सब्जियों व फल को धोकर नहीं खाने से, नाखून को बड़ा रखने से, खुले में शौच करने से आदि इन कारणों से कृमि की उत्पत्ति होती है और इनसे निजात पाने के लिये हमसबों को नाखून छोटा रखना चाहिए। स्वच्छ पानी पीना चाहिए, खाना को ढक कर रखना चाहिए, यथासंभव गरम खाना खाना चाहिए । साफ पानी से फल/सब्जी धोना चाहिए, आस-पास सफाई रखना चाहिए, जूते का ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए ,खुले में शौच नहीं करना चाहिए । दो बार ब्रश करना चाहिए , ऐहतियातन ऐसा करने से कृमि से बचा सकता है। इसके बाद वर्ग एक से आठवी कक्षा के बच्चों को कृमिनाशक दवा ऐलबेन्डाजोल खिलाया गया, उसे चबा चबाकर खाने के लिए प्रेरित किया गया। खाली पेट नहीं खाने की भी सलाह दी गयी। यह दवा 19वर्ष के उम्र तक ज्यादा प्रभावी रहता है , अधिक उम्र वाले व्यक्ति उच्च क्षमता का यही दवा खा सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, राजेश कुमार गुप्ता, जुबैर अंसारी , राजेश सिन्हा ,पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी,सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, कम्प्यूटर शिक्षक प्रमोद मेहता भी शामिल थे।




## मोदी जी के सपनों का भारत बनाने में अपना योगदान दें : कालीचरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** चतरा लोक सभा के पांकी विधानसभा के पांकी मंडल में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसंपर्क अभियान चलाया। पांकी मंडल के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर जनसंपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें आसेहार, हुरलोंग, नौडीहा, माड़न, सकल्दीपा, चांपी, होटाई, सगालीम, सुड़ी, पकरिया, चौफाल, कोनवाई आदि गांवों का दौरा किया। मौके पर भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने लोगों से केंद्र में फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया और लोगों से समर्थन मांगा। वहीं लोगों के मिला रहे अपार जनसमर्थन के लिए आभार जताया। साथ ही केंद्र सरकार के उपलब्धियों को गिनाया। जनसंपर्क में प्रत्याशी के साथ भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी,भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी,महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता शामिल रहे। मौके पर कालीचरण सिंह ने भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि आपके एक एक वोट की कीमत चुकाऊंगा। साथ ही आपके हरेक सुख दुख में शामिल रहूंगा। जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा की चतरा के सर्वांगीण विकास हेतु भाजपा को चुने और मोदी जी के सपनो का भारत बनाने में अपना योगदान दें। महिला प्रदेश प्रवक्ता लवली गुप्ता ने कहा की केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को स्वालंबन बनाने हेतु संकल्पित है। मौके पर मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह,महामंत्री श्यामनंदन ओझा, विकास तिवारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### भवनाथपुर में सड़क हादसा, एक घायल

**गढ़वा।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकड़ी गांव निवासी नरेश सिंह का पुत्र छोटे लाल सिंह एवं रामदेव पाल का पुत्र सुदेश्वर पाल मोटरसाइकिल के चपेट में आने से घायल हो गए। इसमें छोटे लाल सिंह को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि छोटेलाल सिंह तथा सुदेश्वर पाल एक साइकिल पर सवार होकर भवनाथपुर शादी समारोह में नेवता पुरने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय के पास एक मोटरसाइकिल सवार है। उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों घायलों भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए छोटेलाल बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि इस घटना में मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग भी घायल हो गए हैं सभी का इलाज भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में चल जा रहा है।

### 33000 वोल्ट का तार गिरने से गेहूं के बोझे एवं भूसे जले

**भवनाथपुर।** प्रखंड के मकरी पंचायत के महुलनियां टोला निवासी कपीलदेव साह के खलिहान में 33 हजार का तार गिरने से गेहूं का बोझा एवं भुसा जल गया। जलने से करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। गरीब कपीलदेव साह गरीब किसान हैं। उनके खलिहान के ऊपर से गुजरा हाई वोल्टेज बिजली की तार गेहूं पर गिर जाने से गेहूं बोझा में आग लग गई। स्थानीय ग्रामीण द्वारा पानी डाल कर बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन जब तक आग पर काबू किया जाता गेहूं की बोझा जल कर खाक हो गया। पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने बिजली विभाग के पदाधिकारी से गरीब का हुए नुकसान का मुआवजा देकर लाभ पहुंचा ने की माग की है।

### काजल 95 फीसदी अंक लाकर बनी विद्यालय टॉपर

**केतार।** प्रखंड के छाताकुड़ गांव स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के 96 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार ने बताया की विद्यालय के 165 छात्रों ने परीक्षा दिया था। इनमें 68 छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 73 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, वहीं 18 छात्र तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। इस विद्यालय के काजल कुमारी 88.20 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी है।

### लोहिया समता उच्च विद्यालय के विद्यानंद बने प्रखंड टॉपर

**केतार।** लोहिया समता उच्च विद्यालय के छात्र विद्यानंद गुप्ता ने दसवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा 92% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है।वहीं इसी विद्यालय के सोनाक्षी गुप्ता 91.20% अंक लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान, पुष्पा कुमारी 90 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान, मधु कुमारी 89 प्रतिशत अंक लाकर चौथा स्थान जबकि आलोक कुमार 88.60 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया है।इसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलेश गुप्ता ने दी। उन्होंने सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को भविष्य में और मेहनत कर सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी हैं।

### खरौंधी थाना क्षेत्र में टेंपो का ब्रेक फेल होने से पलटी, चार घायल

**गढ़वा ।** खरौंधी थाना क्षेत्र के अमरोरा गांव निवासी बिजन राम का पुत्र धर्मेंद्र राम, रीता देवी, कालेश्वर ऋषि एवं दीपन भुइया टेंपो पलटने से घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। कालेश्वर ऋषि ने बताया कि सभी लोग उत्तर प्रदेश के अमिला मंदिर टेंपो से दर्शन करने के लिए गए हुए थे। वापस लौट के दौरान अमिला घाटी के पास टेंपो का ब्रेक फेल हो जाने के कारण टेंपो और नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी : के रवि कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा ।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही, तो माथे पर गमछा लगायें और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाईयां सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। वे आज लोकसभा चुनाव 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निदेश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल 2024 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।



### गर्मी को लेकर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है, ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुक्कमल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

### अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए चलाएं विशेष अभियान : एवी होमकर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये, ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतरराज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निदेश दिया। राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए. वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया।

## भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के भी तीन लोग घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के जतरो बंजारी गांव के कुसुमिया दामर टोला में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दूसरे पक्ष के भी तीन लोग घायल हो गए। घायलों में स्वर्गीय कासिम शेख का पुत्र मोमताज अली उसका पुत्र नजबुद्दीन अंसारी एवं मोबिन अंसारी के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गुरुवार की देर शाम गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में मोमताज अंसारी ने आरोप लगाया है कि न्यायालय में बटवारा को लेकर टाइटल सूट चल रहा है। इसमें प्रथम पक्ष के लोगों द्वारा उसे भूमि में घर बना लिया गया है उन्होंने बताया कि मुख्तार शेख उसका पुत्र गुलाम रसूल अंसारी नसीम अंसारी सरफरोज अंसारी असगर अंसारी सभी मिलकर पुराना घर को खाली करने के लिए दवाब बन रहा था। इस बात को लेकर पुलिस दोनों पक्षों को पूछताछ कर किया इसके बाद वह चला गया पुलिस के जाने के बाद उक्त लोगों ने एक जुट होकर मारपीट करने लगा इसमें उक्त तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद परिजनों ने तीनों घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक से गिरकर महिला जख्मी

**गढ़वा ।** केतार थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी कसमुद्दीन अंसारी की पत्नी शकुंती बीवी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शकुंती बीबी अपने घर से कांडी थाना क्षेत्र के बतो खुर्द गांव शादी समारोह में गई हुई थी। वहां से वापस घर लौट के दौरान हुड़का गांव स्थित इट भट्ठा के पास चलती बाइक में उसे चक्कर आ गई।

## ऐतिहासिक होगी उलगुलान महारैली, गढ़वा से शामिल होंगे 25 हजार कार्यकर्ता : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रांची में आगामी 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान महारैली ऐतिहासिक होगा। इस महारैली में गढ़वा से लगभग 25 हजार कार्यकर्ता शामिल हांगे। सभी कार्यकर्ता विभिन्न बसों, चारपहिया वाहन आदि के माध्यम से रांची पहुंचेंगे। वहां पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने शुक्रवार को शहर के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा मीठा जहर घोलकर लोकतंत्र पर कुठाराघात कर रही है। यदि जनता इसबार सचेत नहीं हुई तो मतदान के अधिकार से सभी को वंचित हो जाना पड़ेगा। भाजपा इस बार सत्ता में आयी तो अगली बार से चुनाव बंद कराने की तैयारी में है। इस बार भी सभी प्रमुख विपक्षी दलों के नेताओं को भाजपा चुनाव से



ठीक पहले बेवजह जेल में बंद कर चुनाव को एकतरफा करने का प्रयास कर रही है। साथ ही भाजपा ने इडी, सीबीआई, चुनाव आयोग आदि सभी का दुरूपयोग कर अपने हित में कार्य करवा रही है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो के तर्ज पर काम कर रही है। इस तरह से बहुत बड़ा स्कैम चलाया जा रहा है। किसी भी ठेका कार्य को अधिक स्टीमेट बनाकर कार्य कराया जा रहा है। दो लोग मिलकर सिर्फ गुजरात और गुजरातियों का ही भला चाहते हैं। उनकी शैली में सबका साथ और सिर्फ गुजरात का विकास है। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा को जहां-जहां चुनाव हारने का डर है वैसे जगह झारखंड, दिल्ली के मुख्यमंत्री को चुनाव से ठीक पहले जबरन जेल में बंद करवा दिया यदि भाजपा में इतनी क्षमता थी तो मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी चुनाव के बहुत पहले या बाद में करायी जा सकती थी। उन्हांने कहा कि जो मीडिया हाउस भाजपा के खिलाफ आवाज उठाती है, उसके यहां छापामारी कराया जाता है प्रेसवार्ता में केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, ज़िलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय सदस्य शरीफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अशफी राम उपस्थित थे।

## खरौंधी के 48 मतदान केंद्रों पर चुनावी पाठशाला का आयोजन, मतदाताओं को किया गया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया रहा हैं। इसको लेकर शुक्रवार को प्रखंड के 48 में मतदान केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया गया। लोकसभा चुनाव में खरौंधी प्रखंड में कुल 48 मतदान केंद्र बनाए गए है। जिसमे सभी मतदाताओं को मतदान के दिन अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर चुनावी पाठशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सभी मतदाताओं को 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे के बीच अवश्य मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, बीपीआरओ उमेश कुमार ने बताया की जागरूकता कार्यक्रम में बीएलओ, सहिया, साक्षरता कर्मियों, डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयं सहायता समूह, जेएसपीएल आदि द्वारा सभी मतदाताओं खासकर महिला मतदाताओं को जगाने का कार्यक्रम महिला कर्मियों के द्वारा ही किया जा रहा है।अबकी बार मतदान का प्रतिशत 80 पार ले जाना है इसके लिए मतदाताओं के बीच प्रतिदिन कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

## आसुरी शक्तियों का नाश करने के लिए मानव रूप में अवतरित हुए श्रीराम : मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल ।** शायर देवी धाम प्रांगण में गुरुवार की रात्रि चैता दुगोला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्वलित करने के बाद पिता काटकर किया। मां शायर देवी धाम संचालन समिति द्वारा नवरात्रि की समाप्ति के बाद चैता दुगोला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि आज मुझे भी मां शायर देवी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। उन्होंने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम की चर्चा करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में भगवान राम के द्वारा आदर्श दिए मार्गो का अनुसरण करना चाहिए जिससे खुद के साथ आने वाली पीढ़ी तथा समाज भी सुधरेगा। श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान राम भगवान विष्णु के अवतार होते हुए भी संपूर्ण मानवता को सही मार्गदर्शन तथा आसुरी शक्तियों एवं घमंड का नाश करने के लिए श्रीराम मानव रूप में अवतरित हुए। इस मौके पर देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत प्रेमचंद प्रसाद कृष्णा कुशवाहा विनोद प्रसाद मनोज जायसवाल झामुम जिला के अध्यक्ष तनवीर आलम खान प्रवक्ता धीरज दुबे प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद हरेंद्र चौधरी मुखिया रामसागर महतो मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी अजय प्रसाद गुप्ता सूर्य प्रकाश मुन्ना राम अशोक राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



### जांच रिपोर्ट पर एमओ की ओर से डीलर के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही गई थी

# खाद्यान्न गबन के आरोपी डीलर शफीक के खिलाफ जांच के दूसरे दिन हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** खाद्यान्न गबन के आरोपी डीलर शफीक अंसारी के खिलाफ जांच के दूसरे दिन तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई । सीओ सह एमओ जसवंत नायक के निर्देश पर गुरुवार को थाना प्रभारी जनार्दन रावत के साथ डीलर की दुकान जांच करने पहुंचे सीआई राजेंद्र यादव की सुस्ती चाल से मामला पूरी तरह रफा दफा जैसा लगने लगा है। उनका जांच रिपोर्ट शुक्रवार को भी एमओ के पास नहीं पहुंच पाया। जबकि उन्ही के जांच रिपोर्ट पर एमओ की ओर से डीलर के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई करने की बात कही गई थी। दूसरे दिन तक आरोपी डीलर के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं होना यह गांव घर में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की ओर से गरीबों के लिए प्रत्येक माह जो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है




उस खाद्यान्न को डीलर के द्वारा सीधे कलाबजरी कर दिया जा रहा है । अधिकारियों के जांच में इसकी पुष्टि भी हो जा रही है। बावजूद उनके खिलाफ कार्रवाई करने में अधिकारियों को जो जल्दबाजी दिखाना चाहिए। वह जल्दबाजी न दिखाकर उनके द्वारा मामले को कछुए की चाल में परिवर्तित कर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे दिन भी जांच रिपोर्ट एमओ के पास नहीं पहुंचना। कई सवालों का जन्म देने लगा है। मालूम हो कि डंडाई गांव के डीलर सफीक अंसारी के द्वारा गुरुवार को अपने दुकान पर खाद्यान्न उतारा जा रहा था। इसी बीच मुखिया पति महेश्वर राम उनके दुकान पहुंच उतर रहे खाद्यान्न के बारे में उनसे पूछताछ करने लगे। उनके पूछताछ में डीलर के द्वारा उक्त खाद्यान्न को अप्रैल माह का बताया गया ।इसके बाद मुखिया पति के द्वारा मामले को लेकर जब गोदाम प्रभारी से टेलिफोनिक जानकारी ली गई तो उनके द्वारा उसी खाद्यान्न को मई माह का बताया गया। इसकी फोन पर जानकारी मुखिया के द्वारा डीएसओ के साथ-साथ एमओ को भी देने का काम किया। वहीं उनके निर्देश पर थाना प्रभारी जनार्दन राउत के साथ डीलर की दुकान जांच करने पहुंचे सीआई के द्वारा खाद्यान्न के बारे में डीलर से जब पूछताछ किया जाने लगा तो उन्होंने मुखिया से बताएं बातों को वहां पर पलट दिया और उसी खाद्यान्न को अप्रैल के बजाय मई माह का बताना शुरू कर दिया गया ।तत्पश्चात अप्रैल और मई दोनों माह का खाद्यान्न के बारे में सीआई के द्वारा जब डीलर से पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह का जवाब नहीं दे पाया। इसी बीच दोनों माह का खाद्यान्न को उनके द्वारा जब जोड़ा गया तो वह 400 से भी अधिक बोरा के आसपास पहुंच गया। जबकि डीलर की दुकान में उनके द्वारा खाद्यान्न के बोरों की गिनती की गई तो वह मात्र 194 बोरा ही पाया गया। शेष 206 बोरा खाद्यान्न का लेखा-जोखा डीलर नहीं दे पाया । मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा उक्त खाद्यान्न को डीलर के द्वारा गबन कर देने की बात कही जाने लगी । उसके अलावा जांच करने गए अधिकारियों के द्वारा भी 206 बोरा खाद्यान्न गबन होने की पुष्टि कर वहां से निकल गए थे। पूछताछ के दौरान सीआई राजेंद्र यादव ने बताया कि गोदाम जांच के दौरान डीलर के द्वारा शुक्रवार को खाद्यान्न उठाव संबंधित कुछ जानकारी देने की बात कही गई थी। जिसको लेकर शुक्रवार को पूरा दिन मैं उनका इंतजार किया लेकिन खाद्य उठाव से संबंधित उनके द्वारा किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई । उन्होंने कहा कि शनिवार को हर हाल में मामले की रिपोर्ट एमओ को दे दिया जाएगा। उधर डीएसओ राम गोपाल पांडे ने कहा कि यह मामला अभी मेरी जानकारी में नही है। उन्होंने कहा कि अगर खाद्यान्न गबन होने की बात होगी तो आरोपी डीलर के खिलाफ हर हाल में नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### मैट्रिक परीक्षा में प्लस टू उवि राजी की छात्रा पूजा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय की टॉपर



**खरौंधी।** प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय राजी में सम्मान समारोह का आयोजन कर मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मैट्रिक की परीक्षा परिणाम में विद्यालय के 95% प्रतिशत छात्रों ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने कहा कि छात्रा पूजा कुमारी 92% लाकर विद्यालय टॉपर रही। छात्र मंजीत कुमार 91% अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, छात्र मुख्तार अंसारी ने 85.4% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।शुक्रवार को विद्यालय की ओर से सभी टॉपर छात्रों को मिठाई खिलाकर उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा की विद्यालय के कुल 114 छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी जिसमे 49 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 55 छात्र द्वितीय स्थान प्राप्त किया 03 छात्र तृतीय स्थान प्राप्त किया।07 छात्र असफल रहे।उन्होंने विद्यालय के छात्र छात्राओं के बेहतर परिणाम का कारण विद्यालय प्रबंधन,शिक्षक शिक्षिकाओं का मेहनत और लगन का नतीजा है।उच्च विद्यालय में मात्र तीन शिक्षक के बदौलत यह मुकाम हासिल की गई है।मौके पर शिक्षक संजय कुमार, देवाशीष चौबे सहित कई लोग उपस्थित थे।

### उच्च विद्यालय मेरौनी का 98.88 प्रतिशत रिजल्ट

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मेरौनी गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय का दसवीं कक्षा बोर्ड परीक्षा में 98.88 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद ने बताया की विद्यालय से 100 छात्र छात्राओं ने दसवीं बोर्ड परीक्षा दिया था। इसमें 66 छात्र प्रथम श्रेणी, 23 छात्र द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं रानी कुमारी 88.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनीं है। जबकि 87.20 प्रतिशत अंक हासिल कर दुर्गा कुमारी विद्यालय में दुसरा स्थान, 86.80 प्रतिशत अंक लाकर बिंदु कुमारी तृतीय स्थान, 86 प्रतिशत अंक लाकर अंजनी कुमारी चौथा स्थान, 84.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुजा कुमारी पांचवां स्थान प्राप्त की है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामानंद प्रसाद ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा की सभी छात्र-छात्रा आगे की पढ़ाई जारी रखें और नई ऊंचाईयों को छुएं।।

### श्री बांकेश्वर नाथ उवि की छात्र खुशी कुमारी ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टॉपर

**गढ़वा।** मेराल प्रखंड की बंका भंडार के श्री बांकेश्वर नाथ उच्च विद्यालय की छात्र खुशी कुमारी ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रही। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा ने बताया कि विद्यालय की दसवीं की छात्राओं का रिजल्ट काफी बेहतर रहा है। विद्यालय की खुशी कुमारी ने 93.60 प्रतिशत का नाम ऊंचा करने का काम किया है। छात्रा खुशी कुमारी ने बताया कि उसके पिता अवधेश तिवारी और मां तारा तिवारी के द्वारा उसके उच्च शिक्षा में भरपूर सहयोग किया गया घर से 7 किलोमीटर की दूरी तय कर लगमा में वह कोचिंग किया करती थी।



### बीपीओ ने सभी सीआरपी को शत-प्रतिशत नामांकन कराने का दिया निर्देश



**श्री बंशीधर नगर ।** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को प्रखंड साधन सेवी तथा संकुल साधन सेवियों की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बीपीओ ने सभी सीआरपी को शत प्रतिशत नामांकन कराने, कोई भी बच्चा अनामांकित न रहे इसकी व्यवस्था विद्यालय के पोषक क्षेत्र करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि विद्यालय में प्रयास कार्यक्रम को गम्भीरता से लागू कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि हाउस का निर्माण करते हुये विद्यालय पोषक क्षेत्र के प्रत्येक टोले के नामांकित बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। ट्रांजिशन, प्रोजेक्ट इंफैक्ट, पुस्तकालय, प्रयोगशाला आदि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर उसे विद्यालय में लागू कराने का निर्देश दिया उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बूथ वाले सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो इसे सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त रखें तथा विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखें। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे,प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह,अजय कुमार, प्रशांत कुमार देव,सुबोध कुमार, शक्तिदास सिन्हा,बिरेन्द्र प्रजापति सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

### बैठक में सीआरपी ने प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाने का दिया निर्देश



**श्री बंशीधर नगर ।** संकुल संसाधन केंद्र चितविश्राम में शुक्रवार को संकुलाधीन सभी उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्यविद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय तथा नव प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक सीआरपी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सीआरपी ने प्रयास-सह- प्रोजेक्ट इंपैक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत कार्य करने निर्देश दिया। उन्होंने चार हाउस का निर्माण,बाल-संसद का गठन करने,विभिन्न क्लबों का गठन, चारों हाउस द्वारा नोटिस बोर्ड का निर्माण और उसे सुसज्जित करने, आदर्श प्रार्थना सभा का आयोजन, जिसमें हाउस वाइज बच्चों को पंक्तिबद्ध होना, अपना ध्वज लगाना, प्रार्थना सभा में समाचार, सामान्य ज्ञान, आज का विचार एवं प्रस्तावना को पढ़ा जाना, सप्ताह में दो से तीन दिन व्यायाम एवं योगाभ्यास कराना, प्रोजेक्ट रेल के टॉपर को सम्मानित करना,बच्चों का पोशाक, नाखून, स्वच्छता की जांच करना,बच्चों,शिक्षकों तथा महापुरुषों का जन्म दिवस मनाना, पुण्यतिथि पर महापुरुषों को याद करना, कक्षा-कक्ष की सफाई सहित अन्य कार्यो की जानकारी विस्तार से दिया। मौके परद्वारिका नाथ पांडेय, राजनाथ राम, संजय शुक्ल, नन्दलाल पांडेय, उदय कुमार, रागिनी रवानी, रुबी कुमारी, अशोक कुमार ठाकुर, सुग्रीव राम,जगरनाथ राम, अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा सहित सभी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## एक नजर

### चंदवा कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव किए गए सम्मानित

**चंदवा।** जिला कृषि विभाग स्थित आत्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मेला कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रशिक्षण, प्रोत्साहन पुरस्कार एवम प्रचार प्रसार की योजना अंतर्गत रामनाथ यादव प्रखंड कृषि पदाधिकारी चंदवा को उनके विभागीय कार्य दक्षता के आधार पर जिला स्तर पर प्रथम स्थान से जिला कृषि पदाधिकारी लातेहार और परियोजना निदेशक के द्वारा सम्मानित किया गया। दूसरे स्थान पर मनीष पांडे वहीं तीसरे स्थान पर देवलाल राम को पुरस्कृत किया गया है। साथ ही कई कृषक मित्रों, एटीएम, बीटीएम समेत कई कृषकों को सम्मानित किया गया है।

### पूजा कुमारी 88.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बनी स्कूल टॉपर

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जबडा में संचालित आश्रम आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में सफलता प्राप्त की है। विद्यालय में कुल 32 छात्राएं मैट्रिक की परीक्षा में बैठी थीं। जिसमें सभी 32 छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास हुई। पूजा कुमारी 88.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो सोनिया मुर्मू 88.20 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय स्थान व पार्वती मुर्मू ने 87.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य जामवंती मिश्रा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों का यह अहम योगदान रहा है।

### डीसी ने लोस चुनाव से संबंधित कई जानकारियां दी




**गुमला ।** जिला प्रशासन के उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी एवं जिला पुलिस प्रशासन के गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने लोकसभा आम चुनाव 2024 से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 से प्रतिदिन 11:00 अपराह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल 2024 के अपरहण 3:00 बजे से , चुनाव चिन्ह 29 अप्रैल अपराह्न 3:00 बजे से , मतदान की तिथि - 13 मई 2024 को प्रातः 7:00 बजे से 5:00 बजे अपराह्न तक, मतगणना की तिथि (चुनाव परिणाम ) 4 जून 2024 को, नाम निर्देशन के साथ अभ्यर्थी द्वारा समर्पित किया कार्यालय कक्ष में अभ्यर्थी सहित 5 (पांच) सदस्य एवं 100 मीटर परिधि के अन्दर तीन वाहन प्रवेश की अनुमति दी जा सकेगी।

# डीसी ने विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए कई दिशा निर्देश

### मतदान केंद्रवार रूट चार्ट/मैप, ईवीएम की सुरक्षा एवं अन्य तैयारियों की ली जानकारी




नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर चुनाव के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आसन्न लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।समीक्षा बैठक में ईवीएम डिस्पैच सेन्टर, ईवीएम की कमिशनिंग गुणवत्तापूर्ण, वाहनों की उपलब्धता, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, ईवीएम की सुरक्षा एवं तैयारी, कम्युनिकेशन प्लान, मूवमेंट प्लान, ट्रेनिंग एवं अवेयरनेस, बूथों पर पेयजल एवं शौचालय निर्माण की अद्यतन कार्य प्रगति,मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार कौशल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी जिले के विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर रात्रि चौपाल



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार देर शाम मतदाता जागरूकता हेतु प्रखंड प्रशासन द्वारा रात्री चौपाल का आयोजन किया गया। जहां बीडीओ देवलाल उरांव ने शत प्रतिशत मतदान करने हेतु लोगों को प्रेरित करते हुवे मतदान की शपथ दिलाई। बीडीओ ने कहा कि मतदाता अपने जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए मजबूत लोकतंत्र की स्थापना तथा पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से जनप्रतिनिधियों के चयन में मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत सेवक जितेन्द्र सिंह, राहुल विश्वकर्मा, दिलीप गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### मैट्रिक में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 95 प्रतिशत छात्राएं हुई सफल



**बरवाडीह।** आज जारी हुए मैट्रिक के परीक्षा परिणाम में प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम पर 95 प्रतिशत रहा है। विद्यालय में इस वर्ष कुल 60 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी। जिसमें से 57 छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। इसमें से 28छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं 26 छात्राओं ने द्वितीय स्थान, 03 छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 05 टॉपर छात्राओं में रिया कुमारी (रौल नो. 0018),405अंक, 81प्रतिशत, रुनम कुमारी एवं लालती कुमारी 390अंक 78%,संतोषी कुमारी 373 अंक 74.60% प्रतिमा कुमारी 370 अंक 74%,वही रजनी कुमारी 369 अंक 73.80 प्रतिशत रहा है। यह जानकारी विद्यालय के वार्डन रूबी कुमारी ने दी। विद्यालय के वार्डन ने सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य कीकामना की है।

### परियोजना बालिका विद्यालय बालूमाथ की पूनम कुमारी बनीं प्रखंड टॉपर



**बालूमाथ ।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित परियोजना इन्दिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा पूनम कुमारी ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024 में 478 अंक( 96.6%) प्राप्त कर एकीकृत प्रखण्ड बालूमाथ में प्रथम स्थान प्राप्त की है।पूनम कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों के अलावा माता पिता को दी है।बता दें कि परियोजना बालिका विद्यालय से कुल 147 छात्राओं में 117 ने प्रथम और28 ने द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्णता हुई है। वहीं 02 छात्राएं परीक्षा में अनुपस्थित रहीं।बताते चलें कि गत वर्ष 2023 में लातेहार जिला टॉपर उषा रानी भी प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका विद्यालय की ही छात्रा रहीं थी।बालूमाथ प्रखण्ड टॉप टेन में 6 छात्राएं परियोजना इन्दिरा गांधी बालिका की छात्राओं ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। प्रखण्ड बालूमाथ टॉपर में पूनम कुमारी 478 अंक,पूजा कुमारी उच्च विद्यालय गनेशपुर 470 अंक,श्रद्धा कुमारी 468 अंक प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय बालूमाथ,हीना यासमीन 468 अंक उच्च विद्यालय मुरपा, हर्ष कुमार 465 अंक उच्च विद्यालय बालूमाथ,विनीत कुमार 465 अंक उच्च विद्यालय बालूमाथ, पल्लव सहदेव 463 अंक प्रोजेक्ट इन्दिरा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ,सौरभ कुमार 454 अंक उच्च विद्यालय झाबर,अंजनी कुमारी 454 अंक उच्च विद्यालय झाबर,माही कुमारी 454 अंक प्रोजेक्ट इन्दिरा गांधी बालिका विद्यालय बालूमाथ,लवली कुमारी 453 अंक परियोजना इन्दीरा गांधी मेमोरियल बालिका विद्यालय बालूमाथ,श्रेया कुमारी 452 अंक प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, हरीश कुमार 452,सोनी कुमारी 452 उच्च विद्यालय झाबर ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। टॉप टेन में 5 पूनम कुमारी,श्रद्धा कुमारी,हर्ष कुमार और माही कुमारी,पल्लव शाहदेव सभी मूरत यादव सरस्वती शिशु मन्दिर बालूमाथ के छात्र रहे हैं। शिशु मन्दिर बालूमाथ के छात्रों का प्रदर्शन हर वर्ष बेहतर रहा है। बच्चों की इस सफलता पर शिक्षक निर्मल सिन्हा, अनिता बारा, चंचल सिंह, चंदन दास, विमला कश्यप, अवनिकान्त पाठक ,द्रुपद कुमार,शिवपूजन सिंह,उच्च विद्यालय की प्राचार्या रूबी बानो और बालूमाथ के कई गणमान्य लोग सहित समाजसेवी अजित कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### मैट्रिक परीक्षा में खीस्त राजा उच्च विद्यालय के छात्रों ने लहराया परचम



**चंदवा।** झारखंड अधिविधि परिषद (जैक) के द्वारा शुक्रवार को परीक्षा फल जारी कर दिया गया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा फल 2024 में प्रखंड के खीस्त राजा उच्च विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया है। लातेहार जिला के टॉप टेन में खीस्त राजा उच्च विद्यालय के चार छात्र जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। विद्यालय के आदित्य कुमार पिता केशव यादव लुकुईया बोदा चंदवा ने 94 .80 प्रतिशत लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया और वही नमन कुमार और शुभम कुमार 94,94 प्रतिशत लाकर प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व अभिषेक कुमार 93.80 प्रतिशत लाकर प्रखंड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सफलता पाने वाले छात्रों को उनके परिजन शिक्षक सहपाठियों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी।

# महुआडांड़ जैसे सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में संत जेवियर्स महाविद्यालय विद्यार्थियों के लिए वरदान है : मोहसिना



नवीन मेल संवाददाता

**महुआडांड़ ।** संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ के अंग्रेजी विभाग के द्वारा कॉलेज के व्याख्यान थियेटर हॉल में छात्र विकास कार्यक्रम (स्टूडेंट्स डेवलपमेंट प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विशेषज्ञ (रिसोर्स पर्सन) मिस मोहसिना खातून जी ( उद्योग विभाग के केंद्रों के लिए पायलट परियोजना अधिकारी) का आगमन हुआ। अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थियों के द्वारा मनमोहक स्वागत गीत की प्रस्तुति के द्वारा तथा प्राचार्य डॉ। फादर एम। के। जोश तथा उप प्राचार्य डॉ। फादर समीर टोप्पो, असिस्टेंट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष सिस्टर चंद्रोदय के द्वारा गुलदस्ता प्रदान कर विशेषज्ञ मिस खातून का भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ। फादर राजीप तिर्की के द्वारा स्वागत भाषण की प्रस्तुति की गई तथा साथ ही साथ उन्होंने मिस महसीना खातून को सभी विद्यार्थियों के समक्ष परिचय करवाया। इसके बाद छात्र विकास कार्यक्रम को आगे संचालित करने हेतु मिस मोहसिना खातून को मंच पर आमंत्रित किया गया। मिस मोहसिना ने मंच पर आते ही अपार हर्ष के साथ अपने गर्मजोशी स्वागत के लिए पूरे महाविद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया। मिस मोहसिना ने सभी विद्याथीयों को अपने जीवन की सभी उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने विद्याथीयों को कहा कि शुरूआत में महुआडांड़ जैसे सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके उच्च शिक्षा के लिए कोई सुविधा नहीं थी। दूर दूर तक यहां कोई महाविद्यालय नहीं था। हमलोगों को पढ़ाई करने हेतु बाहर जानी पड़ती थी। उन्होंने कहा कि यहां के विद्यार्थी बहुत ही भाग्यशाली हैं कि महुआडांड़ जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए जेसूट्स सोसाइटी के माध्यम से संत जेवियर्स महाविद्यालय की स्थापना की गई जो की शिक्षा के क्षेत्र में अपने आप में ब्रैंड है। इस महाविद्यालय में फैकल्टीज और फैसिलिटीज दोनों ही सर्वोत्तम व साथ ही मिस महसीना खातून ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन तथा डॉक्यूमेंट्री विडियोज के माध्यम से सेरीकल्चर तथा अपने कार्यों से संबंधित विद्यार्थियों को जानकारी दी।

# माल्हन पंचायत के कई गांव में ग्रामीणों को जल नल योजना का नहीं मिल रहा है लाभ : जतरू



**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा ग्रामीणों की शिकायत के बाद विभिन्न गॉवों का दौरा कर जल जीवन मिशन योजना के तहत लगाये गए जल नल योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुखिया जतरू मुंडा ने पाया कि उक्त योजना के संवेदक के द्वारा कई जगहों पर लापरवाही बरती गई है। कंही मोटर खराब है तो कंही बोरिंग हुआ है लेकिन जलमीनार नहीं लगाया गया है। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में ग्रामीण पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं।मुखिया जतरू मुंडा ने कहा कि माल्हन के केंदुआटाँड़ में स्टार्टर की चोरी हो गई है। केंदुआटाँड़ में यह एक मात्र जलमीनार है जो बेकार पड़ा है यहां पर पीने के पानी का दूसरा कोई साधन उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा बेरियाटाँड़,प्रतापीटाँड़ में भी पानी की समस्या सामने आ रही है। इस संबंध में कई बार संवेदक को सूचना दी गई लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई पहल नहीं हो पाई है। श्री मुंडा ने पीएचईडी विभाग से क्षेत्र में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए अविलंब सभी स्थानों पर खराब जलमीनार को ठीक करने,जंहा जलमीनार नहीं लगा है वंहा जलमीनार लगाने समेत अन्य स्थानों पर उतपन्न समस्या को दूर करने की मांग की है। मौके पर एतवा तुरी,संदीप मुंडा,सोमर गंझू,जेठू गंझू, अमीषा देवी,सोमरी देवी, अनिता देवी, मुनिका देवी,जतरी देवी, पचल गंझू, शांति देवी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# आदर्श नगर में घर का ताला तोड़ चोर ले उड़े नकदी समेत लाखों रुपयों के कीमती सामान



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र के आदर्शनगर बाजार मोड स्थित बब्लू कुमार चंद्रवंशी के आवास में बीते रात्रि अज्ञात चोरों ने घर में रखें नगदी समेत लाखों रुपए की कीमती सामानों की चोरी कर ली। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बरवाडीह बाजार के किराना एवम थोक व्यवसायी सह सौम्या ब्यूटी पार्लर के मालिक बबलू कुमार चंद्रवंशी अपनी पत्नी के साथ घर में ताला बंद कर गुरुवार की रात्रि अपने रिश्तेदार के विवाह समारोह में शामिल होने चैनपुर (मेदनीनगर) गए हुई थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने मौके का फायदा उठाकर मुख्य गेट का चारदीवारी फांद कर घर के मुख्य दरवाजा एवं गोदरेज , बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे लगभग 4 लाख नगद पैसे व बेशकीमती आभूषण समेत अन्य कीमती सामानों की चोरी कर ली ।चोरों ने घर में पूरी इत्मीनान के साथ चोरी का अंजाम देते हुए ब्यूटी पार्लर समेत सभी जगह की बारीकी से तलाशी कर केवल कीमती सामानों को ही अपने साथ ले गए । शुक्रवार सुबह जब मकान मालिक बबलू कुमार चंद्रवंशी अपने घर का मुख्य गेट का दरवाजा खोल अंदर प्रवेश किया तो चोरी की जानकारी हुई। घटना के खबर मिलने के बाद बगल में रह रहे पिता कैलाश प्रसाद समेत अन्य परिजन समेत आसपास के काफी लोग जुटे। मुख्य बाजार से सटे आदर्श नगर मोड़ में इस तरह की चोरों की घटना से सभी लोग स्तब्ध है।

वही मामले की सूचना तत्काल बबलू कुमार चंद्रवंशी ने बरवाडीह पुलिस को दी. मौके पर पुलिस घटनास्थल पहुंचकर चोरी की वारदात की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी.पुलिस ने कहा जल्द ही चोरों पुलिस के गिरफ्त में होगी।

### ओबीसी समाज ने चतरा संसदीय क्षेत्र से लोस चुनाव लड़ने का लिया निर्णय



**लातेहार ।** चतरा संसदीय क्षेत्र के लातेहार में ओबीसी समुदाय के दिग्गजों ने होटल सेलेब्रेशन में बली यादव के अध्यक्षता में बैठक की , बैठक में मुख्य रूप से ब्रह्मदेव प्रसाद, रामदास साहू ,जुगल पाल ,मदन पाल, सुशील अग्रवाल ,शत्रुघ्न प्रसाद, महेंद्र प्रसाद , बलवंत कुमार यादव, बली यादव, सहित लातेहार जिले के कई दिग्गजों ने चिंतन मंथन किया । मौके पर लोगों ने कहा कि ओबीसी समुदाय की जनसंख्या चतरा लोक सभा क्षेत्र में 60 पर्सेंट होने के बावजूद टिकट नहीं देना घोर निंदा की बात है। इसके लिए आगे की रणनीति पर विचार विमर्श करते हुए निर्णय लिया गया कि चतरा संसदीय क्षेत्र में ओबीसी बाहुली क्षेत्र होने के बावजूद भी राष्ट्रीय पार्टियों द्वारा प्रत्याशी नहीं बनाना यह ओबीसी समाज के विकास के लिए सही नहीं है ओबीसी समाज लोकसभा चुनाव 2024 में अपना स्थान खुद सुनिश्चित करेगा मौके पर उपस्थित लोगों ने यह निर्णय लिया कि ओबीसी समाज अपने समाज के किसी भी सक्षम व्यक्ति को जिसकी क्षेत्र में जान पहचान और पकड़ हो, को प्रत्याशी घोषित करेगा।

### जय श्री राम के जय घोष से राममय हुआ अनुमंडल मुख्यालय

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल मुख्यालय में दशमी का जुलूस बीते देर रात निकाला गया। कार्यक्रम की शुरूआत महासमिति के मंच का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, सदस्य देवनंदन साहु, महासमिति अध्यक्ष सुबोध पांडेय, संरक्षक दयानिधि सिंह सहित अन्य आगुंतुकों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर की गई। विजयादशमी के जुलूस में प्रखंड क्षेत्र के सात अखाडे शामिल थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
### (आपदा प्रबंधन शाखा)
### अपील

गर्मी के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम मे पछुआ हवा चलने की संभावना बनी रहती है। ऐसी स्थिति में मुख्यरुप से ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। अग्निकाण्ड से घर, खेत, खलिहान एवं जान–माल को भारी क्षति पहुंचती है तथा सब कुछ पूरी तरह से बर्बाद हो जाता है। अगर हम थोड़ी सी सावधानी बरतें तो अग्निकाण्ड से होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। अतः जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकार, पलामू अग्नि सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए जनहित में बचाव हेतु निम्नलिखित दिशा–निर्देश / उपाय जारी करती है।

- रसोई घर यदि फूस का हो, तो उसकी दीवार पर मिट्टी का लेप अवश्य कर दें।
- दिन का खाना सुबह 9 बजे से पूर्व तथा रात का खाना शाम 6 बजे के बाद बनायें।
- भोजन बनाने के बाद चूल्हे की आग पूरी तरह से बुझा दें।
- आग बुझाने के लिए बालू अथवा भूर–भूरी मिट्टी को बोरे में भर कर तथा खाना बनाने के स्थान पर दो बाल्टी पानी अवश्य रखें।
- रसोई घर की छत ऊँची रखी जाय जिससे आग का सम्पर्क न हो सके।
- पूजा, हवन आदि का काम सुबह निपटा लें।
- फसल कटनी के बाद खेत मे छोड़े गये डण्ठलों मे आग नही लगाएं।
- दीपक, दीया, लालटेन, मोमबत्ती, अगरबत्ती को ऐसी जगह पर न रखें, जहाँ से गिर कर आग लगने की संभावना हो।
- शॉर्ट सर्किट की आग से बचने के लिए बिजली वायरिंग की समय से मरम्मत करा लें।
- गैस के लीक होने की स्थिति में सभी खिड़कियों के दरवाजे खोल दें एवं माचीस का प्रयोग भूल से भी न करें।
- घर मे किसी भी उत्सव के लिए लगाये गये कनात अथवा टेण्ट के नीचे से बिजली के तार न ले जायें।
- जलती हुई माचीस की तीली अथवा अधजली बीड़ी एवं सिगरेट पी कर इधर–उधर न फेकें।
- माचीस को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- जहाँ पर सामूहिक भोजन इत्यादि का कार्य हो रहा हो, वहाँ पर दो से तीन ड्रम पानी अवश्य रखा जाय। भोजन बनाने का कार्य तेज हवा के समय न किया जाय।
- ढीले–ढाले और पॉलिस्टर के कपड़े पहन कर खाना न बनायें। हमेशा सूती कपड़े पहन कर ही खाना बनायें।
- सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि मे ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलें।
- ग्रामीण क्षेत्रों मे हरा गेंहूँ, चना, मटर आदि बच्चे लाकर भूनते हैं। ऐसे मे आग लगने से बचने के लिए उन पर निगरानी अवश्य रखें।
- आग लगने पर समुदाय के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास करें।
- अगर कपड़े में आग लगे तो जमीन पर लेट कर आग बुझाने का प्रयास करें।
- आग लग जाने से यदि भवन के अंदर धुआँ भर गया है तो सांसों की घुटन से बचने के लिए नीचे झुक कर या रेंगते हुए बाहर निकलें।
- खाना बनाते समय जलते चूल्हे को छोड़कर कभी कोई दूसरे कार्य के लिए न जायें।
- चूल्हे की छाई या राख को कभी भी फूस के घर अथवा खरपतवार से सटा कर न फेंके।

किसी भी इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिए 101, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 102 एवं कन्ट्रोल रुम के लिये 06562–231589 नम्बर पर सम्पर्क करें।
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, पलामू द्वारा जनहित में जारी।

ह0 / –
उपायुक्त, पलामू।

PR 323922 Palamu(24-25)D


## दोहरे लाभ लेकर भी आबकारी विभाग अनजान क्यों, पूछती है आम जनता

# गुमला में महुआ, शराब का धंधा जोरों पर



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला ।** गुमला जिले में अवैध शराब का धंधा जोरों पर है और प्रशासन इस पर रोक लगाने में अनदेखी कर चुप्पी साधे हुए हैं, कारण है, अवैध महुआ दारू शराब और हंडिया नशीला पदार्थ छोटा नागपुर - झारखंड की राजधानी सहित गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच है अवैध शराब (दारू) हडिया का , क्योंकि आदिवासी समाज के जन्म से लेकर मृत्यु संस्कारों में इसे प्रयोग किया जाता है और तो और न्यायालय में अवैध महुआ शराब दारू और हडिया पीते या घर में बनाकर बेचते पाए जाने के बावजूद और अपराध न्यायालय के समक्ष स्वीकार करने बावजूद मात्र और मात्र जुमार्ना लेकर उन्हें दोष मुक्त कर दिया जाता है , फलस्वरुप सुदूर ग्रामीण क्षेत्रो में घर घर में अवैध जावा महुआ से चुलईया शराब दारू तैयार कर धड़ल्ले से बेचा जा रहा है, शराब दारु और हडिया दशकों से कुटीर उद्योग का रूप ले लिया है , गुमला लोहरदगा सिमडेगा सहित मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में कुटीर उद्योग रूप धारण कर चुकी है फलस्वरुप खुले आम बेची जा रही है अवैध शराब दारू हडिया जिसे और नशीला बनाने के लिए और तैयार करने में सल्फेट , यूरिया , रानू, नौसादर ,सहित अन्य अनेक जहरीली दवा और और कीटनाशक रासायनिक पदार्थो का भी जमकर प्रयोग और उपयोग किया जाता है , और क्वांटिटी अधिक पढ़ने पर उक्त शराब और हड्डियां जहरीले हो जाते हैं फल स्वरुप उक्त जहरीले अवैध महुआ जावा शराब एवं हडिया पदार्थ पीने से लोगों की मृत्यु भी हो जाती है , उक्त मादक पदार्थों की वजह से प्रत्येक दिन अपराधिक घटनाएं मारपीट , हत्या, बलात्कार, चोरी , डकैती आदि घटनाएं घटती रहती है, उक्त मादक पदार्थो की वजह से सैकड़ो परिवार यहां कंगाली के कगार पर पहुंच चुके हैं, साथ ही साथ कई परिवार शराब दारु हडिया और जुआ के कारण बुरी तरह बर्बाद हो चुके हैं, और तो और सरकार की दोहरी नीति ने तो इस क्षेत्र की गरीब जनता को कंगाली के कगार पर पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उक्त धंधा नगर पालिका क्षेत्र में बड़ाइक मोहल्ला, सरना टोली, चाहा, चेटर, पूगू, मिशन चौक, सोसो ग्राम सहित झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क किनारे उक्त जावा महुआ का चुलईया तैयार शराब दारू और हडिया का खुला खेल फरुर्खाबादी , सुबह से , देर रात्रि तक, उक्त अवैध धंधा का खेल खेला जाता हैं , और शराब दारू हडिया पीने पिलाने का दौर चलता रहता है, क्योकि - शाम समस्त - झारखण्ड मस्त, हो जाता है, जिसे कोई नहीं है देखन हारा? आबकारी उत्पाद विभाग सब कुछ देख कर , समझ कर , अपने आंखों में पट्टी बंध चुकी है , कभी-कभी आबकारी विभाग (उत्पाद विभाग ) दिखावे के लिए छापामारी जरूर करती है और अवैध जावा महुआ से तैयार चुलईया शराब दारू भी जब्त करती है और तो और उक्त ग्रामीणों के बर्तन तक उठाकर ले आते हैं।

### बिजली विभाग के पोल को क्षतिग्रस्त करने को लेकर केस दर्ज



**महुआडांड ।** बिजली विभाग के पोल खूंटा को क्षतिग्रस्त करने को लेकर बिजली विभाग के द्वारा मदनलाल वर्मा पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में बिजली विभाग के एसडीओ दुर्गा शंकर सिंह ने महुआडांड थाने में आवेदन दिया है। कहा कि 15 अप्रैल को शहीद चौक महुआडांड स्थित 11000 पोल में मदनलाल वर्मा पिता सर्वजित वर्मा निवासी महुआडांड की गाड़ी के तीव्र गति से पोल खूंटा में धक्का मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे करीब दो दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे विभाग को 40580 रुपये की क्षति हुई है। जिससे बिजली उपभोक्ता काफी परेशान रहे।

## एक नजर

### बूटी देवी मंदिर में विक्षिप्त महिला ने की तोड़फोड़

**सेन्हा (लोहरदगा)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी ग्राम पंचायत अंतर्गत बूटी बाजार के समीप स्थित देवी मंडप में एक गांव की विक्षिप्त महिला ने लोहे के सबल के सहारे तोड़फोड़ की। इस घटना को गांव के ग्रामीणों द्वारा देख लिया गया ।जिसे मामले की जानकारी सेन्हा थाना पुलिस को ग्रामीणों ने प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर दिया गया ।जिनके निर्देश पीआर पुअनि मनोज कुमार घटना स्थल पर पहुंच मामले की जानकारी लिया। ए एस आई मनोज कुमार ने कहा की महिला विक्षिप्त है। जिसका इलाज और दवा चल रहा है। महिला का दिमागी हालत ठीक नही रहने के कारण घटना को अंजाम दिया गया है ।वही महिला का पूत्र ने कहा की देवी मंडप को मेरी मां द्वारा नुकसान किया गया है ।जिसे हम ठीक करा देंगे। जिसे पाहन पुजार से नए तरीके से स्थापना कराया जाएगा। मौके पर मौजूद पुजार सोमे भगत ने कहा कि गांव ठीक रहेगा तो सोमवार को विधि विधान के साथ देवी को स्थापित किया जायेगा। मौके पर पुअनि मनोज कुमार,जमशेद खान एव पुलिस के जवान तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

### बाइक दुर्घटना दो भाई घायल, स्थिति गंभीर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत पालकोट थाना स्थित पेटशेरा ग्राम निवासी (दो भाई), जोसेफ एक्का और जॉनसन एक्का, अपने मामा के घर से मेहमानी कर वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में नाथपुर ग्राम के निकट बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई और दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में इलाज के लिये पालकोट उपस्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। जहां स्वास्थ्यकर्मियों ने दोनों भाइयों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने भी प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं। परंतु पारिवारिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण, फिलहाल उन्हें रांची रिम्स नहीं ले जाया जा सका है। फलस्वरूप गुमला सदर अस्पताल के डॉक्टरों के देखरेख में उनका इलाज चल रहा है ।

### कार व ऑटो की टक्कर में 6 लोग घायल, 3 अस्पताल में भर्ती

**गुमला ।** बसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हरहरा के समीप ऑटो वह कर के बीच टक्कर में ओटो में सवार 6 लोग घायल हो गए तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उप स्वास्थ्य केंद्र बसिया ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बुधवार की देर रात तीन घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। घायलों में बकसपुर निवासी 40 वर्षीय पूनम सुरीन, एंजेलिना सुरीन और मरियम सुरीन शामिल है। जानकारी के अनुसार तीन अन्य लोगों को भी गंभीर चोट लगी जिन्हें उप स्वास्थ्य केंद्र बसिया में इलाज के उपरांत रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी पर सीएफटीयूआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं नगर अध्यक्ष मोहम्मद जावेद आलम सदर अस्पताल पहुंच परिजनों से मिलकर घटना की जानकारी ली।

# मैट्रिक में 91.86 फीसदी विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण गुमला ने राज्य में 7वां स्थान किया हासिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला ।** झारखण्ड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा राज्य के सरकारी और सम्बद्ध निजी विद्यालयों में वर्ष 2023-24 के दौरान मैट्रिक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में 90.39 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं।

वहीं गुमला जिले के विद्यार्थी के परिणाम ने पिछले वर्ष की तुलना में झारखंड राज्य में 17वीं रैंक से 7वे रैंक का सफर तय करते हुए राज्य में शिक्षा के स्तर में एक बेहतर उपलब्धि हासिल की है। इस बार की मैट्रिक परीक्षाओं में गुमला जिले में 91.86 फीसदी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं जो की राज्य के औसतन अंक से अधिक है, एवं गुमला जिले ने राज्य में 7वां स्थान हासिल किया। इस वर्ष जिले में 6557 छात्रों एवं 7373 छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में भाग लिया। जिसमें से कुल 2879 छात्र एवं 3679 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किया। तथा 47.078 प्रतिशत विद्यार्थियों ने इस बार मैट्रिक की परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वहीं 2759 छात्र एवं 3021 छात्राएं द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए तथा 255 छात्र एवं 459 छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

गुमला जिले में 2023 में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के दिशा निर्देश से प्रारंभ हुए ₹सिकछा कर भेंटर₹ गतिविधि के तहत मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा में सुधारात्मक परिणाम हेतु लगातार कई गतिविधि करते हुए विद्यार्थियों के शिक्षा के स्तर को बेहतर करने का प्रयास किया गया जिसके परिणाम स्वरूप राज्य स्तर में पिछले वर्षों को तुलना में जिले को एक अच्छी उपलब्धि प्राप्त हुई। इस मौके पर जिला उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने जिले के सभी मैट्रिक के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके उपलब्धि के लिए बधाई एवं आगमी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### टोटाम्बी के छात्र अमित उरांव को 95.8 व नीरज बैठा को 92.8 फीसदी अंक आया



**गुमला ।** घागरा प्रखंड क्षेत्र के बच्चों ने मैट्रिक के परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, शिक्षक एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। जिसमें राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटाम्बी के छात्र अमित उरांव ने 95.80, नीरज बैठा 92.80, संत युद्ध हाई स्कूल नवडीहा की छात्रा उमा कुमारी 93.40, एसएस हाई स्कूल घाघरा के तौसीफ राजा 92.60, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र रॉकी साहू 90.60 व लकी साहू 90.60, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी ने 88.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन की है। सभी शिक्षण संस्थान के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर आगे और अधिक मेहनत कर सफलता हासिल करने की बात कही।

### बाइक दुर्घटना में एक युवक की दर्दनाक मौत

**कैरो/लोहरदगा ।** जिले के कुडू - चट्टी मुख्य पथ पर कैरो थाना क्षेत्र के पचागाई गांव में गुरुवार रात हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में पचागाई गांव के अजहर अंसारी उम्र करीब 19 वर्ष पिता कलाम अंसारी का देहांत हो गया। जानकारी अनुसार चाल्हो निवासी राजेन्द्र उरांव उम्र करीब 19 वर्ष पिता सोमरा उरांव और भरत तुरी उम्र करीब 20 वर्ष पिता रमेश तुरी अपाची मोटरसाइकिल जेएच 01 डी वाई 9377 से कैरो की ओर से जा रहे थे। वहीं अजहर अंसारी जो कि पैदल अपने घर की ओर जा रहा था और मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। जिससे उसे गंभीर चोट आई। जिसे इलाज के लिए ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने मोटरसाईकिल चालक व सवार को पकड़ लिया। इसकी सूचना कैरो थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर गाड़ी व दोनों युवक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई और आगे की करवाई में जुट गई।

## न्यूज बॉक्स

### 93.4 प्रतिशत अंक लाकर अहमद रजा नंदलाल उवि में आया अव्वल



**सेन्हा (लोहरदगा)।** झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित किया गया। सेन्हा प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 2024 मैट्रिक परीक्षा में नन्दलाल उच्च विद्यालय अरु के अहमद रजा 93.4 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में अव्वल रहे। समाया परवीन 90 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान पर तथा फलक आफरीन 86 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। वही कस्तूरबा गाँधी आवासीय आवासीय विद्यालय सेन्हा में सोनाली कुमारी 79.80 प्रतिशत लाकर प्रथम, द्वितीय अर्पणा उराँव 77.40 प्रतिशत, तृतीय काजल कुमारी 77.30 प्रतिशत तथा मुनिक उराँव 77.20 प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। बेसिक उच्च विद्यालय सेन्हा के नाहिदा परवीन 83.80 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम व अनामिका उरांव 82.60 प्रतिशत अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे तथा खुशी कुमारी 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय पेशरार के चाँदनी कुमारी 80.20 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम,सुमन्ती कुमारी 73.40 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती विद्या मंदिर सेन्हा से 12 भैया बहनों ने परीक्षा दिया था। जिसमे 11 प्रथम श्रेणी व एक द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण किये । जिसमे संध्या कुमारी 76.80 प्रतिशत लाकर प्रथम,अर्चना कुमारी 73.60 प्रतिशत लाकर द्वितीय और सुभद्रा कुमारी 72.80 प्रतिशत लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### समीर उरांव 24 अप्रैल को करेंगे नामांकन दाखिल


**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा के जिला पदाधिकारी की कामकाजी बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उराँव अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड भाजपा प्रदेश महामंत्री सह लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री सह लोकसभा संयोजक मुनेश्वर साहू,भाजपा प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुनीता सिंह, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी कमलेश उरांव, पूर्व विधायक सधनु भगत,विशुनपुर विधानसभा प्रभारी भूपन साहू ,सह संयोजक विशुनपुर भिखारी भगत,सागर उराँव उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि भाजपा लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उराँव का नामांकन गुमला में 24 अप्रैल दिन बुधवार को निर्धारित समय पर करेंगे। नामांकन तैयारी के नीमित बैठक में योजना बनाई गयी। जिसमें सभी पदाधिकारियों को प्रदेश महामंत्री और लोकसभा प्रभारी के द्वारा विभिन्न कार्यो की जिम्मेवारी दी गई। नामांकन ससमय समर्थक कार्यकर्ता पहुंचे उसके लिए भी बैठक में योजनाएं बनाई गई। मंच संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सामेला भगत, नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, सूरजमोहन साहू, मीना बाखला, प्रदीप प्रसाद,भारती सिन्हा,जगनंदन पौराणिक आदि उपस्थित थे।

### चुनाव के लिए प्रशासन ने पकड़े वाहन

**भंडरा।** लोकसभा चुनाव में वाहनों के प्रयोग के लिए लोहरदगा भंडरा सड़क पर अभियान चला कर वाहनों को पकड़ा गया। इस अभियान में एम वी आई संतोष सिरिल बेसरा, सड़क सुरक्षा पदाधिकारी अमृतेश गिरी सहित अन्य परिवहन कार्यालय कर्मी शामिल थे। इस संबंध में अमृतेश गिरी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में चुनाव कार्य में प्रयोग करने के लिए वाहनों की जप्ती अभियान चलाई गई। इस अभियान में 25 ट्रक, बोलेरो, 407, पिकअप सहित अन्य वाहनों को जपती सूची देकर 10 मई को चुनाव कोषांग के वाहन शाखा में वाहन जमा करने का निर्देश दिया गया।

### मैट्रिक परीक्षा में पार्वती 92 प्रतिशत लाकर प्रखंड में आई अव्वल

**भंडरा ।** भंडरा प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या स्कूल की छात्रा पार्वती कुमारी, पिता रामचरण प्रजापति ने जैक मैट्रिक बोर्ड में 92 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में अव्वल रही। उक्त स्कूल में 181 में 79 छात्र पहले और 83 छात्र दूसरे स्थान पर रहे। इसमें करीना साहू को 84 और अंजनी कुमारी 82 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। जबकि लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल में 187 छात्रों में 83 छात्र पहले स्थान पर और 85 छात्र दूसरे स्थान पर रहे। यहां विनोद साहू का बेटा श्याम कुमार सर्वाधिक 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। यहां ज्योतिष प्रजापति को 89 और उर्वशी व चंदन महतो को 81-81 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। भंडरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 47 छात्र पहले और छह छात्र दूसरे स्थान पर रही। यहां रंजीता कुमारी को सर्वाधिक 86 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। केजिबिभि में जोही उरांव को 85, अलतिहा प्रवीण 84, लक्ष्मी कुमारी 84, रानी कुमारी 82, सलमी निशिता पन्ना 82, गुलजहां 82, अस्मिना खातून 81, निकिता कुमारी 81 और नेहा कुमारी को 80 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने उक्त छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### फसल बर्बाद करने को लेकर मारपीट में एक घायल

**भंडरा ।** जिले के भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत झीको चट्टी गांव में शुक्रवार को मवेशी द्वारा खेत में फसल बर्बाद करने को लेकर दो पक्ष में विवाद उत्पन्न हो गया है। इसके साथ ही दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई। जिसमें कई लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है। झीको में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस घटना स्थल पहुंच दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज किया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि झीको गांव निवासी अनिल उरांव का मवेशी मुनेश्वर महतो के खेत में फसल को नुकसान पहुंचाया है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। इस घटना के बाद झीको गांव निवासी मुनेश्वर महतो ने भंडरा थाना में अनिल उरांव तथा अनिल उरांव की पत्नी के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कराया है। जबकि दूसरे पक्ष अनिल उरांव ने भी भंडरा थाना में मुनेश्वर महतो, उसकी बेटी, बेटा व भाई के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया है।



## मंगलदेव कॉलोनी में घर का ताला तोड़कर दिनदहाड़े चोरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा ।** ढोढ़ाटोली मंगलदेव कॉलोनी वार्ड नं 4 में रविरंजन यादव के घर की बाउंड्री तड़प दरवाजे का ताले तोड़ कर घर में अज्ञात चोर प्रवेश किये और गोदरेज को तोड़ कर उसमें रखे कीमती जेवरात चोरी कर चोर ले भागे। चोरी में उपयोग किया गया सबल को चोर छोड़ गए । बताया जाता है की घर के मालिक सुबह सात बजे अपनी व्यवसाय को लेकर दुकान गए हुए थे। वहीं घर की मालकिन निधि देवी 12बजे अपने मालिक को खाना पहुंचाने कैमो की दुकान में गई थी। उसी बीच चोरों ने मौका पाकर पीछे की बाउंड्री फांद घर के दरवाजा में लगे ताली को तोड़ प्रवेश कर गए। घर के अंदर चार गोदरेज में से एक गोदरेज में रखे कीमती जेवरात को चोरों ने ले उड़े। चोरों ने सोने एवं चांदी का जेवरात के साथ नकदी डेढ़ लाख रुपैया ले गए। मौके पर लोहरदगा पुलिस के संजय कुमार दल बल के साथ पहुंचे और आवश्यक जांच पड़ताल में जुट आसपास के सीसीटीवी को खंगालने का कार्य किया गया।

### पीड़ित परिवारों को मदद के लिए आर्थिक सहयोग की अपील

**लोहरदगा।** रामनवमी पर्व के अवसर पर हदय को झकझोर देने वाली घटना को लेकर चारों ओर दुःख का माहौल है। इस घटना में घायलों को देखने झारखंड प्रदेश हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष ऋषि नाथ शाहदेव एवं रांची महानगर अध्यक्ष सुजीत सिंह समेत सभी पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने की बात कही ' ऋषि नाथ शाहदेव ने जय श्री राम समिति के पदाधिकारी से बात कर आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किए। संचालन समिति सदस्य ओम महतो ने कहा कि हम सब मिलकर जितना हो सके उतना सहयोग करने का हर सम्भव प्रयास किया और आगे भी करते रहेंगे। सभी संगठनों के निर्णय स्वरुप महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तमेड़ा का क्यूआर कोड जारी किया गया है। जिसमें पीड़ित परिवारों को मदद स्वरूप लोगों से आर्थिक सहयोग की अपील की गई है।

## 96 प्रतिशत अंक लाकर सत्यार्थ मौर्य ने विद्या मंदिर का परचम लहराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर का मैट्रिक परीक्षा का परीक्षा फल अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कुल 158 में 156 ने प्रथम श्रेणी से एवं 2 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। 90% से ऊपर 13 भैया बहनों ने परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं पर 51 भैया बहनों ने 80% से ऊपर परीक्षा फल प्राप्त किया, 60 भैया बहनों ने 70 प्रतिशत एवं 32भैया बहनों ने 60% से ऊपर अंक प्राप्त किया।सत्यार्थ मौर्य ने 96% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर आदित्य कुमार (95%) एवं तृतीय स्थान पर हर्ष कुमार ठाकुर एवं मोहित कुमार सोनी (93.2%) रहे। 90% से ऊपर लाने वाले भैया बहनों का नाम इस प्रकार है- सत्यार्थ मौर्य, आदित्य कुमार, हर्ष कुमार ठाकुर, मोहित सोनी, नैंसी कुमारी, कृष कुमार, अस्मित कुमार गोप, रितिका कुमारी, मुस्कान वर्मा, रोहण कुजूर, प्रियांशु राज, गुण पांडेय, प्रियांशु कुजूर । शत प्रतिशत भैया बहनों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा फल प्राप्त कर विद्यालय का नाम नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फल से पूरा विद्यालय परिवार अत्यंत उत्साहित है। इस मौके पर गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल , विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास सहित सभी आचार्य आचार्या ने सभी भैया बहनों के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## हापामुनी मंडा मेला के दूसरे दिन निकाली गई कलश यात्रा , भोक्ताओं का घाघरा नगर भ्रमण कल

**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा ।** हापामुनि मुंडा मेला के दूसरे दिन बुधवार को दिन के 10 बजे कलश यात्रा निकाला गया ।इस क्रम में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं बच्चिया और भोक्ता शामिल हुए। कलश यात्रा हापामुनि महामाया मंदिर से शुरू होकर गांव के विभिन्न चौक चौराहे होते हुए गांव स्थित डोहा नदी पहुंची। जहां आचार्य सूर्यकांत त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भारी कराई गई। जहां से कलश यात्रा हापामूनी महादेव चबूतरा पहुंची। जहां स्थित भगवान के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। वही आचार्य द्वारा पूजन पाठ के साथ रुद्राभिषेक कराया गया। मौके पर उपस्थित प्रोफेसर अवधमनी पाठक व पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने सामूहिक रूप से जानकारी देते हुए बताया कि मंडा मेला उत्सव को लेकर आज दूसरे दिन कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। इसके साथ ही आगामी 20 अप्रैल 21 अप्रैल की देर शाम भजन कीर्तन व झांकी का आयोजन किया जाएगा आगामी 22 अप्रैल को रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और फूल कुंडी कार्यक्रम होगी वहीं आगामी 23 अप्रैल उपभोक्ता झूलन पुष्प वर्षा और ग्रामीण क्षेत्र से आए खोड़हा दल द्वारा नृत्य गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा ।साथ ही उन्होंने कहा कि कल सुबह 8:00 से भोक्ताओं का घाघरा नगर भ्रमण 11:00 तक होगा । कलश यात्रा में शामिल लोगों में प्रोफेसर अवध मनी पाठक, समीर उरांव, तेंबू उरांव,गौरव मणि पाठक,निलेश मनी पाठक, राजेश पाठक, मुकेश मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक,भरत मिश्रा, रूपेश साहू, अंगनु साहू,प्रधान उरांव, रविंद्र महली सहित कई लोग उपस्थित थे



## पीएलवी मेंबर्स के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा।** स्वीप कोषांग लोहरदगा की ओर से व्यवहार न्यायालय, लोहरदगा में पीएलवी मेम्बर्स के साथ मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीडीजे, अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा द्वारा दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाते हैं। वहां जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। अन्य जागरूकता कार्यक्रम की तरह भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को भी करें। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार हुआ करता था। उसके बाद अमेरिका जैसे देशों में भी यह पूरी तरह लागू नहीं हुआ। भारत जैसे बड़े देश मे भी इसे लागू कराने में दिक्कत हुई। लेकिन अब मतदान का अधिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रही है। वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण द्वारा ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए कई गतिविधियां लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही है। इस बार जिला में 90 प्रतिशत मतदान करने का लक्ष्य रखा गया है। कई सरकारी और गैर-सरकारी कार्यालयों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित हैं जिनके द्वारा मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फॉर्म-6, टॉल फ्री नम्बर 1950, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता के वीडियो दिखाए गए। सभी पीएलवी मेम्बर्स में सभी संबंधित मोबाइल एप डाउनलोड कराए गए। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग के सदस्य, पीएलवी मेम्बर्स आदि उपस्थित थे।

### बदमाशों ने की जान से मारने की कोशिश

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत लौकी गोसाई कोना निवासी चौठ प्रधान को अज्ञात लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उप स्वास्थ्य केंद्र रायडीह में प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे सदर अस्पताल भेजा गया। गुरुवार की शाम केउंद टोली मेहमान गया था। वहीं शुक्रवार की सुबह 5:00 बजे खून से लथपथ घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा। उसने बताया कि गांव में ही रात को तीन लोगों ने घेर कर उसे लाठी-डंडे से मार कर मरा समझ चले गए।

## लोकसभा चुनाव : किसी तीसरे की एंट्री से भाजपा को मिलती है संजीवनी

# लोहरदगा सीट पर भाजपा ने समीर, तो कांग्रेस ने सुखदेव पर किया भरोसा

**राहुल कौशल । लोहरदगा**

लोहरदगा लोकसभा चुनाव कई मायनों में अहम भूमिका निभाता है। इस सीट पर अगर दो राजनीतिक दलों की सीधी टक्कर होती है तो मुकाबला रोमांचक हो जाता है वही जब त्रिकोणीय संघर्ष होती है तो एक दल की जीत होना लगभग तय हो जाता है। इस सीट पर शुरू से ही भाजपा और कांग्रेस दोनो की ही दावेदारी रही है। दोनो ही दल इस सीट पर कब्जा जमाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाती है। पिछले तीन लोकसभा चुनाव में भाजपा के सुदर्शन भगत की लगातार जीत हुई है लेकिन इस बार भाजपा ने इस सीट से तीन बार के सांसद रहे सुदर्शन भगत पर भरोसा नहीं जताकर राज्यसभा सांसद समीर उरांव पर भरोसा जताया है। समीर उरांव को भाजपा आलाकमान ने सुदर्शन भगत की तुलना में ज्यादा भरोसा किया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि समीर उरांव भी सुदर्शन भगत की तरह जीत हासिल कर पाते हैं अथवा नहीं। क्योंकि समीर उरांव की जीत की राह आसान नहीं है। उनके सामने दिग्गत नेता सुखदेव भगत खड़े हैं। सुखदेव भगत पूर्व विधायक रह चुके हैं। उन्होंने पहली बार कांग्रेस के टिकट पर 2019 में लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाई थी। हालांकि वे कुछ हजार के वोट के अंतर से जीत का जादुई आंकड़ा पार नहीं कर पाए थे। वे सुदर्शन भगत से हार गए थे। अब वे इस बार फिर चुनाव मैदान में खड़े हैं वो भी कांग्रेस के टिकट पर ही। अब देखना दिलचस्प होगा कि वे अपनी हार को जीत में बदलते हैं कि नहीं। सुखदेव भगत और समीर उरांव दोनो ही नेता जमीन से जुड़े हुए नेता जाने जाते हैं। लेकिन दोनों ही पार्टियों में सीधी टक्कर हो ऐसा कहा नहीं जा सकता है क्योंकि किसी तीसरे की एंट्री इस सीट को त्रिकोणीय संघर्ष की ओर ले जाता है। जब मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष में तब्दील हो जाती है तो इस सीट पर कौन जीतेगा कौन हारेगा यह कहना मुश्किल हो जाता है। पिछले दो लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देखा जाय तो किसी तीसरे की एंट्री भाजपा के लिए संजीवनी साबित होती है। वो तीसरा प्रत्याशी बशर्ते दमदार हो। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में एक ऐसा तीसरा प्रत्याशी है जो अगर किसी पार्टी के बैनर तले चुनाव नही भी लड़े तो भी उसे राजनीतिक दलों की तुलना में भी जनता का वोट लगभग मिलता रहा है। इस प्रत्याशी का नाम है चमरा लिंडा। जो आदिवासी छात्र संघ से अपनी राजनीतिक जमीन बनाई है। वर्तमान में वे झामुमो के टिकट पर विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। कयास लगाए जा रहे हैं कि चमरा लिंडा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से इस बार चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि महागठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में सुखदेव भगत को टिकट मिल चुका है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुखदेव भगत को महागठबंधन की ओर से कांग्रेस पार्टी का टिकट मिलने से चमरा लिंडा नाराज चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि चमरा लिंडा निर्दलीय ही चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। वही पार्टी द्वारा झामुमो विधायक चमरा लिंडा को मनाने के प्रयास तेज हो गए हैं। पार्टी के कुछ सीनियर लीडर को उन्हें मनाने की जिम्मेवारी दी गई है। अब चमरा पार्टी की बात मानते या नहीं यह आने वाले कुछ दिनों में स्पष्ट हो जाएगा। वहीं चमरा लिंडा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वे हर हाल में लोहरदगा से चुनाव मैदान में उतरेंगे। चाहे वह निर्दलीय ही क्यों न हों। इधर झामुमो का कहना है कि वह पूरी ईमानदारी के साथ गठबंधन धर्म का पालन करेगी। अगर चमरा लिंडा इस सीट से निर्दलीय अथवा किसी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ते हैं तो भाजपा के लिए संजीवनी बूटी साबित होगा। अगर चमरा लिंडा चुनाव मैदान में नही उतरते हैं तो इस सीट से सुखदेव भगत और समीर उरांव के बीच कांटे की टक्कर होना तय है।

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**
(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in)

**आदेश**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान गढ़वा जिला अंतर्गत 080– गढ़वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 081– भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गठित मतदान दलों का डिस्पैच श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा परिसर से किया जाएगा। मतदान दलों के लिए आवंटित वाहनों का पार्किंग श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के पश्चिम में खाली भू–खण्ड से किया जाएगा।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में मैं शेखर जमुआर (भा०प्र०से०), जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 160 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री सदगुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय, गढ़वा के पश्चिम में मौजा–छतरपुर, थाना संख्या–232 के खाता संख्या 73, प्लॉट 54 को दिनांक 01.05.2024 से दिनांक 14.05.2024 तक के लिए अधिग्रहित करता हूँ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा

PR 323911 Election (24-25)_D

## एक नजर

### तालाब में डूबने से हुई दो सगे भाई की मौत

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के कल्हाबार पंचायत अंतर्गत तेलखरा में शुक्रवार को तालाब में डुबने से 2 बच्चे की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। वे अपने मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आये थे।घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि बगोदर के गुरगुरिया टांड़ निवासी चन्द्रिका साव की पत्नी टुनुआ देवी अपने दोनो बेटे आशीष कुमार और छोटु कुमार के साथ तेलखरा अपने मौसेरा भाई प्रकाश साव के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आयी थी।शुक्रवार की दोपहर आशीष और छोटु अपनी मां और घर की अन्य महिलाओं के साथ स्नान करने घर के कुछ दुरी पर स्थित तालाब गए थे। इसी दौरान एक भाई डुबने लगा तो यह देख दूसरा भाई उसे बचाने गया और दोनों डुबने लगे। यह देख साथ स्नान कर रहे गांव के अन्य बच्चों ने तालाब में स्नान कर रही महिलाओं को इसकी सूचना दी। खबर होते ही गांव के लोग वहां जमा हुये और किसी तरह दोनों को बाहर निकाला और तत्काल एक एम्बुलें से हॉस्पिट भेजा गया।

### युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बहरागोड़ा थाना अंतर्गत केंवला गांव निवासी सनी पातर (24) अपने घर में चुनरी के सहारे शुक्रवार की सुबह गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार जब उसने यह कदम उठाया तब घर में कोई नहीं था । सनी पातर पानी पाइप लाइन का कार्य किया करता था । वह शुक्रवार की सुबह नाश्ता करने के पश्चात काम पर नहीं गया था । सनी ने कमरे में जाकर दरवाजा बंद करके फांसी लगा ली । परिजन आनन फानन में तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा ले गये । वहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया । उधर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए घाटशिला भेज दिया । साथ ही मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है ।

### सलाई जंगल में अवैध पत्थर खनन कर रहा जेसीबी दुर्घटनाग्रस्त

**नोवामुंडी।** सारंडा वन क्षेत्र अन्तर्गत सलाई जंगल में 18-19 अप्रैल की रात अवैध तरीके से पत्थरों की खनन करने के दौरान एक जेसीबी मशीन दुर्घटनाग्रस्त हो गई. दुर्घटनाग्रस्त जेसीबी मशीन को निकालने का प्रयास जारी है । सलाई के ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जेसीबी किसका है तथा कौन खनन करा रहा था, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है । कोई भी कार्य करने से पहले ग्रामसभा व वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है । लेकिन इस खुदाई मामले में ग्रामसभा से कोई अनुमति नहीं ली गयी । ग्रामीणों ने कहा कि जिस पहाड़ी पर अवैध खुदाई हो रही थी, वह क्षेत्र रिजर्व वन या प्रोटेक्टेड वन क्षेत्र में ता है वह वन विभाग या अंचल कार्यालय हीं बता सकता है । मामले की जांच होनी चाहिए ।

### कंपनी फैला रही प्रदूषण, लेकिन नहीं हो रही कार्रवाई

**चांडिल।** चांडिल प्रखंड अंतर्गत लाखा स्थित बिहार स्पंज आयरन लिमिटेड कंपनी द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण की चपेट में चांडिल प्रखंड के कम से कम तीन पंचायत की जनता त्रस्त है । प्रदूषण की जांच भी की गई । जांच के बाद झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद भी मान रही है कि कंपनी से प्रदूषण हो रहा है । यह वाक्या उस क्षेत्र में हो रहा है जहां की विधायक झारखंड विधानसभा की पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण समिति की सभापति हैं । लेकिन कंपनी पर कार्रवाई नहीं होने से दीया तले अंधेरा वाली कहावत चरितार्थ हो रही है । पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण समिति के सभापति सविता महतो के निर्वाचन क्षेत्र में ही कंपनी प्रबंधन बगैर प्रदूषण नियंत्रण यंत्र के विनाशकारी प्रदूषण फैलाते हुए कंपनी का संचालन कर रही है।

## निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम

# सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**आमचुनाव एवं उपचुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित**



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा आमचुनाव एवं 31-गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव 2024 में प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण बीएनएस डीएभी पब्लिक स्कूल गिरिडीह में एक पाली में दिया गया। उक्त प्रशिक्षण का जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने निरीक्षण कर प्रतिनियुक्त सेक्टर ऑफिसर्स एवं माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण का जायजा लिया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने ईवीएम वीवीपैट, बीयू, सीयू, मॉकपोल, मतदान प्रक्रिया व अन्य निर्वाचन प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन में सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस पदाधिकारी की भूमिका अहम है। उन्होंने सभी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाहरणालय परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है ताकि निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता/शिकायत हेतु संपर्क स्थापित किया जा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की सहायता हेतु आप सभी कंट्रोल रूम की सहायता ले सकते हैं।

**इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नाकित बिन्दुओं पर चर्चा की गई**

आज एक पाली में लगभग 276 सेक्टर ऑफिसर्स, 276 सेक्टर पुलिस ऑफिसर्स एवं 100 माइक्रो आब्जर्वर को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिनियोजित सभी कर्मियों को चुनाव कार्य के सभी चरणों का विशेष एवं गहन प्रशिक्षण विशेषज्ञ मास्टर ट्रेनेरो के द्वारा दिया जा रहा है। इसके साथ ही इभीएम का हैंड्स ऑन भी कराया जा रहा है। जिस से चुनाव के समय इभीएम सम्बन्धी किसी भी समस्या का निराकरण सेक्टर ऑफिसर्स के द्वारा भी तत्काल किया जा सके। इसके अतिरिक्त सेक्टर ऑफिसर्स को पोल डे एवं अन्य रिपोर्टिंग प्रपत्रों के सम्बन्ध में एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्यों एवं जनरल आब्जर्वर को दिए जाने वाले प्रपत्रों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक बतलाया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का क्यूआर कोड की सहायता से आकलन किया जा रहा है। जिसके आधार पर आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी। प्रशिक्षण केन्द्र पर कराये जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों के अनुसार लाइव वेबकास्टींग किया जा रहा है। जिसकी राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला नियंत्रण कक्ष के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।

## मैट्रिक में चंदौरी बरमसिया उच्च विद्यालय के छात्र राहुल कुमार 473 अंक लाकर हुए तीसरी टॉपर


राहुल कुमार


तानवी सिंह


रिया कुमारी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

शुक्रवार को झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा वर्ष 2023-24 के मैट्रिक का परिणाम घोषित हो चूका है। जिसमें तिसरी प्रखंड के चंदौरी बरमसिया उच्च विद्यालय के छात्र राहुल कुमार ने 473 अंक लाकर प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं बरहमसिया उच्च विद्यालय के ही रिया कुमारी ने 470 अंक लाकर द्वितीय और अग्रवाला उच्च विद्यालय तिसरी की छात्रा तनवी सिंह ने 465 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावे माही सिंह ने 458, जानवी कुमारी ने 456, आरती कुमारी 456, मनीष कुमार 453, शुभंकर कुमार 453, तृप्ति कुमारी 451 और सीता कुमारी ने 449 अंक लाकर प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में जगह बनाई है। बताया जाता है कि प्रखंड टॉप करने वाले राहुल कुमार के पिता एक प्रवासी मजदूर और उनकी माता एक गृहणी हैं। उनके पिता मुंबई में रहकर काम करते हैं, वहीं बेटे की मेहनत और लगन से हासिल परिणाम से उनके परिवार समेत पूरे गांव में हर्ष व्याप्त है। वहीं प्रखंड स्तर पर टॉप 10 में जगह बनाने वाले छात्र-छात्राओं की भी परिवारों में खुशी का माहौल है।

### झुलसाने वाली गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ता परेशान

**गिरिडीह।** गर्मी की तपिश झेल रहे लोगों को बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान होना पड़ रहा है. गावां में इन दिनों बिजली का आना-जान लगा है । लाइन जाते ही लोगों की परेशानी बढ़ जाती है । गर्मी की तपिश से बचने के लिए लोग पंखा, कूलर का सहारा लेते हैं । लेकिन लाइन कटते ही ये उपकरण बंद हो जाते हैं । गावां प्रखंड में गर्मी शुरू होते ही बिजली की कटौती होनी शुरू हो गई है । खास कर दिन भर बिजली कट रही है । बिजली कटते ही लोग अपने अपने घरों से बाहर निकल कर खुले खेत खलिहानों में जाकर बैठ जाते हैं । ताकि शरीर में हवा लगे । गर्मी से राहत मिले । इस परिस्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है ।

## पिछले चुनाव में कम वोटिंग वाले बूथों की शिनाख्त करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

पिछले चुनाव में जिन बूथों पर विवाद, हिंसा या अन्य कारणों से मतदान प्रतिशत औसत से कम रहा है, उनकी सूची तैयार की जा रही है. इन बूथों पर खुद पुलिस वाले जाकर मतदान प्रतिशत कम होने के सही कारणों का पता करेंगे । इसके बाद रिपोर्ट बनाकर वरीय पदाधिकारियों को सौंपेंगे ।

समस्या का निदान कर उन बूथों पर मतदान प्रतिशत बेहतर कराने का प्रयास किया जाएगा । यह निर्देश धनबाद के एसएसपी एचपी जनार्दनन ने जिले के सभी थानेदारों को दिया है । इस कार्य में सभी डीएसपी को निर्देशित किया गया है कि संबंधित बूथों पर वे खुद अपने स्तर से नजर रखें। एसएसपी ने जिले के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक संवदेनशील और असुरक्षित बूथों की पहचान के लिए पुलिस टीम को लगाने का निर्देश दिया । कहा कि ऐसे बूथों को चिह्नित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इलाके में जागरूकता अभियान चलाएं । इसके साथ ही बूथों पर चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के रहने की व्यवस्था दुरुस्त करने व सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने की बात कही गई । शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ निरंतर अभियान चलाते हुए इंटर स्टेट चेकपोस्ट व डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट पर पूरी मुस्तैदी से कार्य करने को कहा गया । बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सभी डीएसपी, एसडीपीओ, थानेदार व ओपी प्रभारी मौजूद थे ।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले सभी छह आरोपियों को कोर्ट से सुनाई सजा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**




नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर उसका अवैध गर्भपात कराने के मामले में गिरिडीह के पोक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को मुख्य आरोपी सहित सात आरोपियों को सजा सुनाई है। आरोपियों में डॉक्टर यूसुफ आलम भी शामिल हैं। आरोपी डॉक्टर को सात साल की सजा के साथ साथ पांच हजार रुपय का जुमार्ना भी लगाया गया है।

वहीं मुख्य आरोपी शिवनारायण सिंह को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 25 हजार का जुमार्ना लगाया है। जबकि सोमर सिंह, भोला सिंह, डेगनारायण महतो, मनोज महतो, टेकलाल महतो को तीन-तीन माह कारावास की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को पोस्को जज सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत प्रकाश ने सभी आरोपियों को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सजा सुनाई है। पोस्को के विशेष जज यशवंत प्रकाश ने शुक्रवार को सजा सुनाते हुए मुख्य आरोपी समेत छह आरोपियों पर कड़ी टिप्पणी करते हुए मामले को बेहद गंभीर बताया। नाबालिग से दुष्कर्म और उसका गर्भपात का मामला जिले के निमियाघाट थाना इलाका से जुड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार साल 2015 में नाबालिग पूजा में शामिल होने से पहले शौच के लिए जा रही थी। इसी दौरान नाबालिग को आरोपी शिवनारायण सिंह पकड़कर उसके साथ गलत हरकत करते हुए दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकी देते हुए, कहा कि अगर उसने किसी को ये बात बताया तो उसे जान से मार दिया जाएगा। जिसके कारण पीड़िता छह माह तक बात को छुपाये रखा। जब सात महीने बाद वो गर्भवती हुई, तो परिजनों को पूरी बात बताई।

## 10वीं में 98 प्रतिशत लाकर वासेपुर की फिजा बनीं जिला टॉपर



**धनबाद जिले का रिजल्ट एक नजर में**

- परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी: 25205
- प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण : 13134
- द्वितीय श्रेणी : 10569
- तृतीय श्रेणी : 1502
- 95 प्रतिशत से अधिक : 17
- 90 प्रतिशत अधिक : 279
- 80 प्रतिशत से अधिक : 2056

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को मैट्रिक (10वीं) परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया। धनबाद के वासेपुर स्थित मिल्लत हाई स्कूल की छात्रा फिजा फातिमा 98 प्रतिशत अंक लाकर जिला टॉपर बनी हैं । फिजा को राज्य में छठा स्थान मिला है । रवि महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा के मोहित कुमार दास 97.6 प्रतिशत अंक के साथ जिले में दूसरे और इसी विद्यालय के सौरभ चटर्जी 97.4 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं । इस बार परीक्षा में धनबाद जिले से कुल 25205 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें 13.34 प्रथम, 10569 द्वितीय और 1502 छात्र तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं । कुल 90.32 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि पिछले वर्ष 96.19 प्रतिशत छात्र पास हुए थे । यानी इस बार रिजल्ट में 5.87 प्रतिशत की गिरावट आयी है । पर प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी है ।

### झरिया की करिश्मा को राज्य में मिला तीसरा स्थान

जयरामपुर झरिया की छात्रा करिश्मा कुमारी ने परीक्षा में 98.40 प्रतिशत अंक लाकर राज्य में तीसरा स्थान हासिल किया है । करिश्मा ने इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग से परीक्षा दी थी और वर्तमान में कोटा में रहकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर रही हैं । चूंकि करिश्मा का रजिस्ट्रेशन हजारीबाग से हुआ था, इसलिए उसे धनबाद के टॉप टेन में शामिल नहीं किया गया है ।

## डीसी की फेक फेसबुक आईडी बनाकर मांगे जा रहे पैसे

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**




साइबर ठगों को पुलिस का खौफ नहीं है, शायद इसीलिए साइबर ठगों ने जमशेदपुर के उपायुक्त (डीसी) के नाम पर फेसबुक पर एक फेक आईडी बना ली और उक्त आईडी का इस्तेमाल कर आम लोगों से रुपयों की डिमांड की जा रही है. इसको लेकर जिला जनसंपर्क कार्यालय से एक आदेश भी जारी किया गया है जिसमें जिले वासियों को सतर्क रहने की अपील की गई है । बताया गया है कि डीसी जमशेदपुर के नाम से एक फेसबुक आईडी बनाई गई है । लोग इसके झांसे में नहीं आए और ना ही पैसे ट्रांसफर करे । फ्रेंड लिस्ट में पत्रकार से लेकर कई आम लोग शामिल इस फेक आईडी की फ्रेंड लिस्ट काफी लंबी हो चली है । 2 अप्रैल को इस फेक आईडी को बनाया गया और अब तक कुल 1152 लोग इसके फ्रेंड लिस्ट में जुड़ गए है जिसमें कई पत्रकार और नेता समेत आम लोग शामिल है । फेसबुक आईडी को असली दिखाने के लिए पूर्व उपायुक्त के फोटो को भी अपलोड किया गया है । कई लोग इस आईडी पर अपनी समस्याओं को लेकर शिकायत भी कर रहे है । उपायुक्त अनन्य मित्तल ने लोगों से अपील की है कि जिन लोगों को उनके फेक अकाउंट से संपर्क किया जा रहा है वे झांसे में ना आए और तुरंत प्रशासन को सूचित करे ।

## गरीब लड़की की शादी में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : अमल दास

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर एवं शिक्षा, स्वास्थ की दिशा में लगातार कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार गिरिडीह जिला के विभिन्न क्षेत्रों में संस्था की ओर से नौ जरुरतमंद गरीब लड़की के शादी में सहयोग हेतु संस्था की ओर से पांच-पांच हजार रुपए का चेक संस्था के गिरिडीह जिला प्रभारी मुख्तार अंसारी एवम इरफान अंसारी द्वारा लड़की के माता पिता के हाथों में सौंपा गया।यह कार्यकताओं ग्रामीणों के उपस्थिति में किया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों को बताते हुए जिला प्रभारी ने कहा कि संस्था 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से शुरूआत करते हुए आज झारखंड के लगभग सभी जिलों के साथ साथ बिहार, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़,बंगाल में भी कार्य कर रही है। आने वाले समय में यह संस्था स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हरेक पंचायत के प्रत्येक घर को सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने का काम करने जा रही। इससे देश में बीमारी से जूझ रहे परिवार वालों का आर्थिक समस्या में राहत मिल सकता है। उन्होंने बताया कि आज के समय में गरीब लोगों को बिमारी का इलाज कराने में बहुत कठिनाई होती है। जिसे देखते हुए निःशुल्क दवा हर घर पहुंचाने में संस्था अहम भूमिका निभा रही। संस्था के संस्थापक अमल दास ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य गरीब बच्चों की पढ़ाई में सहयोग कर उनको शिक्षा की रोशनी से जोड़ना।

### जंगली हाथी का उत्पात जारी, ग्रामीण भयभीत

**नवीन मेल संवाददाता।**



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथी का उत्पात बदस्तूर जारी है. रोज शाम ढलने के बाद गांव की ओर जंगली हाथी के पहुंचने के बाद अब ग्रामीण भयभीत है । गुरुवार की रात एक हाथी जंगल से निकलकर गांव में पहुंच गया । नीमडीह प्रखंड के रामनगर में गुरुवार की रात फिर जंगली हाथी पहुंचा और फसलों को अपना निवाला बनाया । देर रात जंगली हाथी ने रामनगर के रघुनाथ महतो और मनोजित महतो नामक किसान के खेत में लगी फसल को चट कर गया । हाथी ने खेत में लगे फसल को रौंदकर भी नुकसान पहुंचाया । बताया गया कि हाथी ने दोनों किसानों के लगभग दस कट्ठा के खेत में लगी धान की फसल को खाकर और रौंदकर नष्ट किया । जंगली हाथी शाम ढलते ही गांव के पास स्थित खेतों में पहुंच जा रहा है और खेत में लगे गरमा धान, सब्जी आदि को खाकर व पैरों से रौंद कर नष्ट कर रहा है। रोज शाम ढलने के बाद जंगली हाथी के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंचने के बाद अब ग्रामीणों को अनहोनी होने का भय सता रहा है । हाथी के आने के कारण अंधेरा होने के बाद लोग खेतों की ओर जाना बंद कर दिए है । वैसे इस क्षेत्र में जंगली हाथी का आगमन और जान व माल की क्षति पहुंचाना नई बात नहीं है । जंगली हाथियों की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के ग्रामीण वन विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए थक चुके हैं । वन विभाग भी जंगली हाथियों को आबादी वाले क्षेत्र से जंगल में वापस ले जाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है ।

## न्यूज बॉक्स

### निरसा में उत्पाद विभाग का छापा, भारी मात्रा में नकली शराब जब्त

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा गांव में उत्पाद विभाग व पुलिस ने शुक्रवार को छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली शराब जब्त की है. निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गांव में बंधन टुडू के आवास को किराए पर लेकर जोगीतोप निवासी विकास सहनी नकली शराब का निर्माण करवा रहा है । इसके बाद छापेमारी कर शराब जब्त कर ली गई । छापेमारी की भनक मिलते ही धंधेबाज फरार हो गया । टीम ने कमरे से विभिन्न ब्रांड की 14 पेटी नकली शराब (124 लीटर), 10 गैलन स्प्रिट (350 लीटर), चार लीटर केरामेल समेत भारी मात्रा में कैप, स्टिकर,नकली होलोग्राम आदि जब्त किया है । विकास साहनी पुराना आपराधिक इतिहास रहा है । उसके खिलाफ चार मामले दर्ज हैं । पुलिस उसके खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी में जुट गई है ।

### एग्यारकुंड के शिवलीबाड़ी में स्कूल के नए भवन का उद्घाटन



**धनबाद :** एग्यारकुंड प्रखंड की शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के कालीमंडा में शुक्रवार को इंग्लिश स्कूल न्यू पोपुलर एकेडमी के नए भवन का उद्घाटन हुआ। जेएससीए के सदस्य अभिजीत घोष की माता रीना घोष, मुखिया अनामिका देवी व मुखिया पति संजय यादव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मुखिया ने कहा कि स्कूल में गरीब परिवार के बच्चों को विशेष सुविधा दी जाएगी। स्कूल संचालक का लक्ष्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों को बेहतर शिक्षा देना है। मौके पर प्रो । दीपक कुमार सिंह, उप मुखिया सरिता कुमारी, संजीव मजूमदार, दोयल घोष, आदित्य ठाकुर, विक्की पासवान आदि उपस्थित थे।

### मैथन पुलिस ने कार से जब्त किये 5.50 लाख रुपये, कार सीज



**धनबाद।** मैथन पुलिस ने गुरुवार की रात वाहन जांच के दौरान मैथन डैम के पास एक कार से नगद 5.50 लाख रुपये जब्त किया है । इस संबंध में पुलिस ने बताया कि कार पश्चिम बंगाल के कल्याणेश्वरी फाड़ी क्षेत्र के रहनेवाले विनोद यादव की है, जो स्वयं रुपये ले जा रहा था । पुलिस ने बताया कि पूछताछ में विनोद यादव जब्त रुपये का सही श्रोत नहीं बता पाया है, इसलिए रुपये एवं कार को जब्त कर जांच की जा रही है । बता दें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा के हर इंट्री प्वाइंट पर धनबाद पुलिस द्वारा आने जाने वाले वाहनों की गहन जांच की जा रही है । इसी क्रम में मैथन डैम पर वाहनों की जांच के दौरान पुलिस ने साढ़े पांच लाख रुपये बरामद किया है । हालांकि सूत्रों ने बताया कि पुलिस द्वारा रुपये बरामद दोपहर तीन बजे ही किया गया था, लेकिन पुलिस ने इसकी पूरी जांच पड़ताल करने के बाद रात दस बजे खुलासा किया । इससे पहले मैथन पुलिस ने इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर अब तक 50 लाख रुपये से अधिक बरामद कर चुकी है । इसके अलावा 36 किलो चांदी सहित भारी मात्रा में देशी-विदेशी शराब भी जब्त करने में सफलता रही है ।

### मधुपुर वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही बस पुरुलिया के पास पलटी

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के बागुनहातू से देवघर के मधुपुर में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही यात्री बस पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के पास टायर फटने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी । घटना गुरुवार सुबह की है । घटना के बाद सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से सभी घायल अपना इलाज कराने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल पहुंचे। घायलों में दुल्हन समेत कई लोग शामिल है । बस में सवार सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि वे लोग बागुनहातू के रहने वाले है । देवघर के एक लॉज में शादी होनी थी इसलिए वे लोग मिनी बस में सवार होकर गुरुवार सुबह 5 : 30 बजे जमशेदपुर से निकले थे । 9: 30 बजे पुरुलिया के टमना के पास बस का अगला चक्का तेज आवाज के साथ फट गया जिससे बस अनियंत्रित होकर झाड़ियों में जा गिरी । सत्येंद्र ने बताया कि घायलों में दुल्हन सुषमा कुमारी समेत अधिकतर महिलाएं शामिल हैं, उन्हें काफी चोटें आई । सभी को स्थानीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया । वे लोग आज जमशेदपुर में अपना इलाज कराने पहुंचे है । घायलों में टुनू प्रसाद, किरण देवी, वीणा देवी, अखिलेश कुमार, संतोष कुमार, मोनू कुमार, गीता देवी, सीमा देवी, श्रीदेवी, अवलेश कुमार समेत अन्य सदस्य शामिल है ।

### मैट्रिक की परीक्षा में प्रोबिन, अनूप और संजय पूर्वी सिंहभूम टॉपर

**जमशेदपुर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को 10वीं कक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है । परीक्षा में साकची विवेकानंद हाई स्कूल साकची के छात्र रोबिन कुमार मुर्मू, बहरागोड़ा के पूरनापानी आदिवासी हाई स्कूल का छात्र अनूप टुडू और पोटका के अपग्रेडेड हाई स्कूल हेंसरा का छात्र संजय महाकुड़ जिला टॉपर रहे हैं । इन तीनों छात्रों ने 500 अंक में 484 अंक हासिल किए हैं । तीनों छात्रों को 96.8 प्रतिशत अंक मिले हैं । इसके बाद चार छात्रों ने 500 अंक में से 482 अंक हासिल किए हैं । इन सभी छात्रों का अंक प्रतिशत 96.4 है । इनमें एडीएल सोसायटी हाई स्कूल साकची के छात्र राकेश बसु भूमिज, संट जोसेफ हाई स्कूल गोलमुरी की छात्रा रिया राय, डीबीएमएस गर्ल्स हाई स्कूल जमशेदपुर की छात्रा श्रेया कुमारी और एलबीएस हाई स्कूल जयपुरा की छात्रा पूजा सेन शामिल हैं । बहरागोड़ा के पूरनापानी आदिवासी हाई स्कूल के छात्र हिमांशु महतो ने 500 अंक में से 481 अंक हासिल किए हैं । उन्हें 96.2 प्रतिशत अंक मिले हैं। इस बार जैक बोर्ड में मैट्रिक की परीक्षा में पूर्वी सिंहभूम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पूर्वी सिंहभूम 94 प्रतिशत रिजल्ट देकर पहले स्थान पर है । हजारीबाग दूसरे स्थान पर खिसक गया है । हजारीबाग का रिजल्ट प्रतिशत 93.835 प्रतिशत है । गिरिडीह तीसरे स्थान पर है । हालांकि पिछले साल की तुलना में पूर्वी सिंहभूम जिले के मैट्रिक का रिजल्ड काफी खराब रहा है । पिछले साल 97.37 प्रतिशत रिजस्ट था जो इस साल घटकर 94 प्रतिशत हो गया है ।

### दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक बैंक कर्मी की हुई मौत

**गिरिडिह ।** बेंगाबाद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक बैंक कर्मी की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. पहली घटना बेंगाबाद-चतरो पथ पर पारडीह मोड़ के समीप हुई. यहां दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक पर सवार बैंक कर्मी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यूनियन बैंक के कर्मी रामप्रसाद सिंह की स्थिति चिंताजनक थी आनन- फानन में उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. दो अन्य घायल हथबोर के रहने वाले बताए जाते हैं। बताया गया कि रामप्रसाद सिंह यूनियन बैंक की चकाई शाखा में पदस्थापित थे. वह बाइक से ड्यूटी जा रहे थे. तभी पारडीह मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक उनकी बाइक टकरा गई. वहीं, बेंगाबाद-छोटकी खरगडीहा पथ पर मुंडराडीह के समीप हुई दूसरी सड़क दुर्घटना में छोटकी खरगडीहा पंचायत के दुबेडीह निवासी युवक सुशील कुमार दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया।

## राज्य में जलसंकट है पर मुद्दा नहीं

**झारखंड** उच्च न्यायालय ने राजधानी रांची के जलसंकट पर स्वतः संज्ञान लेकर सरकार से पूछा था कि रांची के प्रमुख जलस्त्रोतों की स्थिति क्या है। रांची में जलसंकट पिछले कई सालों में गहराया। जल स्तर नीचे चले जाने से लोगों को पर्याप्त पीने का पानी नहीं मिल रहा है। सरकार और नगर निगम को इससे निपटने और जल स्तर को बरकरार रखने के लिए योजना बना कर काम करना चाहिए। अदालत ने कहा कि झारखंड का हाल भी कहीं बेंगलुरु जैसा न हो जाए, जैसा संकट अभी से ही वहां के लोग झेल रहे हैं। उधर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने पिछले कुछ महीनों से बेंगलुरू में व्याप्त जल संकट को हल करने के प्रयासों में अपना योगदान दिया है और आईपीएल फ्रेंचाइजी की 'गो ग्रीन' पहल के तहत तीन झीलों का कायाकल्प किया गया है। इंडिया केयर्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी ने कन्नूर झील में नागरिक सुविधाएं जोड़ने के अलावा इत्तगलपुरा झील और सादेनहल्ली झील का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया है। आरसीबी ने पिछले अक्टूबर में अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में झील सुधार कार्य परियोजना शुरू की थी जिसमें उक्त क्षेत्रों में जल स्त्रोतों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था क्योंकि उनकी कावेरी जल तक पहुंच नहीं है और वे पूरी तरह से भूजल और सतही जल पर निर्भर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इत्तगलपुरा झील और सादेनहल्ली झील से 1.20 लाख टन से अधिक गाद और रेत हटाई गई है। मिट्टी का उपयोग झीलों के आसपास रास्ते बनाने के लिए किया गया है और 52 किसानों ने इसे अपने खेतों में भी इस्तेमाल किया है। परिणामस्वरूप इन झीलों की जल धारण क्षमता 17 एकड़ तक बढ़ गई है। कन्नूर झील के आसपास जैव विविधता में सुधार के उद्देश्य से औषधीय पौधों के पार्क, बांस का पार्क और तितलियों का पार्क बनाया गया है। झारखंड की बात करें तो यहां भूगर्भ जलस्तर चिंतनीय तो है ही पलामू सहित अनेक क्षेत्रों में वर्षा जल और सिंचित क्षेत्र भी अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम हैं जिस कारण क्षेत्रफल के हिसाब से खेती नहीं हो पाती और पेयजल भी एक बड़ी समस्या बना हुआ है। सरकार ने सभी घरों में वर्षा जल संचय के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य कर दिया था पर इस पर दबाव नहीं बनाया गया और यह महज एक औपचारिकता बनकर रह गया। दूसरी तरफ राजधानी रांची के बड़े जलस्त्रोतों की तरह प्रायः पूरे राज्य में जितने भी जलस्त्रोत हैं सभी की सफाई दशकों से या तो नहीं हुई या हुई ही नहीं जिस कारण लाखों टन गाद उनमें जमा हैं। दूसरी तरफ राज्य की अपनी आबादी के अलावा औद्योगीकरण के कारण बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के लोग भी आए और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप पानी की मांग उद्योगों के लिए भी हुई और बढ़ी हुई आबादी के कारण भी । राज्य में ज्यादातर डैम और जलाशय चाहे वो छोटे हों या बड़े प्रायः सभी घोटालों और अनियमितताओं के कारण असफल रहे जिससे सिंचाई की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाई न ही पेयजल की मांग के अनुरूप आपूर्ति हो पाई। आज के दिन स्थिति यह है कि राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर या कस्बे में नल जल के बजाय लोग अपना बोरिंग कराना चाहते हैं जिससे जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है जो चिंताजनक है। इसके समाधान के लिए दीर्घकालीन योजना के अलावा अल्पकालीन योजनाएं बनाए जाने की आवश्यकता है। अभी चुनाव चल रहे हैं पर किसी भी पार्टी या नेता ने जलसंकट को मुद्दा नहीं बनाया है जिससे इस विषय पर राजनीतिक गंभीरता की कमी को समझा जा सकता है।

> **इंडिया केयर्स फाउंडेशन की रिपोर्ट के अनुसार आरसीबी ने कन्नूर झील में नागरिक सुविधाएं जोड़ने के अलावा इत्तगलपुरा झील और सादेनहल्ली झील का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया है। आरसीबी ने पिछले अक्टूबर में अपनी प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में झील सुधार कार्य परियोजना शुरू की थी जिसमें उक्त क्षेत्रों में जल स्त्रोतों को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था क्योंकि उनकी कावेरी जल तक पहुंच नहीं है और वे पूरी तरह से भूजल और सतही जल पर निर्भर हैं।**

इन दिनों

# क्या कांग्रेस को उम्मीदवार नहीं मिले



बिनोद सिंह गहरवार



**लोकसभा** चुनाव का सारे देश में माहौल बन चुका है और इस दौरान एक बात पर राजनीति की गहरी समझ रखने वाले ज्ञानियों को गौर करना होगा कि कांग्रेस लगभग 330 सीटों पर ही क्यों चुनाव लड़ रही है। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में सरकार बनाने का ख्वाब देखनी वाली कांग्रेस के इतने कम सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़ी करने की क्या वजह है? क्या उसे कायदे के उम्मीदवार नहीं मिले ? कांग्रेस ने 1999 के लोकसभा चुनाव में 529 उम्मीदवार उतारे थे। उसके बाद 1998 में 477, 1999 में 453, 2004 में 417, 2009 में 440, 2014 में 464 और 2019 में 421 उम्मीद उतारे। इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों की तादाद पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में भारी गिरावट होने जा रही है। कांग्रेस के नेता लाख तर्क दें कि उनकी पार्टी क्यों कम सीटों पर उम्मीदवारों को उतार रही है, पर सच यही है कि सन 2014 के बाद देश में नरेन्द्र मोदी के उदय के साथ ही कांग्रेस का संध्याकाल शुरू हो गया था। बीते दसेक सालों के दौरान, कांग्रेस उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र वगैरह में तेजी से सिकुड़ी है। इन राज्यों में लोकसभा की कुल मिलाकर 40 फीसद के आसपास सीटें हैं। जिस राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को कांग्रेस अपना शिखर नेता मानती है वे भी अपनी पार्टी का भाग्य नहीं बदल पा रहे हैं। 1989 से कांग्रेस उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर है। वहां उसके अंतिम मुख्यमंत्री वीर बहादुर सिंह थे। यह वही उत्तर प्रदेश है जो कि कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था और नेहरू परिवार का निवास भी क आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उत्तर प्रदेश में 17 सीटों पर लड़ रही है। अगर अब भी कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेहरू-गांधी परिवार की गुलामी नहीं छोड़ी तो उनकी पार्टी जल्दी ही इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगी। राहुल और प्रियंका गांधी का जमीनी हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इनके आशीर्वाद से जेएनयू के टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता कन्हैया कुमार की कांग्रेस में एंट्री हुई थी। अब उसे कांग्रेस ने राजधानी की नॉर्थ ईस्ट सीट से अपना उम्मीदवार बना दिया है। यह वही कन्हैया कुमार हैं जो कहते रहे हैं कि भारतीय सेना के जवानों ने कश्मीर में बलात्कार जैसे घिनौने कृत्य किए हैं। राहुल और प्रियंका गांधी ने कभी बताया नहीं कि कन्हैया कुमार किसलिए और किस आधार पर सरहदों की रक्षा करने वाली भारतीय सेना पर आरोप लगाते रहे हैं? आप अगर देश विरोधी तत्वों का साथ दोगे तो फिर आपको चुनाव में जनता जवाब तो देगी ही। कन्हैया कुमार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्यसमिति में जगह देकर संदेश दे दिया था कि उन्हें उन तत्वों से कोई परहेज नहीं हैं जो भारतीय सेना पर कश्मीर में बलात्कार करने के आरोप लगाते रहे हैं। बेशक, देश कन्हैया कुमार को कभी माफ नहीं करेगा क्योंकि उसने सेना पर मिथ्या आरोप लगाए। कन्हैया कुमार ने पिछला लोकसभा चुनाव बेगूसराय से लड़ा था और वे बुरी तरह हारे। वे तब भाकपा में थे। उनके लिए टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों ने बेगूसराय में डेरा डाला हुआ था। ये सब सोशल मीडिया पर इस तरह का माहौल बना रहे थे कि मानो भारतीय सेना को बलात्कारी कहने वाला कन्हैया कुमार भाजपा के गिरिराज सिंह को हरा ही देगा। कन्हैया कुमार को कांग्रेस कार्यसमिति में जगह मिलना अप्रत्याशित है। यह कांग्रेस की सबसे बड़ी और शक्तिशाली समिति है। कांग्रेस के अपने नियम और संविधान हैं, इसे लागू करने का अंतिम निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ही करती है। कहने वाले तो कहते हैं कि इसके पास इतनी शक्तियां होती हैं कि वह पार्टी अध्यक्ष की नियुक्ति भी कर सकती है और पद से चलता भी कर सकती है। जाहिर है, कांग्रेस की इन तमाम हरकतों को देश की जनता देख रही है। साल 2019 में जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाया गया तो कांग्रेस ने इसका संसद में जमकर विरोध किया था। हालांकि, आगे चलकर कांग्रेस का रुख एकदम बदला हुआ नजर आया। जब सुप्रीम कोर्ट ने आर्टिकल 370 हटाए जाने के केंद्र के फैसले को सही ठहराया तो कांग्रेस ने इसकी बहाली को लेकर कोई बात नहीं की। पूर्व केंद्रीयमंत्री पी. चिंदबरम और वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रेस वार्ता की। इस दौरान पी. चिदंबरम ने कहा, 'हमने कभी भी अनुच्छेद 370 को फिर से बहाल करने की बात नहीं की। हमने उसे हटाने के तरीके का विरोध किया था।' चिदंबरम ने कहा, 'सुप्रीम कोर्ट का 370 पर जो फैसला आया है, उसने कई महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान किया है लेकिन कई सवाल बाकी हैं। 370 हटाने का जो तरीका था, हम उसके खिलाफ थे। हमने सीडब्ल्यूसी में प्रस्ताव भी पास किया था। मतलब जब कांग्रेस को जनता के मूड की भनक लगी तो उसने अपनी लाइन चेंज कर ली। खैर, राहुल गांधी की चाहत है कि वे नरेन्द्र मोदी का स्थान ले लें कप्रियंका की भी इच्छा है कि वह दूसरी इंदिरा गांधी बने। पर ये दोनों भारत को अभी तक समझ ही नहीं पाए हैं। इसी कारण से आज कांग्रेस की स्थिति बेहद शर्मनाक हो गई है। अगर यह दोनों पार्टी में बरकरार रहते हैं तो कांग्रेस के अंतिम संस्कार की राख भी ढूढंने से नहीं मिलेगी। लगता है कि दोनों ने कांग्रेस की कपाल क्रिया करने का पूरी तरह मन बना लिया है। दोनों अपने मकसद की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है। वह पार्टी को कहीं विजय नहीं दिलवा पा रहा है। केन्द्रीय नेतृत्व तब ताकतवर होता है जब उसकी जनता के बीच में कोई साख होती है। लेकिन हैरानी होती है कि कांग्रेस में केन्द्रीय नेतृत्व यानी सोनिया गांधी और उनके बच्चों के खिलाफ विद्रोह क्यों नहीं होता है। जिस पार्टी से पंडित नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार पटेल का संबंध रहा है, वह पार्टी अंतिम सांसें ले रही है। यह दुखद स्थिति है। कांग्रेस की हार के लिए गांधी परिवार के साथ-साथ पार्टी के कुछ दूसरे नेताओं को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। कांग्रेस में बहुत सारे तथाकथित नेता हैं जिनका जनता से कोई संबंध तक नहीं है। ये लुटियन दिल्ली के बड़े विशाल सरकारी बंगलों में रहकर कागजी राजनीति करते हैं। इनमें से अधिकतर बड़े मालदार कमाऊ वकील हैं। वकालत से थोड़ा बहुत वक्त मिल जाता है, तो ये टाइम पास करने के लिये और खबरों में बने रहने के लिये सियासत भी करने लगते हैं। ये मानते हैं कि खबरिया चैनलों की डिबेट में आने मात्र से ही वे पार्टी की महान सेवा कर रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस के लोकसभा से लेकर विधानसभा चुनाव में खराब होते प्रदर्शन के कारण उसे क्षेत्रीय दलों के आगे नतमस्तक होना पड़ रहा है। महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कांग्रेस क्षेत्रीय दलों से कुछ सीटें हासिल करके लोकसभा का चुनाव लड़ रही है। इस बार के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी का वोट जिस नई दिल्ली लोकसभा सीट में है वहां पर उनका कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं होगा। आम आदमी पार्टी से सीटों के तालमेल के बाद कांग्रेस ने नई दिल्ली की सीट उसे दे दी। अब समझा जा सकता है कि कांग्रेस किस तरह से देश में हाशिये पर जा रही है **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आपकी बात

### समस्याओं से निजात की पहल




कुछ बातों को अगर हम राजनीतिक दृष्टिकोण से देखना बंद कर दें तो वह हम सब के लिए एक शुभ संदेश ही देते हैं। हम बात कर रहे हैं, भारत में शौचालयों के बारे में। कुछ वर्ष पूर्व तक अगर हम कभी ट्रेन से गुजरते थे तो सुबह के समय रेलवे लाइन के आसपास की खाली जगहों पर महिला-पुरूष और बच्चे शौच करते दिखाई देते थे। यह ऐसी स्थिति थी कि वे शर्म के मारे अपने चेहरे को ढक कर ही शौच त्याग करते रहने को मजबूर थे। गांव और कस्बों की स्थिति तो और भी खराब थी। वहां पुरूष तो किसी तरह अपना शौच त्याग कर लेते थे, लेकिन महिलाओं को इसके लिए शाम और रात का इंतजार करना पड़ता था। अब इसमें काफी परिवर्तन भी आया है। अब इस तरह के दृश्य काफी कम दिखाई देते हैं। यह ऐसी स्थिति थी कि ऐसे में कई महिलाओं को बलात्कार का भी शिकार होना पड़ता था। फिल्म 'टायलेट एक प्रेम कथा' इसी समस्या को इंगित करती है। शौच के लिए 'मैदान जाना' वाक्य काफी प्रचलित था। इसके साथ ही हल्के होकर आना, जंगल होकर आना आदि शब्द प्रचलित थे। यानि शौच खुले मैदान और जंगलों में ही किया जाता था। बंद कमरे में शौच करना सिर्फ शहरों और समृद्ध लोगों के बीच थी। वैसे भी शायद किसी किले में शौचालय नहीं मिला है। वर्षो से इस समस्या पर किसी ने भी ध्यान नहीं दिया था। शायद इसे अभी भी कई लोग समस्या ही नहीं मानते थे। कई जगहों पर नये मकान वाले शौचालय तभी बनाते थे, जब तक की आसपास में खुले में शौच के लिए जगह नहीं बची हो; इस तरह की सोच ने स्थिति काफी बिगाड़ दी थी। अब इस समस्या से हमारा देश निजात पा रहा है। हमसे पहले हमारे पड़ोसी देश बांगला देश ने इस समस्या से हमसे पहले ही निजात पा लिया था। इस मामले में हम बिहार के वैशाली जिले के रहने वाले डॉ. बिनदेश्वर पाठक का नाम गर्व से ले सकते हैं, जिन्होंने इस समस्या को बहुत पहले जान लिया था और एक ऐतिहासिक बदलाव लाया था। इन्होंने मलिन बस्तियों और स्कूलों में कई शौचालय बनावाये थे। साथ ही सर पर मैला ढोने की कुप्रथा को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सार्वजनिक स्थानों पर इन्होंने शुलभ शौचालय बनवाना शुरू किया था। इतना होने के बावजूद इस दिशा में अभी और काम होना बाकी है। वैसे भी शौच के लिए पर्यायवाची शब्द 'दिशा करकेआना' काफी प्रचलन में है। उधर, वैसे इस क्षेत्र में काफी काम होना बाकी है। वैसे देखा जाये तो जगह-जगह और घरों में शौचालय निर्माण ने इस समस्या को काफी हद तक काबू में कर लिया गया है। वैसे शौचालय के लिए पैसों का लोगों ने गलत इस्तेमाल भी किया है। वैसे यह उनका व्यक्तिगत मामला है। इस तरह के समाचार हम अखबारों में आये दिन पढ़ते रहते हैं कि शौचालय की जगह पर लकड़ी रखने की जगह का काम किया जा रहा है या फिर उन पैसों का गबन कर लिया गया है।

**– ए प्रकाश, मेदिनीनगर।**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

लोस चुनाव

# आम चुनाव के बीच भारत को कमजोर बताने का अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र



डॉ.मयंक चतुर्वेदी

**दुनिया** में तमाम संगठन और एजेंसियां हैं जो समय-समय पर विभिन्न विषयों पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर उन्हें जारी करती हैं। इन एजेंसियों और संगठन की रिपोर्ट कितनी सही या गलत हैं, समय बीतने के साथ आखिरकार सामने आ ही जाता है। भारत के संदर्भ में भी कई रिपोर्ट जारी हुई हैं। अधिकांश में जो एक समानता दिखाई देती है, वह यही है कि भारत मोदी सरकार के रहते कमजोर हुआ है। किंतु क्या वाकई में यह सच है? इस संदर्भ में गहराई से अध्ययन करने के लिए लोकसभा, राज्यसभा में हुई तमाम बहसे हैं और उन बहसों के बीच सदन के पटल पर रखे गए वह आंकड़े हैं जो हमें सच्चाई से अवगत करा देते हैं। फिर सूचना के अधिकार के तहत विभिन्न मंत्रालयों, विभागों से प्राप्त की गई जानकारियां हैं और राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई वार्षिक रपटें तथा उनके सभी विभागों की प्रोग्रेस रिपोर्ट आज मौजूद हैं। वस्तुतः यह सभी साक्ष्य हमें यह बताने के लिए पर्याप्त हैं कि भारत किस तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है, लेकिन भारत के विरोधी हैं कि इसे हर हाल मे नीचा दिखाना ही चाहते हैं। यही कारण है कि अधिकांश में जहां भी भारत का जिक्र है, वहां एक तरह की समानता दिखती है। भारत भुखमरी में सबसे आगे पायदान पर खड़ा दिखाया जाएगा। कुपोषण में भारत को आगे दिखाएंगे। हिंसा, अपराध में भारत को रेड जोन में दिखाया जाता है। गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम जनता से सीधे जुड़े विषयों में भी सबसे दयनीय हालत में भारत को ही दिखाया जाता है। आश्चर्य तो यह है कि जब खुशी का वैश्विक इंडेक्स यूएन के एक्पर्ट तैयार करते हैं तो उसमें भी भारत को उसके पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से भी निचले पायदान पर दर्शा दिया जाता है। फिर शुरू होता है झूठ का प्रचार करना। इसका एक परिणाम यह होता है कि सत्ता के विरोधियों को इसके बहाने सरकार को घेरने का अवसर मिल जाता है, पर सच तो सच ही रहता है। कई बार हो सकता है कि सच को सामने आने में वक्त लगे, लेकिन वह अपनी प्रखरता के साथ सामने जरूर आता है। अब इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की जारी की गई 'हैप्पीनेस रिपोर्ट' को ही ले लें। पाकिस्तान को जहां इस 'हैप्पीनेस रिपोर्ट' में 108वां स्थान दिया गया, वहीं भारत 126वें स्थान पर है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

> **हिंसा, अपराध में भारत को रेड जोन में दिखाया जाता है। गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी जैसे आम जनता से सीधे जुड़े विषयों में भी सबसे दयनीय हालत में भारत को ही दिखाया जाता है।**



बोधि वृक्ष

## मां उग्रतारा की महिमा अपार...

उन्होंने बताया कि इस मंदिर में समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की व्यवस्था की गयी है। नवरात्र के दौरान नूतन मंडप में नवरात्र पूजन किया जाता है। नूतन मंडप के निर्माण के लिए बांस लाने का काम अलौदिया के सरहाली गांव के गंझू व परहिया जाति के लोग ही करते हैं। खैर लाने का काम हरैया गांव के तैलिक-साहू जाति के लोग करते हैं। वहीं, मंडप को छारने का काम अलौदिया गांव के उरांव जाति के लोग करते हैं। मंदिर की रंगाई-पुताई नगर के गंझू जाति के लोग करते हैं। इतना ही नहीं दशहरा में 16 दिनों तक जो आचार्य तीखुर का भोग ग्रहण करते हैं, उसके लिए पूरे अलौदिया गांव से दूध एकत्रित कर प्रतिदिन नगर मंदिर ले जाया जाता है।

**पोथी के आधार पर की जाती है पूजा**

सेवायत सह मुत्जिमकार श्री मिश्र ने बताया कि टुढ़ामू




स्थित मिश्र परिवार के घर में देवी के कृपा से एक अद्भुत पुस्तक है। इसके आधार पर ही ऐतिहासिक नगर मंदिर में दशहरा पूजा संपन्न होती है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक में कई पुराणों का सार है। इसे मिश्र परिवार द्वारा ही लिखा गया है। यह कैथी लिपि में लिखी गयी है. इस पोथी को सालों भर मिश्र परिवार के घर में देवी तुल्य रखा जाता है. साल में 16 दिनी नवरात्र के दौरान ही इसे निकाला जाता है. मंदिर में इसी पुस्तक के माध्यम से विशेष पूजा संपन्न होती है। **(समाप्त)**

## फेसबुक वॉल से




## X- से




## सुरक्षाबलों के नक्सली एनकाउंटर पर सवाल उठाने के मायने



रमेश शर्मा

**सुरक्षाबलों** ने एनकाउंटर करके छत्तीसगढ़ में आतंक का पर्याय माने जाने वाले 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने इस एनकाउंटर को फर्जी बताया है। उनके बयान से यह बहस तेज हो गई है कि क्या कांग्रेस लोकसभा चुनाव में नक्सलियों का सद्भाव लेना चाहती है? छत्तीसगढ़ देश का सर्वाधिक नक्सल प्रभावित प्रांत है। नक्सलियों का मुख्य केंद्र बस्तर है। इस संभाग में दो संसदीय क्षेत्र बस्तर और कांकेर आते हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल बस्तर से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह चर्चा सदैव रही है कि बस्तर के अधिकांश क्षेत्र पर नक्सलियों का प्रभाव है। वे इस पूरे परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्रहण का लाभांश भी वसूलते हैं और मतदान को भी प्रभावित करते हैं । इस लोकसभा चुनाव में नक्सली कोई बड़ी वारदात करना चाहते थे। यह रणनीति बनाने के लिये नक्सली एकत्र हुये थे। पुलिस को सूचना मिली। सूचना इतनी सटीक निकली कि नक्सली घिर गये। एनकाउंटर हुआ । यह सुरक्षाबल के जवानों की रणनीति और घेराबंदी थी कि पांच-पांच लाख के इनामी दो टाप कमांडर सहित 29 नक्सली ढेर हो गये । नक्सलियों के विरुद्ध यह कार्रवाई पहली या अचानक नहीं है। छत्तीसगढ़ की वर्तमान विष्णुदेव साय सरकार ने पद संभालते ही नक्सलियों के विरुद्ध अभियान छेड़ने की घोषणा की थी। उसी के अनुरूप इन चार महीने में छत्तीसगढ के विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों को घेरा गया। इन एनकाउंटर में अब तक कुल 79 नक्सली ढेर किये जा चुके हैं। एक ओर छत्तीसगढ़ सरकार नक्सलियों के विरुद्ध अभियान चला रही है तो दूसरी ओर नक्सली भी कम नहीं हैं। वे सरकार पर दबाव बनाने के लिये सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। कांकेर और नारायणपुर सीमा पर हुए इस एनकाउंटर के दो दिन के भीतर ही नक्सलियों ने फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव में उप सरपंच पंचमदास की हत्या कर दी। पंचमदास भाजपा कार्यकर्ता थे और नक्सलियों को शक था कि पंचमदास की सूचना पर ही यह एनकाउंटर हुआ । नक्सलियों ने टारगेट किया और पुलिस की चौकसी के बीच भी उनकी हत्या कर दी । इससे पहले नक्सली छत्तीसगढ़ में भाजपा के आठ कार्यकर्ताओं की हत्या कर चुके हैं । पंचमदास की हत्या नौंवी है । भाजपा कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त नक्सली अन्य निर्दोष नागरिकों को भी निशाना बनाते रहे हैं। पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर नक्सली पिछले तीन वर्षों में 40 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार चुके हैं। लेकिन इन निर्दोष नागरिकों के बलिदान की चर्चा नहीं होती। केवल श्रद्धांजलि सभा, पीड़ित परिवारों को कुछ आर्थिक सहायता और मीडिया के एक दिवसीय समाचार तक ही सीमित रहती है। इस एनकाउंटर में भी सुरक्षाबलों की सटीक रणनीति और बलिदान पर विपक्ष की ओर से प्रशंसा का कोई शब्द सामने नहीं आया। उलटे एनकाउंटर की वास्तविकता पर प्रश्न उठाकर सुरक्षाबलों के अभियान पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया जा रहा है । कांग्रेस नेता बघेल इस एनकाउंटर को फर्जी होने की आशंका व्यक्त करने तक ही न रुके । उन्होंने यहां तक कहा कि फर्जी एनकाउंटर करना भाजपा की आदत है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## टेक वर्ल्ड

### वाईफाई का पासवर्ड भूल गए? फिक्र ना करें, यहां है समाधान

**आपको** पहले सेटिंग्स पर जाना होगा और फिर इस मामले में भी वाईफाई विकल्प का चयन करना होगा। फिर आपको लिंक्ड नेटवर्क विकल्प का चयन करना होगा। यहां एक छोटा सा आइकन है। इस पर क्लिक करने के बाद आपको **Touch ID** और **Face ID** से एक को चुनना होगा। इस क्रिया के बाद, नेटवर्क पासवर्ड ऑटो-जॉइन सुविधा के नीचे दिखाई देगा। इसे सेव करने के बाद आप इसे दूसरे लोगों के साथ शेयर कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, आपको वाईफाई से कनेक्ट करते समय अत्यधिक सावधानी बरतनी चाहिए। आप एक त्रुटि के परिणामस्वरूप समस्याओं में पड़ सकते हैं। परिणाम स्वरूप, आपको अत्यधिक सावधानी के साथ वाईफाई पासवर्ड साझा करने की आवश्यकता है। इन तरीकों का उपयोग करके आप अपने WiFi के पासवर्ड को आसानी से पुनः प्राप्त कर सकते हैं। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि जब आप अपने पासवर्ड को पुनः प्राप्त कर लें, तो आप उसे किसी भी निजी स्थान पर सुरक्षित रखें और किसी के साथ साझा ना करें। अतः, इन तरीकों का उपयोग करें और अपने WiFi नेक्शन को बिना किसी समस्या के आनंद लें। **(क्रमशः)**




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)




**समय - 7:30 बजे से, दिल्ली**

# दिल्ली के सामने सनराइजर्स की कठिन चुनौती

**एजेंसी। नई दिल्ली**
मैदान के भीतर और बाहर विषमताओं के बीच अपने अपार जीवट का परिचय देने वाले ऋषभ पंत शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग में शनिवार को जब दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अरूण जेटली स्टेडियम पर उतरेंगे तो उनके लिर यह बेहद भावुक पल होगा। पिछले साल पंत इस मैदान पर बैसाखियों के सहारे चलते नजर आये थे लेकिन उन्होंने 2022 के जानलेवा कार हादसे के बाद एक विकेटकीपर और बल्लेबाज के तौर पर आईपीएल के इस सत्र में शानदार वापसी की है।

दिल्ली ने अब तक मिला जुला प्रदर्शन किया है हालांकि लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस को हराकर वे दौड़ में बने हुए हैं। अब तक सात मैचों में से दिल्ली ने तीन जीते और चार हारे हैं। आईपीएल अंक तालिका में चौथे स्थान पर काबिज सनराइजर्स की टीम दो बार टूनामेंट के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर (तीन विकेट पर 277 रन और तीन विकेट पर 287 रन) बना चुकी है। ऐसे में कप्तान पंत को कोटला की घरेलू पिच पर अपने संसाधनों का चतुराई से इस्तेमाल करना होगा।

सनराइजर्स के ट्रेविस हेड (235 रन) 39 मैच में शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं। वहीं अभिषेक शर्मा ने भी 211 रन बना लिए हैं। दोनों पावरप्ले में आक्रामक प्रदर्शन करने को बेताब होंगे। दोनों का स्ट्रइक रेट 199 और 197 रहा है जो ईशांत शर्मा, खलील अहमद और मुकेश कुमार की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के लिए कड़ी चुनौती होगा। वहीं हेनरिच क्लासेन का भी स्ट्राइक रेट 199 के करीब रहा है और वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिनिशर्स में से एक हैं। ये तीनों मिलकर सनराइजर्स की बल्लेबाजी को खतरनाक बनाते हैं। कुलदीप यादव के रूप में दिल्ली के पास ट्रंपकार्ड है जिनका इकॉनामी रेट छह के करीब है। स्पिन गेंदबाजी में उनका साथ देने के लिए अक्षर पटेल के अलावा तीसरा विकल्प ट्रिस्टन स्टब्स हैं। पंत अगर टॉस जीतते हैं तो बल्लेबाजी चुन सकते हैं। वैसे डेविड वॉर्नर की चोट उनके लिए चिंता का विषय है हालांकि पहले दो मैचों में जैक फ्रेसर मैकगुर्क ने प्रभावित किया है। सनराइजर्स की बल्लेबाजी जहां बेहतरीन रही है, वहीं उसके गेंदबाजों ने निराश किया है। सिर्फ कप्तान पैट कमिंस (7.87) का इकॉनॉमी रेट ही आठ से नीचे रहा है जो टी20 क्रिकेट में अच्छा माना जाएगा। जयदेव उनादकट और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। वहीं स्पिनर मयंक मार्कंडेय और शाहबाज अहमद भी प्रभावित नहीं कर सके। अगर दिल्ली को लक्ष्य का पीछा करना है तो उसकी नजरें सनराइजर्स को 210-220 के स्कोर पर रोकने पर होगी।

# रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हॉकी लीग आज से

## लीग में पुरुषों की 12 व महिलाओं की छह टीमें हिस्सा ले रही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 20 साल बाद एक बार फिर से हॉकी रांची लीग शुरू होने वाली है। इस लीग से उभरते खिलाड़ियों को अपना कौशल निखारने का मौका मिलेगा। शनिवार से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लीग शुरू होगी।

इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। लीग में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें पुरुषों की 12 और महिलाओं की छह टीमें शामिल हैं। इसके लिए हॉकी रांची की ओर से कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुरुषों की टीम को दो अलग-अलग पूल में रखा गया है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूनामेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि, दूसरे चरण की तिथियों की घोषणा नौ मई के बाद की जाएगी। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। शनिवार को दोपहर दो बजे से पुरुष वर्ग के पहले मैच में बापू क्लब व रेलवे की टीम आमने-सामने होगी।

वहीं, शाम चार बजे से महिला वर्ग के मुकाबले में सुपर क्वीन वीमेन क्लब का सामना साइ रांची से होगा। हॉकी झारखंड की गांवों और छोटे शहरों में हॉकी को बढ़ावा देने की योजना है। इसके लिए हॉकी झारखंड की ओर से सभी जिला संघों को 10-10 लाख रुपये अनुदान और हॉकी किट दिए जाने की योजना है।




### ये टीमें लेंगी हिस्सा

**पुरुष वर्ग :**
- **पूल ए : बापू क्लब, फगुआ इलेवन, इंडोर हॉकी, एजी झारखंड, प्रभात तारा स्कूल धुर्वा व रेलवे।**
- **पूल बी : एनटीएचए जमशेदपुर, हॉकी गुमला, झारखंड इलेवन, हुलहुंडू ब्रदर्स, सिनी खूंटी व जादुर अखाड़ा खूंटी।**
- **महिला वर्ग : सुपर क्वीन वीमेन क्लब, हॉकी गुमला, सीएम स्कूल एक्सीलेंस बरियातू, सिनी खूंटी, न्यू राइजिंग स्टार हुलहुंडू और स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साइ)रांची।**

### 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग

**हॉकी झारखंड की मेजबानी में रांची में 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग होगी। 10 मई तक चलने वाली लीग में हॉकी झारखंड समेत आठ राज्यों हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी और हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीमें भाग लेंगी।**

## धीमी ओवर गति के कारण मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ के मुल्लानपुर में गुरुवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। लीग ने गुरुवार देर रात एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 18 अप्रैल को मुल्लानपुर के पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुमार्ना लगाया गया है। चूंकि न्यूनतम ओवर गति अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, इसलिए पांड्या पर 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने सूर्यकुमार यादव के बेहतरीन अर्धशतक (53 गेंद 78 रन, 7 चौके 3 छक्के) और रोहित शर्मा (36), तिलक वर्मा (नाबाद 34) की पारियों की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। पंजाब की ओर से हर्षल पटेल ने 3, कप्तान सैम करन ने 2 और कागिसो रबाडा ने 1 विकेट लिया।

# दुबई बाढ़ में फंसे पहलवान पदक से चूक ने जाएं!

**एजेंसी। नई दिल्ली**
तोक्यो ओलिंपिक में पदक से चूकने वाले दीपक पुनिया पेरिस ओलिंपिक में भारत की उम्मीदों में शामिल हैं। हालांकि, उनके ओलिंपिक ड्रीम को बड़ा झटका लगता दिख रहा है। दरअसल, एक रिपोर्ट की मानें तो उन्हें और साथी पहलवान सुजीत कलकल को शुक्रवार को एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई।



पता चला है कि मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे ये दोनों पहलवान शुक्रवार सुबह 8 बजे के बाद मेजबान शहर बिश्केक पहुंचे। तब तक वजन मापने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, जिसमें पहलवानों को अपना वजन दर्ज करना होता है और दिखाना होता है कि वे मानदंडों पर खरे उतरते हैं। जब भारतीय पहलवान पहुंचे तो आयोजकों ने उन्हें इसकी अनुमति देने से मना कर दिया। उन्होंने इस बारे में बताया कि दुबई में बाढ़ की वजह से ऐसा हुआ, लेकिन आयोजकों ने अभी तक कोई छूट नहीं दी। पुनिया और कलकल के पास अब पेरिस ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ करने का आखिरी मौका इसके बाद अगले महीने होने वाले विश्व क्वॉलिफायर होगा। हलवान अपने कोच कमल मालिकोव और फिजियो शुभम गुप्ता के साथ मंगलवार से ही दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंसे हुए थे, क्योंकि भारी बारिश के कारण बाढ़ आ गई थी और सबकुछ ठप्प पड़ गया था। कलकल के पिता दयानंद ने गुरुवार को कहा था कि वह 'उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित' हैं, क्योंकि वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं और उन्हें उचित भोजन भी नहीं मिल रहा है। भारत का क्वॉलिफिकेशन अभियान आज से शुरू होगा। इसमें पुरुष फ्रीस्टाइल मुकाबले बाद में खेले जाएंगे।

# स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे सुकांत कदम

**एजेंसी। विक्टोरिया**
शीर्ष पैरा शटलर सुकांत कदम स्पेनिश पैरा-बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जहां उनका सामना हमवतन अभिजीत सखुजा से होगा।

सुकांत ने जर्मनी के निल्स बोइनिंग पर आसान जीत के साथ टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरूआत की। सुकांत ने 26 मिनट तक चले इस मुकाबले में बोइनिंग को 21-11 और 21-15 से शिकस्त दी।

ग्रुप सी के दूसरे मैच में सुकांत ने फ्रांस के पियरे डेलसोल को 23 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेमों में 21-10 और 21-9 से हराकर राउंड 16 में अपनी जगह पक्की की। प्री-क्वार्टर फाइनल में सुकांत का डेनमार्क के मैड्स वोइगट एरिक्सन के साथ कड़ा मुकाबला था। पहला सेट डेन के पक्ष में गया। भारतीय शटलर ने आखिरी 2 गेम में अपने प्रतिद्वंद्वी को मात दी और मैच 19-21,21-13 और 21-14 से जीतकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।



**व्यापार/लाइफ व साइंस**

## जनवरी-मार्च तिमाही में विप्रो का मुनाफा आठ फीसदी घटकर 2,835 करोड़ रुपये रहा

**बेंगलुरु।** वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में आईटी सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी विप्रो का शुद्ध मुनाफा 7.80 प्रतिशत घटकर 2,834.6 करोड़ रुपये रह गया। इससे पहले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 3,074.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि गत 31 मार्च को समाप्त तिमाही में कंपनी का राजस्व 4.18 प्रतिशत गिरकर 22,208.3 करोड़ रुपये हो गया। बेंगलुरु स्थित कंपनी ने एक साल पहले इसी तिमाही में 23,190.3 करोड़ रुपये का समेकित राजस्व दर्ज किया था। कंपनी का आईटी सेवा क्षेत्र का राजस्व 265.74 करोड़ डॉलर रहा, जो क्रमिक रूप से 0.1 प्रतिशत की वृद्धि और एक साल पहले की तुलना में 6.4 प्रतिशत की कमी है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि स्वैच्छिक नौकरी छोड़ने की दर 14.2 प्रतिशत थी। चौथी तिमाही में कंपनी के कर्मचारियों की संख्या में 6,180 और पूरे साल के दौरान 24,516 की कमी आई। कंपनी ने अनुमान लगाया है कि 30 जून को समाप्त होने वाली तिमाही में स्थिर मुद्रा के संदर्भ में 1.5 प्रतिशत की से 0.5 प्रतिशत की बढ़त तक हो सकती है। विप्रो के सीईओ श्रीनि पल्लिया ने कहा कि 2023-24 आईटी उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष साबित हुआ और व्यापक आर्थिक माहौल अनिश्चित बना हुआ है, ₹हालांकि, मैं आगे आने वाले अवसरों को लेकर आशावादी हूं। पल्लिया ने कहा कि कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ अपने ग्राहकों की जरूरतों को बदलने के साथ एक प्रमुख तकनीकी बदलाव की राह पर है क्योंकि वे प्रतिस्पर्धी लाभ और उन्नत व्यावसायिक मूल्य के लिए इसकी शक्ति का उपयोग करना चाहते हैं। पल्लिया ने कहा, ₹हमारे पास हमारे लक्ष्यों को साकार करने में मदद करने के लिए दुनिया भर में 2,30,000 से अधिक विप्रोइट्स की क्षमताएं, नेतृत्व और ताकत है। हालांकि हमें काफी काम करना है, मुझे विश्वास है कि अपने सामूहिक प्रयास के साथ मिलकर हम विकास के अगले अध्याय का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।"पल्लिया ने इसी महीने कंपनी की बागडोर संभाली है। उनके पूर्ववर्ती थिएरी डेलापोर्टे ने अचानक सीईओ पद से इस्तीफा दे दिया था। ऐसी खबरें आ रही थीं कि विप्रो के प्रवर्तक उनके प्रदर्शन से खुश नहीं थे।

## एयर इंडिया ने 21 तक दुबई के लिए सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने रविवार तक दुबई जाने वाली और वहां से आने वाली अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में भीषण बाढ़ के बाद एयर इंडिया ने बुधवार को वहां के लिए अपनी उड़ानें निलंबित कर दी थीं। शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा गया है, दुबई हवाईअड्डे पर लगातार परिचालन संबंधी व्यवधानों के कारण दुबई से आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द करने की सूचना देते हुए हमें खेद है। हम परिचालन फिर से शुरू होते ही प्रभावित ग्राहकों को उड़ानों में फिर से समायोजित करके उनके गंतव्य तक पहुंचाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। 21 अप्रैल तक यात्रा के लिए वैध टिकटों के साथ हमारी उड़ानों में बुक किए गए ग्राहकों को पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट की पेशकश की जाएगी और टिकट रद्द कराने पर पूरा रिफंड दिया जाएगा।" हालांकि, इंडिगो, जिसने दुबई हवाई अड्डे पर बाढ़ के कारण 17 अप्रैल को उड़ान संचालन निलंबित कर दिया था, ने कहा कि उसने गुरुवार दोपहर 1.30 बजे अपना परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। यूएई में मंगलवार को 75 साल की सबसे भारी बारिश हुई थी। परिणामस्वरूप, संघीय सरकार ने सभी राज्य कर्मचारियों के लिए रिमोट वर्किंग की अवधि बढ़ाने की घोषणा की है।

# इन बातों को फॉलो किया तो आपकी कार नहीं बनेगी खटारा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
आप जिस कार की सवारी करते हैं, उसका खुद की तरह ही अच्छे से ध्यान रखेंगे तो वो आपका बखूबी साथ निभाएगी। ऐसे में आपको कार की देखभाल से जुड़ीं जानकारियां होनी चाहिए, ताकि आप गाड़ी के एक्सटीरियर और इंटीरियर के साथ ही इंजन का भी खास खयाल रख पाएंगे। आपकी कार हमेशा चमचमाती रहे और अच्छे से चले भी, इसके लिए हम आपको आज कार केयर टिप्स बताने जा रहे हैं और आपने अगर इसे फॉलो किया तो आपकी गाड़ी को कोई भी कभी भी खटारा नहीं कहेगा।

### रेगुलर मेंटेनेंस का रखें ख्याल

- **यूजर मैनुअल अच्छे से पढ़ें :** नई कार खरीदने पर कंपनी जो यूजर मैनुअल आपको देती है, उसका इस्तेमाल जरूर करें। इसमें कार के हर हिस्से के बारे में जानकारी होती है, जैसे सर्विसिंग शेड्यूल, फ्यूल टाइप, और टायर प्रेशर समेत और अहम जानकारियां।
- **सर्विसिंग समय पर कराना जरूरी :** कार की सर्विसिंग कंपनी द्वारा बताई समयावधि के अनुसार ही करवाएं। इससे कार के पार्ट-पुर्जों में होने वाले नुकसान से बचा जा सकता है।
- **टायर प्रेशर का ध्यान रखें :** आपकी कार के टायरों में हवा का सही दबाव बनाए रखने से आपके कार के इंजन पर कम दबाव पड़ता है और माइलेज भी सही मिलती है। आजकल काफी सारी गाड़ियों में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम लग गए हैं।
- **सही फ्यूल और ऑयल फिल्टर :** जिस तरह से हमारे शरीर के लिए स्वच्छ और हेल्दी खाना जरूरी होता है, उसी प्रकार कार के इंजन के लिए भी सही इंजन ऑयल और ऑयल फिल्टर जरूरी हैं। गाड़ी के मैनुअल में बताए अनुसार ही तेल और फिल्टर का इस्तेमाल करें।

### सही ड्राइविंग बिहेवियर आपकी कार की अच्छी सेहत के लिए जरूरी

- **नियंत्रण में गाड़ी चलाएं :** कार की ड्राइविंग सीट पर बैठते ही कुछ लोग रश ड्राइविंग पर जोर देते हैं। आप अगर अपनी कार का खास खयाल रखना चाहते हैं तो नई कार को तेज रफ्तार में न चलाएं। इससे इंजन के पार्ट्स सही सेट नहीं हो पाते और खराब हो सकते हैं।
- **कार को डस्टबिन न बनाएं :** बहुत से लोग गाड़ी के अंदर ही खाने-पीने से सामान समेत काफी कुछ रख देते हैं, जिससे गाड़ी गंदी हो जाती है और ऐसी स्थिति में कार में अंदरूनी खराबी आ सकती है।
- **लंबे समय तक गाड़ी को खड़ी ना रखें :** जब भी मौका मिले, थोड़ी देर के लिए गाड़ी चलाएं। इससे गाड़ी के पुर्जे और टायर सही से चलते रहते हैं। दरअसल, बहुत से लोग लंबे समय तक कार को गैराज या पार्किंग में लगाकर छोड़ देते हैं। इससे गाड़ी को नुकसान ही है।
- **धूप में पार्क करने से बचें :** धूप से बचने के लिए गाड़ी को किसी ठंडी जगह या शेड्स में पार्क करें। तेज धूप से कार का पेंट खराब हो सकता है और काफी सारी और भी दिक्कतें आ सकती हैं।

## यूपीआई पेमेंट पर सरकार का नया प्लान

# विदेशी ऐप को टक्कर देने आ रही ये नई ऐप्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत सरकार की तरफ से यूपीआई को लेकर नए प्लान बनाए जा रहे हैं। देश का यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस सिस्टम फिनटेक स्टार्टअप पर फोकस करने पर विचार कर रहा है। पिछले कुछ सालों में बहुत सारी ऐप्स की भारत में एंट्री हुई है और अब यूपीआई इकोसिस्टम को एक नई दिशा देने पर जोर दिया जा रहा है।

आज हम आपको कुछ ऐसी ही जानकारी देने जा रहे हैं, एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने क्रेड, फ्लिपकार्ट, फैमपे और अमेजन पे जैसी ऐप्स के एग्जीक्यूटिव से मिलने वाला प्लान बनाया है। अभी देश में गूगल पे और फोन पे ऐप का एक तरफा राज है। लेकिन अब फोकस इस ऐप्स पर भी शिफ्ट करने पर विचार किया जा रहा है। अन्य कंपनियों का देश में मार्केट शेयर बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है।




गूगल पे और फोन पे का शेयर है बहुत ज्यादा- गूगल और फोन पे का करीब 86% मार्केट शेयर है। यानी ज्यादातर यूजर्स इन ऐप्स का ही यूज करते हैं। जबकि पेटीएम का मार्केट शेयर भी अचानक कम हुआ है। 2023 के अंत तक पेटीएम का मार्केट शेयर 13% था जो अब कम होकर 9.1% हो गया है। हालांकि इसके पीछे बड़ी वजह आरबीआई का फैसला भी है। लेकिन NPCI चाहता है कि अन्य ऐप्स का शेयर भी इस मार्केट में बढ़ना चाहिए।

# आ गया मोबाइल कूलर, चुंबक की तरह जाएगा फोन पर चिपक

**एजेंसी**
**नई दिल्ली।** Smart phone के लिए बहुत सारे अलग-अलग गैजेट्स आते हैं। इसमें चार्जर से लेकर वायरलेस चार्जर तक शामिल होता है। आज हम आपको एक ऐसे ही अनूठे डिवाइस की जानकारी देने वाले हैं जो हर लिहाज से आपके लिए अच्छा ऑप्शन साबित होता है और इसकी मदद से आपका ठंडा तो रहता ही है। साथ ही फास्ट चार्जिंग भी हो जाती है। ये डिवाइस आप फ्लिपकार्ट से ऑर्डर कर सकते हैं। इसकी कीमत महज 1,688 रुपए है। यानी आप इसे आसानी से ऑर्डर भी कर सकते हैं। ये सेमीकंडक्टर बेस्ड मोबाइल कूलर है। इसे आप एंड्रॉयड से लेकर डर तक में यूज कर सकते हैं। वायर्ड कूलर है तो आपको इसे चार्जर से कनेक्ट करने की भी जरूरत होती है। ये सभी स्मार्टफोन के साथ कनेक्ट भी हो जाता है।



### किसके लिए है फायदेमंद?

**हम बात करें कि ये किसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है ? तो गेमर्स के लिए ये डिवाइस कमाल का है। क्योंकि इसमें हर फीचर दिए जाते हैं। कूलिंग के लिए भी काफी अच्छा साबित होता है तो इसे आप अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। स्मार्टफोन पर आसानी से इसे कनेक्ट भी किया जा सकता है। इसका वेट भी काफी कम है तो आप इसे लगातार यूज भी कर सकते हैं। इससे फोन की हेल्थ भी ठीक रहेगी।**

## रियलमी 12 हजार से कम में ला रहा नारजो 70एक्स, दमदार फीचर्स से है लैस



**नई दिल्ली।** हाल के वर्षों में क्विक-चार्जिंग कैपेबिलिटी वाले स्मार्टफोन की मांग आसमान छू गई है। आज की युवा जनरेशन के बिजी लाइफस्टाइल को देखते हुए अपने फोन को चार्ज करने के लिए एक या दो घंटे इंतजार करना मुश्किल होता जा रहा है। स्मार्टफोन एक महत्वपूर्ण उपकरण है जो आपको कनेक्टेड रखता है। चाहे आप लगातार यात्रा में हों, बैठकों के बीच काम कर रहे हों, या घर से काम कर रहे हों, आपके पास एक ऐसा फोन होना बहुत जरूरी है जो हमेशा चार्ज हो और उपयोग के लिए तैयार हो। फास्ट-चार्जिंग फोन चार्जर अब स्मार्टफोन बाजार में एक प्रमुख विशेषता बन गए हैं। ब्रांड अपने स्मार्टफोन मॉडल में फास्ट चार्जिंग को शामिल कर रहे हैं। रियलमी जैसे ब्रांड सबसे फास्ट चार्जिंग देने के लिए निचले सेगमेंट में हाई-पावर चार्जिंग को इंटीग्रेटेड करने की ओर फोकस कर रहे हैं। रियलमी भारत में स्मार्टफोन लैंडस्केप को बदलने में शुरू से सबसे आगे रहा है। विशेष रूप से ब्रांड की नारजो सीरीज ने अपनी अत्याधुनिक फीचर्स और इनोवेटिव डिजाइनों के कारण युवा वर्ग के बीच महत्वपूर्ण लोकप्रियता हासिल की है।




## एक नजर

### पीओके में सड़क हादसे में 7 की मौत, 22 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में एक वैन के खाई में गिरने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 22 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बचाव दल ने कहा कि दुर्घटना मुजफ्फराबाद के गढ़ी दुपट्टा इलाके में हुई जब एक यात्री वैन पहाड़ी इलाके में सड़क से उतर गई और नीचे एक घर की छत पर गिर गई। इसमें कहा गया है कि मृतकों में एक व्यक्ति वो भी है जो उस घर में था, जिस पर बस गिरी। बचाव सेवा ने कहा कि दुर्घटना के बाद, बचावकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। तीन घायलों की हालत गंभीर है।

### रूसी हमले में यूक्रेन में आठ की मौत

**कीव।** दक्षिणी यूक्रेन में शुक्रवार तड़के रूसी हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। क्षेत्र के गवर्नर सेरही लिसाक ने टेलीग्राम पर बताया कि हमले में राजधानी निप्रो में दो लोग मारे गए और 15 घायल हो गए। इस दौरान पांच मंजिला एक इमारत ध्वस्त हो गई। रेलवे स्टेशनों को भी निशाना बनाया गया। डीनिप्रो में मुख्य रेलवे स्टेशन बंद कर दिया गया और लंबी दूरी की ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, हमले में सिनेलनीकोव शहर में भी छह लोग मारे गए। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं।

### सीरिया में सरकार समर्थक 28 लड़ाके मारे गए

**बेरूत।** सीरिया में इस्लामिक स्टेट आतंकवादियों के संदिग्ध हमलों में सरकार समर्थक कम से कम 28 लड़ाके मारे गए। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने शुक्रवार को कहा, गुरुवार देर रात एक सैन्य बस पर हुए हमले में 22 सीरियाई सैनिक और सहयोगी लड़ाके मारे गए। देश के पूर्वी हिस्से में अल-तैयबा शहर के पास हुए हमले में सात अन्य लोग घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, पूर्वी सीरियाई प्रांत दीर अल-जौर में एक दूसरे हमले में छह सीरियाई सैनिक मारे गए। हमलों की जिम्मेदारी किसी भी समूह ने नहीं ली है। लेकिन ऑब्जर्वेटरी ने कहा कि हमलों के पीछे इस्लामिक स्टेट समूह का हाथ होने की संभावना है।

### मोदी की गारंटी का मतलब, गारंटी पूरी होने की गारंटी

# भाजपा सरकार न झुकती है, न किसी से दबती है : पीएम मोदी

**प्रधानमंत्री मोदी ने अमरोहा की जनसभा में कहा- इंडी गठबंधन राम और कृष्ण विरोधी**

**कांग्रेस उम्मीदवारों को तो भारत माता की जय बोलना भी मंजूर नहीं**



**एजेंसी। अमरोहा/भोपाल**

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को भोपाल में कहा कि पहले देश में चारों तरफ निराशा का माहौल था। फिर 2014 में मोदी आपके बीच उम्मीद लेकर आया। 2019 में दोबारा आया तो विश्वास लेकर आया और आज 2024 में मोदी आपके पास गारंटी लेकर आया है। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी। मोदी की गारंटी है कि गरीब, किसान, युवा और माताएं-बहनें हर लाभार्थी को शत- प्रतिशत सुविधाएं मिलेगी।


उन्होंने कहा कि जिनके पास गारंटी देने के लिए कुछ नहीं है, उनकी गारंटी मोदी ने ली है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को दमोह के इमलाई में भाजपा उम्मीदवार राहुल लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वहीं उत्तर प्रदेश के अमरोहा में पार्टी की जनसभा में पीएम ने इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव में अपने 400 पार के संकल्प को दुहराते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के नेता राम और कृष्ण विरोधी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि यूपी के दो शहजादों की जोड़ी की फिल्म शूटिंग चल रही है। इसका पहले ही रिजेक्शन हो चुका है। यह लोग हमारी आस्था पर हमला करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। यहां के कांग्रेस उम्मीदवार को तो भारत माता की जय बोलना भी मंजूर नहीं।

### यह सांसद चुनने की नहीं भविष्य सुनिश्चित करने का चुनाव

भोपाल में आगे कहा, यह चुनाव केवल सांसद को चुनने का चुनाव नहीं बल्कि देश के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है। यह चुनाव आने वाले पांच साल में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनी तो आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं लेकिन मोदी इनकी धमकियों से न पहले डरा है और न कभी डर सकता है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया के कई देशों की स्थिति बहुत खराब है। कई देश दिवालिया हो रहे हैं। हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालात में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। आज देश में वो भाजपा सरकार है जो न किसी से दबती है और न ही किसी के सामने झुकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दुनिया में युद्ध का माहौल हो। घटनाएं घट रही हो तो भारत में युद्धस्तर पर काम करने वाली सरकार बहुत जरूरी है। ये काम पूर्ण बहुमत वाली भाजपा सरकार ही कर सकती है। स्थिर सरकार कैसे देश और देशवासियों के हित में काम करती है, ये हमने बीते वर्षों में देखा है। हमारा सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। भारत को सस्ता तेल मिले इसलिए हमने देशहित में फैसला लिया। किसानों को पर्याप्त खाद मिले इसलिए देशहित में फैसला लिया।

# कांग्रेस देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी : खरगे



**एजेंसी। कटिहार (बिहार)**

कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शुक्रवार को बिहार के कटिहार जिला पहुंचे। उन्होंने राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद सीमांचल का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के कल कारखाने बंद हो गए और शेष बंद होने के कगार पर हैं। यहां के लोग रोजगार को लेकर पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग कल तक हमारे साथ थे लेकिन आज वे बीजेपी और एनडीए गठबंधन के साथ हैं लेकिन जनता अभी भी आईएनडीआई एलायंस के साथ मजबूती से जुड़ी है। खरगे ने कहा कि कांग्रेस सिद्धांत वाली पार्टी हमेशा से रही है। हमेशा देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी है। कांग्रेस के दो बड़े नेता इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए जान दे दी। कांग्रेस का उसूल होता है, जिनके लिए हम लड़ते रहते हैं और बीजेपी का क्या है आरएसएस के एजेंडे को आगे ले जाना। खरगे ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि इस देश में आरएसएस का एजेंडा चले? यदि नहीं तो कटिहार से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर को भारी बहुमत देकर देश में आईएनडीआई एलायंस को मजबूत करते हुए केंद्र में सरकार बनाये।

### ओडिशा के झारसुगुडा में महानदी में नाव पलटने से सात की मौत, कई लापता



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगड़ा में महानदी में एक बड़ा हादसा हुआ है। पत्थर सेनी मंदिर के पास महानदी में नाव पलटने से 7 लोगों की डूब कर मौत हो गई। बताया गया है कि नाव में 50 से 60 लोग सवार थे। कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं। मृतकों और लापता व्यक्तियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान में जुटा हुआ है। पुलिस टीम के साथ बचाव दल भी पहुंच गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव की याचिका पर सुनवाई की स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को योग गुरु बाबा रामदेव की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें कोविड-19 महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाओं के इस्तेमाल के खिलाफ उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर दर्ज एफआईआर के संबंध में उनके खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी बी वराले की पीठ ने बिहार और छत्तीसगढ़ सरकारों द्वारा रामदेव के खिलाफ दर्ज एफआईआर की स्थिति के संबंध में अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए और समय मांगने के बाद मामले को जुलाई में सुनवाई के लिए स्थगित कर दी। सुप्रीम कोर्ट में दायर अपनी याचिका में, पतंजलि के संस्थापक ने अपने खिलाफ सभी एफआईआर को एक साथ जोड़ने और उन्हें दिल्ली स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने अपने खिलाफ दायर कई मामलों की कार्यवाही पर रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा देने का भी अनुरोध किया है। गौरतलब है कि कोविड-19 के एलोपैथिक उपचार के खिलाफ विवादास्पद टिप्पणियों को लेकर रामदेव के खिलाफ कई राज्यों में एफआईआर दर्ज है।

**एवरेस्ट के फिश करी मसाले में एथिलीन ऑक्साइड पाया**

# खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने दिया तुरंत बाजार से वापस मंगाने का आदेश

**-ब्यूरो। नई दिल्ली**

सिंगापुर सरकार ने भारत की एवरेस्ट मसाला कंपनी के फिश करी मसाले को तुरंत बाजार से वापस मंगाने का आदेश जारी किया है। दावा किया गया है कि एवरेस्ट के फिश करी मसाले में एथिलीन ऑक्साइड गया है, जो सेहत के लिए ठीक नहीं है। अब ये दावा भी तब किया गया है जब सिंगापुर की खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने एक जांच के बाद मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा पाई है। अब खाद्य सुरक्षा एजेंसी का कहना है कि खाने में एथिलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। इसे कीटनाशक के रूप में खेतों में जरूर इस्तेमाल किया जाता है। सिंगापुर सरकार ने संबंधित भारतीय कंपनी से सिंगापुर के बाजार से एवरेस्ट की फिश करी मसाले को वापस ले जाने का आदेश दिया है। यह भी कहा जा रहा है कि इम्पोर्टर स्प मुथैया एंड संस प्राइवेट लिमिटेड को निर्देश जारी हो चुका है कि बाजार से सारे प्रोडक्ट वापस मंगवाए जाएं। सिंगापुर सरकार ने जोर देकर कहा है कि जिसने भी इस मसाले का सेवन किया है, वो जरूर उसका कंजप्शन बंद कर दें।यदि किसी को कोई समस्या शुरू हो चुकी है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाया जाए। इधर हालत यह है कि एवरेस्ट कंपनी ने इस विवाद पर कुछ नहीं बोला है, नहीं भारत सरकार की तरफ से किसी तरह की प्रतिक्रिया आई है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को सात साल की जेल

**नई दिल्ली।** सीबीआई की गांधीनगर की एक अदालत ने इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) अहमदाबाद के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक को सात साल कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपित पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक प्रीति विजय सहजवानी पर अदालत ने 15 करोड़ छह लाख 50 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माने में से 15 करोड़ रु. शिकायतकर्ता बैंक को देने का आदेश भी दिया। फैसला सुनाए जाने के पश्चात प्रीति विजय सहजवानी को हिरासत में ले लिया गया। एक शिकायत के आधार पर सीबीआई ने 29 अक्टूबर 2001 को आरोपित पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक प्रीति विजय सहजवानी पर बैंक को दो करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोप के तहत मामला दर्ज किया था।

# कूचबिहार में तृणमूल और बीजेपी कार्यकर्ताओं में झड़प, भड़की हिंसा




**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को पहले दो घंटों में मतदान के दौरान कूचबिहार लोकसभा क्षेत्र में हिंसा की घटनाएं देखी गई। जलपाईगुड़ी लोकसभा क्षेत्र से भी हिंसा के कुछ मामले सामने आए हैं। हालांकि, अलीपुरदुआर से चुनाव संबंधी हिंसा की कोई रिपोर्ट नहीं है। सीईओ के कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार, सुबह 9 बजे तक मतदान प्रतिशत 15.09 था। सबसे अधिक मतदान प्रतिशत अलीपुरदुआर में 15.91 प्रतिशत दर्ज किया गया, इसके बाद कूच बिहार में 15.26 प्रतिशत और जलपाईगुड़ी में 14.13 प्रतिशत मतदान हुआ। हिंसा की सबसे ज्यादा खबरें कूचबिहार के चंदामारी इलाके से सामने आई हैं। भाजपा के बूथ अध्यक्ष लोब सरकार पर हमले को लेकर तनाव बढ़ गया। उन्हें सिर में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसी तरह, भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं के बीच पथराव के बाद एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को भी सिर में गंभीर चोटें आईं। राजाखोरा क्षेत्र और कूचबिहार में इसी तरह का तनाव है। इस क्षेत्र में सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हमले और जवाबी हमले हुए, जिसके बाद तृणमूल कांग्रेस और भाजपा दोनों के कार्यालयों में तोड़फोड़ की गई।

### नाइजीरिया की सेना ने एक हफ्ते के अंदर में 192 संदिग्ध आतंकवादियों को मार गिराया

**अबूजा।** नाइजीरिया में पिछले सप्ताह के आतंकवाद विरोधी अभियान में कम से कम 192 संदिग्ध आतंकवादी मारे गए हैं। इसमें तीन प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। वहां की सेना ने यह जानकारी दी। सेना के प्रवक्ता एडवर्ड बूबा ने नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में संवाददाताओं से कहा, सैनिकों द्वारा की गई छापेमारी में लगभग 341 अन्य लोगों को पकड़ा गया, जबकि इस अवधि में 62 बंधकों को मुक्त कराया गया। बूबा ने कहा, देश के उत्तरपूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट के पश्चिम अफ्रीका प्रांत के कुल 122 सदस्यों और उनके परिवारों ने ऑपरेशन के दौरान सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। प्रवक्ता के अनुसार, वायु सेना ने चाड झील के किनारे स्थित कोलेरम गांव में संदिग्ध आईएस लड़ाकों के ठिकानों और उनकी खाद्य प्रसंस्करण इकाई सहित एक लॉजिस्टिक हब पर हवाई हमले किए।

# सीएए को चुनौती देने वाली नई याचिका पर एससी का केंद्र सरकार को नोटिस



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीएए को चुनौती देने वाली एक नई याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। बेंच ने इस याचिका को पहले से दायर ऐसी ही याचिकाओं के साथ टैग करने का आदेश दिया। यह नई याचिका गुवाहाटी के नागरिक हिरेन गोहेन ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि बांग्लादेश से असम में अबाध रूप से आ रहे नागरिकों की वजह से असम के डेमोग्राफी में बदलाव आ गया है। असम के मूल निवासी कभी बहुमत में थे लेकिन आजकल वह अपनी ही भूमि में अल्पसंख्यक बन चुके हैं। याचिका में कहा गया है कि ये हिन्दू-मुसलमान का मसला नहीं है, बल्कि ये एक विदेशी घुसपैठ का मसला है। ये भारतीय और गैर-भारतीय का मसला है। सुप्रीम कोर्ट ने 19 मार्च को सुनवाई करते हुए सीएए के अमल पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर इस दौरान किसी को नागरिकता मिले तो हमें सुप्रीम कोर्ट में दोबारा आने की अनुमति मिले, इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि ठीक है। सुनवाई के दौरान कुछ याचिकाकताओं की ओर से पेश वकील इंदिरा जयसिंह ने सीएए को लागू करने पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि इस मामले को बड़ी बेंच को भेजा जाए।

### बंगाल में कांग्रेस और सीपीआई-एम का भाजपा के साथ गुप्त समझौता : ममता




**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया कि कांग्रेस और सीपीआई-एम बंगाल में विपक्षी इंडिया ब्लॉक के घटक नहीं हैं। मुख्यमंत्री ममता ने शुक्रवार को मुर्शिदाबाद में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, बंगाल में, कांग्रेस और सीपीआई-एम का भाजपा के साथ गुप्त समझौता है। वे राज्य में इंडिया ब्लॉक के घटक नहीं हैं। इसलिए पश्चिम बंगाल में उन्हें वोट देने का मतलब अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद करना है। उन्होंने राज्य पुलिस के बजाय केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) पर जोर देने पर भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) पर भी हमला किया। मुख्यमंत्री ने सवाल किया, आप राज्य पुलिस को पूरी तरह से त्यागकर चुनाव कैसे करा सकते हैं? क्या यह मताधिकार की स्वंतत्रता को बाधित करने की एक चाल है।

# ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल की पहली खेप लेकर फिलीपींस पहुंचा सी-17 ग्लोबमास्टर

**भारत से 2022 में फिलीपींस ने किया था 374 मिलियन डॉलर से अधिक का सौदा**

**भारत से एएलएच, आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने में रुचि दिखाई**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और फिलीपींस के द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक हो गया है, क्योंकि विश्व की सबसे तेज क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की पहली खेप भारत से फिलीपींस पहुंच गई है। दोनों देशों के बीच 2022 में हुए सौदे के तहत भारतीय वायु सेना के ताकतवर सी-17 ग्लोबमास्टर ने पहली खेप लेकर हिंडन एयरफोर्स से उड़ान भरी। भारत का विमान फिलीपींस वायु सेना के क्लार्क एयरबेस पर उतर चुका है।

ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) ने 28 जनवरी, 2022 को फिलीपींस गणराज्य के राष्ट्रीय रक्षा विभाग के साथ एक औपचारिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। भारत से सुपरसोनिक मिसाइल खरीदने के लिए 374 मिलियन डॉलर से अधिक का यह सबसे बड़ा और पहला विदेशी सौदा था। भारत (डीआरडीओ) और रूस (एनपीओएम) के संयुक्त उद्यम ने सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस विकसित की है। ब्रह्मोस मिसाइल के सौदे पर भारत और फिलीपींस के बीच वर्षों से बातचीत चल रही थी। दोनों देशों ने 03 मार्च, 2020 को प्रमुख रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

भारत के साथ मिसाइल का यह सौदा पूरा करने के बाद फिलीपींस दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ दशकों से चल रहे क्षेत्रीय विवादों के साथ-साथ सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनी सेना के आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अब फिलीपींस अपनी लड़ाकू क्षमता बढ़ाने के लिए भारत से उन्नत हल्के हेलीकॉप्टरों के एक बैच खरीद रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) 5.5 टन भार वर्ग में एक जुड़वां इंजन, बहु-भूमिका, बहु-मिशन नई पीढ़ी का हेलीकॉप्टर है और इसे विभिन्न सैन्य अभियानों के लिए एक प्रभावी प्लेटफॉर्म माना जाता है। फिलीपींस दक्षिण पूर्व एशियाई क्षेत्र में भारत का एक प्रमुख रणनीतिक साझेदार है। पिछले कुछ वर्षों के भीतर खासकर समुद्री क्षेत्र में द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा संबंधों में तेजी आई है।

### रूसी टीयू-22एम3 सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त चालक दल के एक सदस्य की हुई मौत

**मॉस्को।** रूसी टीयू-22एम3 सैन्य बमवर्षक विमान के एक चालक दल के सदस्य की उस समय मौत हो गई जब विमान स्टावरोपोल क्षेत्र के क्रास्नोग्वर्डेस्की जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। क्षेत्रीय गवर्नर व्लादिमीर व्लादिमीरोव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, घटना पर अद्यतन जानकारी मिली है। दुर्भाग्य से, तीसरे चालक दल के सदस्य की मृत्यु हो गई है। चौथे पायलट की तलाश जारी है। एक युद्ध मिशन पूरा करने के बाद अपने होम एयरफील्ड में लौटते समय स्टावरोपोल क्षेत्र के क्रास्नोग्वर्डेस्की जिले में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि दुर्घटना तकनीकी खराबी के कारण हुई थी। टीयू-22एम3 लंबी दूरी की सुपरसोनिक मिसाइल वाहक बमवर्षक है जिसे गाइडेड मिसाइलों और एरियल बमों द्वारा समुद्र में तथा जमीन पर स्थित लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### आज प्रदेश प्रभारी गुलाम मीर पहुंचेंगे रांची, तैयारी की करेंगे समीक्षा

# उलगुलान रैली के लिए कांग्रेसी विधायकों व प्रत्याशियों को मिली जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर और



विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कांग्रेस के सभी विधायकों से विचार विमर्श कर उलगुलान न्याय रैली को अभूतपूर्व सफलता दिलाने का आह्वान किया। नेतद्वय ने कहा कि रैली में कार्यकर्ताओं की समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विधायक व जिला अध्यक्ष विशेष प्रयास करें। विधायकों ने रैली में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी के लिए उन्हें आश्वस्त किया।

साथ ही रैली में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी के संबंध में पूरी जानकारी दी। राजेश ठाकुर ने जिला अध्यक्षों से बात कर रैली में कार्यकर्ताओं को शामिल करने के प्रति कई निर्देश दिए। उन्होंने रैली की सफलता के लिए लोकसभा उम्मीदवारों और कांग्रेस के प्रदेश स्तर के वरीय नेताओं से भी विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया। ठाकुर ने विश्वास जताया कि कांग्रेस के कार्यकर्ता लाखों की संख्या में रैली में भाग लेकर इसे सफल बनाएंगे। उन्होंने कहा कि राजधानी से सटे जिलों के नेताओं कार्यकर्ताओं पर इस रैली को सफल बनाने की महती जिम्मेवारी है जहां से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता और नेता कार्यक्रम में भाग लें। उन्होंने रैली की सफलता के लिए इंडी गठबंधन की विभिन्न समितियों में शामिल कांग्रेसी नेताओं से भी रैली की तैयारी के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारी का जायजा लेने प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं डॉक्टर सैयद नासिर हुसैन शनिवार को रांची आएंगे तथा रैली के संबंध में वरीय नेताओं से विस्तृत विचार विमर्श करेंगे।

#### 4 जून को मोदी को वोट की चोट का होगा एहसास

ठाकुर ने कहा कि जनता भाजपा से 10 वर्षों के शासन का हिसाब मांग रही है लेकिन जनता को जवाब देने की बजाय प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ इधर-उधर की बातें कर जनता को बरगला रहे हैं। प्रधानमंत्री की इस चालाकी को जनता बखूबी समझ रही है और उनकी चालाकी का जवाब देने की शुरूआत जनता चुनाव के पहले चरण में विभिन्न प्रदेशों में कर चुकी है। सत्ता के मद में चूर प्रधानमंत्री को वोट की चोट का एहसास 4 जून को होगा। देश की जनता को अपने जुमले से अंधेरे में रखने वाले प्रधानमंत्री मोदी के इस पद पर अब गिने चुने दिन ही बचे हैं,जनता ने देखा है कि किस तरह उनके सपनों को चूर कर भाजपा की सरकार ने बड़े-बड़े कारपोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने का काम किया है। देश का युवा वर्ग रोजगार के अभाव में दर-दर की ठोकरें खा रहा है और मोदी सरकार बड़ी-बड़ी कंपनियों के हित में नीतियां बना रही है। इलेक्टोरल बांड के माध्यम से चंदा दो धंधा लो का एक नया अध्याय इस देश में मोदी सरकार द्वारा शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली में झारखंड के जन की बात होगी, झारखंडी जनता के अधिकारों की बात होगी। पिछले एक दशक में झारखंड के साथ किस प्रकार अन्याय पूर्ण और सौतेला व्यवहार मोदी सरकार द्वारा किया गया है उसे सामने रखा जाएगा, अपने खनिजों से देश को समृद्ध बनाने वाले झारखंड को एक दशक में कैसे विकास के मामले में हाशिए पर भेज दिया गया है उसका भी हिसाब केंद्र सरकार से मांगा जाएगा।

## उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी : सुप्रीयो भट्टाचार्य

**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन होना है। इसको लेकर इंडी गठबंधन में शामिल झामुमो, राजद, आप पार्टी की एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को हरमू स्थित झामुमो के पार्टी कार्यालय में हुई। मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी। इस प्रभात मैदान को हमलोगों ने इसलिए चुना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग कार्यक्रम में इसी प्रभात तारा मैदान में आए थे। अब इसी मैदान से केंद्र सरकार को उखाड़ने का शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महारैली में शामिल होने के लिए लोग सुबह से ही दूर-दूर से पैदल चल कर आयेंगे। यहीं नहीं दो साल से वेतन से वंचित चल रहे एचईसी कर्मी और मजदूर भी रैली में शामिल होंगे। फल, सब्जी बेचने वाले भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली के जरिये भाजपा को भारी नुकसान होने वाला है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री डर गए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है।




### उलगुलान महारैली को केन्द्रीय सरना समिति ने दिया समर्थन

**रांची।** मोराबादी चिल्ड्रेन पार्क में शुक्रवार को केन्द्रीय सरना समिति ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि आगामी प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को न्याय उलगुलान महारैली का आयोजन होने वाला है इस उलगुलान महारैली को सफल बनाने के लिए केन्द्रीय सरना समिति का भी पूर्ण समर्थन दिया जाएगा। वहीं सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा इस महारैली के माध्यम से वह मांग करेंगे कि अगर इंडिया महागठबंधन की सरकार बनेगी तो सरना धर्म कोड देश में लागू करेगी, सीएनटी एक्ट जैसे मुद्दों पर लागू हो, स्थानीय नीति जैसे मामलों पर मोहर लगाएंगी। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार ने जिस तरह से गत 10 बर्षो से संवैधानिक संस्थाओं को अपना हथियार बनाकर और लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रही है। अजय तिर्की ने झारखंड के विभिन्न संगठनों और आदिवासी मूलवासी सदान से महारैली पर पहुंच कर ऐतिहासिक रैली बनाने की अपील की है। मौके पर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के लाला महली, राजीव पड़हा सरना प्रार्थना सभा के गैना कच्छप, आदिवासी विकास परिषद कुंद्रासी मुंडा, सन्नी शर्मा,राहुल कुमार राज, प्रशान्त, सन्नी शर्मा, सोनू सिंह, आदर्श सिंह, नितेश यादव, सौरव सुमन, युगेश कुमार, पंकज चौरसिया, राजेश कैशरी, शम्मी प्रकाश, राज कुमार, आदि लोग शामिल हुए।

## जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं मोदी की गारंटी पर : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह गठबंधन केवल कमाने के लिए बनाया गया गठबंधन है। सत्ता प्राप्त कर देश और प्रदेश को लूटना इनके फितरत में शामिल है। उन्होंने कहा कि देश की जनता का भरोसा इंडी एलायंस पर नहीं है। जनता मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रही है। बाबूलाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मरांडी ने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनाने से लेकर गांव, गरीब, किसान सभी की सेवा के लिए भाजपा संकल्पित है। मोदी सरकार ने गांव,गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे। उन्होंने झारखंड की 14 लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी को अपार बहुमत से जीत दिलाने के लिए लग जाने का आह्वान किया। मरांडी ने डोमचांच के प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण यादव सहित उनके नेतृत्व में आए संजय मेहता, शिवशंकर राय, मनोज यादव, पिंटू यादव, रामदेव मेहता, दिनेश यादव, बैजू तिवारी, प्रवीण यादव, बैजनाथ यादव, राम सुरेश यादव, नीलू देवी, ममता कुमारी, विजय कुमार, विजय कुमार, रानी कुमारी, मनोज दास, गुड़िया देवी, प्रियंका रानी, संजय मेहता सहित सदस्यता ग्रहण करने वालों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार में सबका साथ सबका विकास साकार हो रहा। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश की ऐतिहासिक प्रगति हुई है। भारत का गौरव दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

### हर विधानसभा क्षेत्र में प्रवास करें अजजा मोर्चा के पदाधिकारी : शिव शंकर

**खूंटी।** भाजपा के जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय मुंडा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा शिवशंकर उरांव ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश दिये।साथ ही कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से मोर्चा के पदाधिकारी प्रवास करें। बैठक में खूंटी विधानसभा सह संयोजक जगन्नाथ मुंडा, सरायकेला जिला अध्यक्ष संजय सरदार, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत मांझी, सुजान मुंडा, सोशल मीडिया आईटी सेल संयोजक डॉ श्रीराम कुमार मांझी, सह संयोजक अनिल बोदरा, लालसिंह सोय, रीता मुंडा, बासमती देवी, लक्ष्मी बाखला, अर्जुन पहान, अखिल भारतीय सरना समिति के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा, लीलू पाहन, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदर्शन भोगता आदि उपस्थित थे।

## जनभावनाओं का राजनीतिक दोहन कर रही झामुमो : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने चाईबासा में आयोजित सिंहभूम लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन में झामुमो पर निशाना साधा । आजसू नेता ने कहा कि साढ़े चार साल से सत्ता का सुख भोग रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनावों में जनता के सामने विकास का कोई एक उदाहरण पेश करने की स्थिति में नहीं हैं और न ही इनके पास राज्य के प्रमुख विषयों पर कई सोच अथवा स्पष्ट विचार है। लोकसभा चुनावों में करारी हार के लिए जेएमएम और कांग्रेस दोनों को तैयार रहना चाहिए। सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमिटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सिंहभूम क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। आजसू के इस सम्मेलन में सिंहभूम से एनडीए की उम्मीदवार गीता कोड़ा भी उपस्थित रही। सुदेश महतो ने कार्यकताओं को उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए साथ ही उन्होंने गीता कोड़ा के ऐतिहासिक जीत के लिए लोगों से आह्वान किया। इस अवसर पर केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचन्द्र सहिस, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष स्वप्न सिंहदेव, महासचिव हरेलाल महतो, रीना गोडसारा, रविशंकर मौर्य, सचिव सत्यनारायण महतो, प० सिंहभूम जिलाध्यक्ष रामलाल मुण्डा, सरायकेला जिलाध्यक्ष सचिन महतो, नन्दू पटेल, सुजीत गिरी, अमित महतो, जितेंद्र सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

### इंडी एलायंस की उलगुलान रैली को सफल बनाने को लेकर बैठक

## ऐतिहासिक होगी उलगुलान रैली : सुबोध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडी गठबंधन में शामिल दलों की ओर से राजधानी रांची के एचईसी परिसर स्थित प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को प्रस्तावित उलगुलान रैली की सफलता को लेकर बैठकों का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश कच्छप के नामकुम स्थित आवास पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों व कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने की। इस अवसर पर श्री सहाय ने कहा कि उलगुलान रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से झारखंड की जनता भारतीय जनविरोधी पार्टी (भाजपा) को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेगी। उन्होंने रैली को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकताओं को निर्देश दिया।वहीं, विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी



नीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी की मार से जनता त्राहिमाम कर रही है। इस बार लोकसभा चुनाव में जनता सांप्रदायिक ताकतों को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि उलगुलान रैली में जनसैलाब उमड़ेगा। बैठक में कार्यकताओं से उलगुलान रैली को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में कार्यकताओं से उलगुलान रैली को सफल बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर नामकुम प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय टोप्पो, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष एतवा उरांव, ओरमांझी प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खरवार, धुर्वा प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता चमन रजक, माधो कच्छप, राजेंद्र मुंडा, महादेव मुंडा, जीतो कच्छप, अरविंद लोहरा, मेरी तिर्की, अनीता देवी, नीलू सिंह, अर्चना मिश्रा, रीता देवी, सुरेश साहू, अंजू लकड़ा, संगीत बड़ाइक, बीजू लकड़ा, सेवान कुजूर, करमू नायक, कमिश्नर मुंडा, शफीक अंसारी, शाकिर अंसारी, फतेहुल्लाह अंसारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एकाउंटेंट हत्याकांड के मुख्य आरोपित की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी। मामले के सभी आरोपित जेल में है।

## राम का अपमान करने वालों को सनातन पर बोलने का अधिकार नहीं : आदित्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग काफी बौखलाहट में हैं। देश की जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के लोग सनातन विरोधी हैं। ये लोग समय समय पर सनातन विरोधी बात बोलकर देश के सनातन समाज की भावना को आहत को ठेस पहुंचाते एवं चिढ़ाते रहते हैं। आदित्य साहू शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि 500 वर्षो से प्रभु श्रीरामलला एक झोपड़ी में विराजमान थे। राम मंदिर निर्माण की उम्मीदों में 500 वर्षो में कितनी पीढ़ियां खप गईं। इतने वर्षों के संघर्षों के बाद एक गरीब मां का बेटा, चाय वाला का बेटा भारत मां का बेटा नरेन्द्र मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बना और रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। साहू ने कहा कि देश-दुनिया के सनातनी समाज के लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने लाखों की संख्या में प्रतिदिन जा रहे है लेकिन इंडी गठबंधन के लोगो को आमंत्रण देने के बाद भी अयोध्या रामलला का भव्य मंदिर दर्शन करने नहीं जा रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग राम मन्दिर नहीं जा सकते है। साहू ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों ने इंडी गठबंधन के लोगों को पहले भी औकात बता चुके हैं। लोकसभा चुनाव में सनातन समाज इन लोगों को फिर इनकी औकात बताने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि रांची में होने वाली इंडी गठबंधन की महारैली में मैदान भरने की इनकी ताकत नहीं है।

### न्यूज बॉक्स

#### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक और मामले में हाई कोर्ट से राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने बाबूलाल मरांडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाते हुए शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य सरकार को तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व सिमडेगा मामले में भी उन्हें हाई कोर्ट से राहत मिली थी। आरोप है कि एक निजी यूट्यूब चैनल ने सोशल मीडिया में झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो के कार्यकताओं ने राज्य के जिलों के छह थानों रामगढ़, सिमडेगा, लोहरदगा, रांची, मधुपुर, साहिबगंज में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। रामगढ़ थाने में 22 अगस्त, 2023 को कांड संख्या 196/2023 दर्ज किया गया था।

#### गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा और एक लाख का जुमार्ना




**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आठ अगस्त 2021 को सिकिदरी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सड़क पर चेकिंग की, तो पुलिस को देखकर आरोपित कार छोड़ कर भाग गया था। पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था। गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपित तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किया गया था। जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे।

#### लोहरदगा में दूसरे दिन भी किसी भी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन

**रांची।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन लोहरदगा में किसी भी दल के प्रत्याशी ने अब तक नामांकन नहीं किया है। लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि शुक्रवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा काफी पहले कर दी है, जिसमें भाजपा की ओर से समीर उरांव और कांग्रेस से सुखदेव भगत चुनावी मैदान में हैं लेकिन न तो भाजपा के उम्मीदवार और न ही कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की ओर से अभी तक नामांकन को लेकर कोई रुचि दिखाई गई है। इसके पीछे की वजह बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि वे 24 अप्रैल को नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे जबकि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत ज्योतिष परामर्श के बाद 22 अप्रैल के बाद नामांकन करेंगे।

#### झारखंड में ड्रग्स कारोबार और अफीम की खेती पर हाईकोर्ट ने जताई चिंता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में ड्रग्स के कारोबार और अफीम की खेती पर गहरी चिंता जताते हुए इसपर रोकथाम के लिए केंद्रीय एवं राज्य की एजेंसियों को संयुक्त रूप से अभियान चलाने को कहा है। राज्य के खूंटी जिले में अफीम के बड़े पैमाने पर खेती की रिपोर्ट्स पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी।




शुक्रवार को इस मामले में आगे हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर जवाब देने को कहा है कि झारखंड को ड्रग्स से कैसे मुक्त किया जा सकता है? अदालत ने इस मामले में राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, सीआईडी के डीजी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को प्रतिवादी बनाया है। अदालत ने सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा कि खूंटी जनजातीय बहुल आबादी वाला जिला है और यहां से बड़े पैमाने पर अफीम उत्पादन की खबरें आ रही हैं। यह स्थिति किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है। इस मामले में पहले हुई सुनवाई के दौरान खूंटी जिले के एसपी ने कोर्ट को बताया था कि पुलिस अफीम की खेती को नष्ट करने के लिए लगातार अभियान चला रही है। पिछले वर्ष लगभग 2200 एकड़ और इस वर्ष अब तक लगभग 1400 एकड़ भूमि में लगी अफीम की फसल की नष्ट की गई है। अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई 7 मई को मुकर्रर की है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में पहली बार...**

भी वोटिंग होती थी, लेकिन मतदाता छुप-छुप कर मत देने जाते थे, लेकिन लोकसभा चुनाव, 2024 में मतदाता सिर पूरी तरह भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन के तहत खाना परोसकर भी खिलाया। साथ ही मतदान केंद्र की कमियों को दूर करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतदान केन्द्र के निरीक्षण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**जैक 10वीं के रिजल्ट...**

और सचिव एसडी तिग्गा ने संयुक्त रूप से रिजल्ट जारी किया। झारखंड टॉपर चतरा के गिद्धौर की रहने वाली और इंदिरा गांधी विद्यालय हजारीबाग की छात्रा ज्योत्सना ज्योति को 99.2 प्रतिशत नंबर मिले हैं। सेकेंड टॉपर सना संजरी 98.6 प्रतिशत और थर्ड टॉपर करिश्मा सृष्टि सौम्या को 98.4 प्रतिशत नंबर मिले हैं। जैक 10वीं की परीक्षा छह फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित की गयी थी। इस बार बोर्ड परीक्षा में चार लाख 21 हजार 687 परीक्षार्थी शामिल हुए। बोर्ड परीक्षा को लेकर कुल 1,238 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। साल 2023 की बात करें जैक मैट्रिक की परीक्षा 14 मार्च से तीन अप्रैल तक आयोजित की गयी थी। मैट्रिक की परीक्षा के लिए 1225 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इस परीक्षा में 4.34 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

**इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट आया : अनिल महतो :** जैक अध्यक्ष डॉ. अनिल महतो ने कहा कि आम चुनाव को देखते हुए हम लोग इस बार जल्दी रिजल्ट जारी कर रहे हैं। अन्य सालों के मुकाबले इस बार 20 दिन पहले रिजल्ट हुआ है। उन्होंने कहा कि दस दिनों के अंदर 12वीं का रिजल्ट भी जारी कर दिया जायेगा। बीते साल तक मई में परिणाम जारी किए जाते थे लेकिन इस साल शेडयूल समय से पहले 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया गया।

**मुख्यमंत्री ने मैट्रिक की परीक्षा में...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परीक्षा में बेटियों का शानदार प्रदर्शन देख कर खुशी हुई, जो छात्र किसी कारणवश सफल नहीं हो पाये, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वे अभी से तैयारी में लग जायें ताकि अगली बार बेहतर परिणाम मिले।

**30 को नौसेना प्रमुख का पदभार...**

संचालन निदेशक, नई दिल्ली में प्रधान निदेशक, नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रधान निदेशक, नौसेना योजनाएं हैं। रियर एडमिरल के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया है। वाइस एडमिरल के पद पर उन्होंने प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी, एझिमाला के कमांडेंट, नौसेना संचालन के महानिदेशक, कार्मिक प्रमुख और पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया है। सैनिक स्कूल, रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, नेवल हायर कमांड कोर्स, करंजा और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज, यूएसए में नेवल कमांड कॉलेज से पाठ्यक्रम पूरा किया है।

**पहले चरण में 60 प्रतिशत से...**

पर 56.91, राजस्थान की 12 सीट पर 52.43, तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर 62.32, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.84, उत्तर प्रदेश की आठ सीटों के लिए 57.90, लक्षद्वीप की एकमात्र सीट पर 59.02, पुदुचेरी की एकमात्र सीट पर 73.37, उत्तराखंड की सभी पांच सीटों पर 53.77, पश्चिम बंगाल की तीन सीट पर 77.57, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र सीट पर 56.87 और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 65.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के लिए 68.24 प्रतिशत और सिक्किम विधानसभा के लिए 68.04 प्रतिशत मतदान हुआ है। उपचुनाव की बात की जाए तो तमिलनाडु की एक विल्वनकोड सीट पर 56.68 और त्रिपुरा की रामनगर सीट पर 67.81 प्रतिशत मतदान हुआ है। उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप सहित 10 राज्यों ने अपनी मतदान प्रक्रिया पूरी कर ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों- ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के नेतृत्व में आयोग ने निर्वाचन सदन में सभी निर्वाचन क्षेत्रों में पहले चरण में मतदान की प्रगति की लगातार निगरानी की। इस उद्देश्य के लिए मुख्यालय में एक अत्याधुनिक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया था। राज्य व जिला स्तर पर भी ऐसे ही नियंत्रण कक्ष बनाये गये थे। चुनाव आयोग के अनुसार आज मतदान केंद्रों के दृश्यों में समावेशी चुनाव सुनिश्चित करने के प्रयासों के सफल परिणाम देखने को मिले। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने की खुशी से झूमते हुए देश भर के मतदान केंद्रों पर आए। दक्षिण अंडमान में स्ट्रेट द्वीप से ग्रेट अंडमानी जनजाति ने भी उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया। लोकसभा चुनाव में बस्तर के 56 गांवों के लोगों ने पहली बार अपने ही गांव में बने मतदान केंद्र पर वोट डाला। गढ़चिरौली चिमुर, महाराष्ट्र से एक अन्य उदाहरण में, हेमलकसा बूथ पर स्थानीय जनजातीय बोली का उपयोग किया गया था, जिसमें सभी प्रासंगिक जानकारी शामिल थी। बिहार के बोधगया में बौद्ध भिक्षुओं को मुस्कुराते हुए और अपनी उंगलियों पर गर्व का प्रदर्शन करते हुए देखा गया।

**कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में भाजपा व टीएमसी के बीच झड़प :** पश्चिम बंगाल और मणिपुर में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान काफी हद तक शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से जारी है। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में कुछ स्थानों पर भाजपा और टीएमसी के कार्यकताओं के बीच हिंसक छड़पें और उनके कार्यालयों में तोड़फोड़ होने की सूचना है। उधर, पूर्वोत्तर के मणिपुर के मैरांग केंद्र पर गोलीबारी की घटना हुई। यहां दो गुटों के बीच यह टकराव हुआ लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, इस टकराव के कारण यहां एक घंटे तक मतदान रोकना पड़ा। छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में भी छिटपुट घटनाओं के छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। हालांकि बीजापुर के गलकम के मतदान केंद्र के बाहरी इलाके में यूबीजीएल सेल विस्फोट की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी जवान देवेन्द्र कुमार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में बीजापुर के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के चेहका मतदान केंद्र के पास सर्चिंग के दौरान आईईडी विस्फोट से सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट मनु एचसी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें रायपुर के नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। आयोग ने मतदान को सुखद और यादगार अनुभव में बदलने पर विशेष जोर दिया था। पानी, शेड, शौचालय, रैंप, सहयोगी कार्यकर्ता, व्हीलचेयर और बिजली जैसी सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं मौजूद हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों सहित प्रत्येक मतदाता आसानी से अपना वोट डाल सकें। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए थे। आयोग की ओर से 41 हेलीकॉप्टर, 84 विशेष ट्रेन और करीब एक लाख चार पहिया वाहन तैनात किए गए थे।

**चुनाव में कहीं से हिंसा की...**

है, लेकिन वो मतदान के दिन तक 18 साल के हो जाएंगे। इसलिए चुनाव आयोग के मुताबिक, करीब 5 से 6 लाख युवा मतदाता और भी जुड़ सकते हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए युवा मतदाता के आंकड़ों में 20 से 29 साल के मतदाताओं की संख्या 19.74 करोड़ है। साथ ही 18 से 19 साल की महिला मतदाता की संख्या इस बार 85.3 लाख है।



## दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला ने नागपुर में डाला वोट

**नागपुर ।** नागपुर में दुनिया की सबसे छोटे कद की महिला ज्योति आम्गे ने मतदान केंद्र पहुंचकर वोट डाला। जब वह मतदान केंद्र पहुंची तो लाइन में खड़े सभी मतदाता उसकी तरफ देखने लगे, उनके चेहरे पर मुस्कान आ गई।



# लंदन से वोट डालने अनूपपुर आई छात्रा

**अनूपपुर ।** मध्य प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में पहले चरण में हो रहे मतदान के दौरान लोकतंत्र के रोचक रंग देखने को मिल रहे हैं। मताधिकार के प्रति जागरुकता का एक स्वरुप शहडोल संसदीय क्षेत्र के अनूपपुर में देखने को मिला। लंदन में पढ़ रही छात्रा श्रद्धा बियानी अपने मताधिकार का उपयोग करने अपने घर आ गई। अनूपपुर की श्रद्धा बियानी वर्तमान में यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन में पढ़ाई कर रही है। उसने भारत आकर अपने परिवार की तीन पीढ़ियों संग मतदान केंद्र-84 में मतदान किया और सभी मतदाताओं से वोट करने की अपील की। राज्य के छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, शहडोल, सीधी व जबलपुर में पहले चरण में मतदान हो रहा है।



मुजफ्फरनगर में वोट डालने पहुंची एक बुजुर्ग मतदाता की सहायता करता युवक।



अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाई।



अगरतला में बच्ची के साथ वोट देने पहुंची महिला।

## राजस्थान सीएम ने डाला वोट कहा-बीजेपी दोहराएगी इतिहास

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शुक्रवार को जयपुर के नवोदय महिला शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय जगतपुरा में मतदान करने पहुंचे और उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान विश्वास जताया कि इस बार भी बीजेपी इस सीट पर जीत का परचम लहराएगी। वह अपने पत्नी और बेटे के साथ मतदान करने पहुंचे। मतदान के बाद उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे के साथ सेल्फी ली।



गया में वोट डालने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते लोग।



डीएमके नेता कनिमोझी ने चेन्नई में वोट डालने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की।



त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने वोट डालने के बाद अपनी स्याही लगी उंगली दिखा लोगों को प्रेरित किया।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस ने नागपुर में अपनी पत्नी के साथ वोट डाला और स्याही लगी उंगली दिखा लोगों को प्रेरित किया।



सुपर स्टार रजनीकांत ने शुक्रवार को चेन्नई के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।



## योग गुरु बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने हरिद्वार में किया मतदान

हरिद्वार । लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान जारी है। इस बीच, योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने भी कनखल के दादूबाग में बने पोलिंग बूथ पर मतदान किया। उन्होंने लोगों से भी मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पावन मौके पर सभी लोगों को अपने व्यस्त समय से कुछ समय निकालकर मतदान केंद्रों पर मत डालने पहुंचना चाहिए, ताकि इस पर्व को सार्थक बनाया जा सके। मीडिया से बातचीत के दौरान स्वामी रामदेव ने कहा, 'भारत को आर्थिक, शिक्षा, चिकित्सा और सांस्कृतिक गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए उन्होंने वोट दिया है।



राजस्थान की डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने जयपुर के एक बूथ में किया मतदान।



कांग्रेस सांसद और जोरहाट सीट से उम्मीदवार गौरव गोगोई ने डाला वोट। मतदान के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते गौरव।



उधमपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डालने के बाद एक नवविवाहित जोड़ा अमित स्याही से लगी अपनी उंगलियां दिखाते हुए।



भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी और उनकी पत्नी सीमा नकवी ने रामपुर के शंकरपुर दनियापुर में मतदान किया।

## बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अपने गांव पहुंचकर मतदान किया

पटना । बिहार में शुक्रवार को पहले चरण में चार लोकसभा सीटों औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई में मतदान हुआ। बिहार भाजपा अध्यक्ष और राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने गांव पहुंचकर मतदान किया। उपमुख्यमंत्री चौधरी जमुई लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत अपने गृह क्षेत्र तारापुर के लखनपुर गांव पहुंचे और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की जड़ें मजबूत और जीवंत रहे, इसलिए मतदान जरूरी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि जमुई क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी लोजपा (रामविलास) के नेता अरुण भारती का मुख्य मुकाबला महागठबंधन की प्रत्याशी राजद की अर्चना रविदास से है।



औरंगाबाद: वोट डालने के बाद एक स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती युवती।

## आज का राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। व्यवसाय में आपको किसी बड़ी धनराशि को उधार देने से बचना होगा। आपका मन किसी काम की योजनाओं को बनाने के लिए रहेगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपनी अच्छी सोच को बनाए रखें जो कार्यक्षेत्र में आपके खूब काम आएगी। आपको किसी चोट चपेट आदि के लगने की संभावना है, इसलिए यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं, तो आप उसे स्थगित कर दें।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए किसी वाद विवाद से दूर रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपका मूड किसी बात को लेकर थोड़ा परेशान रहेगा, जिस कारण आपकी जीवनसाथी से भी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको किसी बात के लिए झूठा साबित किया जा सकता है, जिसमें आप अपनी बात अपने अधिकारियों के सामने अवश्य रखें।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। व्यवसाय में आपको कोई बड़ा लाभ मिलने वाला है। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी मुलाकात होगी। आप किसी नई सौदे को लेकर समझौता कर सकते हैं। आप यदि कोई डिसीजन ले, तो उसमें बच्चों के मन की बात अवश्य जानें।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार में मधुरता बनाए रखने के लिए रहेगा, तभी आप लोगों से अपने काम आसानी से निकलवा पाएंगे। आपको परिवार में किसी सदस्य की कही बात बुरी लग सकती है, लेकिन आप अपने आर्थिक मामलों में आज किसी पर भरोसा ना करें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए व्यवसाय के मामले में कुछ उलझनें लेकर आएगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं और परिवार में किसी नए सदस्य का आगमन हो सकता है। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोग अभी पुरानी में ही टिके रहे, तो उनके लिए बेहतर रहेगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आप किसी आर्थिक मदद को लेकर अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। आप अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे, जो जातक सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े हैं, उन्हें अपने कामों को बढ़ावा देना होगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है और आप अपने घर को बनवाने की शुरूआत कर सकते हैं। माता-पिता की सेवा में आप व्यस्त रहेंगे। आर्थिक समस्याओं से आपको निजात मिलेगी और आप अपने लेनदेन से संबंधित मामलों में स्पष्टता बनाए रखें।

**धनु** — धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन किसी नए काम की शुरूआत करने के लिए अच्छा रहेगा। यदि आप किसी बड़े निवेश को करने की तैयारी कर रहे हैं, तो उसमें आपको कोई नुकसान उठाना पड़ सकता है। परिवार में किसी बात को लेकर यदि मतभेद चल रहे थे, तो वह भी दूर होंगे।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको किसी विशेष व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा और यदि आप किसी ससुराल पक्ष के व्यक्ति को धन उधार देंगे, तो उससे आपके आपसी रिश्तों में दरार पैदा हो सकती है। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

**कुम्भ** — कुंभ राशि के जातकों के लिए दिन अधिक लंबे समय से रुके हुए कामों का पूरा करने के लिए रहेगा।किसी विशेष व्यक्ति से आपको मिलने का मौका मिलेगा। यदि आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक आदि पर जाने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो उसमें अपने कीमती सामानों के सुरक्षा अवश्य करें आपके आसपास कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपके परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है और आप अपने किसी मन की इच्छा की पूर्ति को लेकर किसी तीर्थ यात्रा पर जा सकते हैं। आपका यदि धन को डूबा हुआ था, तो वह भी आपके हाथ लग सकता है, लेकिन आप अपने खर्चो पर रोक लगाएं।



देहरादून के मंडी माजरा के बूथ में कांग्रेसी नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मतदान किया।



जयपुर के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली के साथ सेल्फी लेता एक जोड़ा।



जयपुर के एक बूथ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने वोट डाला।



मुरादाबाद के एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद प्रसन्न मुद्रा में महिला मतदाता।



कोयंबटूर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के अन्नामलाई ने उथुप्पट्टी, करूर के एक बूथ में किया मतदान।

# गूगल ने लोकसभा चुनाव के लिए बनाया डूडल, स्याही के साथ दिखाया इंडेक्स फिंगर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंटरनेट सर्च इंजन और बहुराष्ट्रीय अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए डूडल जारी किया है। इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने शुक्रवार को भारत में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होते ही अपना लोगो बदल लिया। गूगल के होमपेज पर वोटिंग के पहले लगाई जाने वाली स्याही के साथ इंडेक्स फिंगर को ऊपर की ओर दिखाया है, जो भारतीय लोकतंत्र को दिखाती है।




### क्या होता है गूगल का डूडल

गूगल का डूडल उसके होमपेज पर दिखता है। गूगल का डूडल एक वैकल्पिक लोगो है। यह सर्च इंजन गूगल के होमपेज पर नजर आता है। गूगल का डूडल अक्सर किसी त्योहार या छुट्टी वाले दिन ही नजर आता है। इसके अलावा गूगल किसी के योगदान को दिखाने के लिए उसके जन्म-दिन और मृत्यु दिवस के दिन यह पेश करता है। उल्लेखनीय है कि देश में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 को सात चरणों में आयोजित किया गया है। इस चुनाव में मतदाता 543 सांसदों को अपने मताधिकार के जरिए चुनेंगे। 4 जून, 2024 को चुनावों का परिणाम आएगा।



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी और उनके परिजनों ने खटीमा में किया मतदान।



मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा ने वेस्ट गारो हिल्स जिले में मतदान किया।